राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 04 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 271, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जमीन हड़पने की बड़ी साजिश बेनकाब, मोहनलालगंज पुलिस ने रची गिरफ्तारी की पटकथा....03

अठारह बांग्लादेशी नागरिकों को दक्षिण जिला एटीएस ने पकड़कर बांग्लादेश वापस भेजा...12

# कांवड़ यात्रा को लेकर यूपी में आदेश, ढाबों को बताना होगा मालिक का नाम


**प्रयागराज।** आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र मेरठ जिला प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सभी भोजनालयों और खाने-पीने के स्थानों को लेकर अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब इन सभी स्थलों पर त्त्क्र कोड के माध्यम से मालिक की जानकारी और रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदर्शित करना अनिवार्य कर दिया गया है। मालिकों का नाम बताना पिछले साल भी अनिवार्य किया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। उस समय यूपी के अलावा उत्तराखंड सरकार ने भी इसी तरह का आदेश जारी किया था। इस मामले में फिर विवाद बढ़ने के आसार हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गया है कि हर भोजनालय के पास वैध खाद्य सुरक्षा पंजीकरण प्रमाणपत्र हो, जिसमें मालिक का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज हो। साथ ही, हर भोजनालय को एक QR कोड लगाना होगा, जिसे स्कैन कर कांवड़ यात्री उस स्थान के मालिक और लाइसेंस की जानकारी देख सकें।

मेरठ के डिविजनल कमिश्नर ऋषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि "कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों को अपने खाद्य पदार्थों की सूची और उनके मूल्य स्पष्ट रूप से बाहर प्रदर्शित करने होंगे, ताकि कांवड़ियों से कोई अधिक शुल्क न वसूला जा सके और वे पारदर्शी रूप से भोजनालय का चुनाव कर सकें।" डॉ. यशोद ने कहा कि "इसका मकसद यह तय करना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो।÷ प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 की धारा 55 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें ?2 लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

पिछले साल भी इस तरह के आदेश की शुरुआत मुजफ्फरनगर और उत्तराखंड में हरिद्वार से हुई थी। उस समय ऐसा निर्देश मुजफ्फरनगर पुलिस के जरिए सामने आया था। इन पर विवाद होने के बाद योगी सरकार ने पूरे यूपी में ही काँवड़ यात्रा मार्ग की दुकानों व रेहड़ियों के लिए ऐसा निर्देश जारी कर दिया था। इन निर्देशों को चुनौती देते हुए प्रोफेसर अपूर्वानंद सहित कई लोगों ने याचिकाएं दायर की थीं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने निर्देशों के पीछे के तर्कसंगत संबंध पर सवाल उठाया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के आदेश पर यूपी और उत्तराखंड में रोक लगा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया था कि केवल पुलिस के निर्देशों के आधार पर मालिकों के नाम प्रदर्शित करना वैध नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि ऐसे आदेश केवल खाद्य सुरक्षा अधिनियम या स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के तहत ही दिए जा सकते हैं और रेस्टोरेंट को केवल यह बताना चाहिए कि वे किस प्रकार का भोजन परोसते हैं – शाकाहारी या मांसाहारी। इसीलिए इस बार आदेश को खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जोड़कर जारी किया गया है।

कांवड़ यात्रा हर साल सावन मास में भगवान शिव के भक्तों द्वारा गंगा से पवित्र जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाने की परंपरा है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु मेरठ, मुज़फ्फरनगर, हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं। वहीं, उत्तराखंड में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने यात्रा के दौरान शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष कार्ययोजना लागू करने के निर्देश दिए हैं।




भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कांवड़ यात्रा के दौरान बजने वाले डीजे और गानों पर सख्त आपत्ति की है। टिकैत ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी धर्म के खिलाफ गाने न बजाए जाएं। टिकैत ने कहा कि डीजे पर एकदम से रोक लगना चाहिए। क्योंकि इससे कई बार हादसे हुए हैं। डीजे की तेज आवाज से बीमार लोगों को परेशानी होती है। नरेश टिकैत के इस बयान पर हिन्दू संगठन आपत्ति जता रहे हैं।

दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कांवड़ मार्ग पर ढाबा मालिकों से उनके धर्म की पुष्टि के लिए पैंट खोलने को कहने की कुछ मीडिया रिपोर्टों पर ढ्ढस्ह्रह्रप्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "मुजफ्फरनगर राजमार्ग के पास कई होटल कई सालों से चल रहे हैं। मैं यह समझने में विफल हूं कि 10 साल पहले इन जगहों पर कोई समस्या क्यों नहीं थी। यहां कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक कैसे निकाली गई? यह सब अभी क्यों हो रहा है? ये निगरानी समूह कौन हैं जो होटल मालिकों से पैंट खोलने को कह रहे हैं? क्या वे सरकार चला रहे हैं, या प्रशासन सरकार चला रहा है? पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए...।"

सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार के आदेश पर रोक लगने के बाद मार्च 2025 में मुख्यमंत्री ने एक बैठक बुलाकर नए आदेश जारी किए। जिसमें फिर से भोजनालयों के बाहर मालिक-मैनेजर के नाम देने का आदेश दिया था। यूपी सरकार के अधिकांश फैसले जिस तरह आए हैं, उस पर सवाल उठ रहे हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान इससे मिलते-जुलते आदेश पर काफी हंगामा हुआ था। क्योंकि इसके जरिए समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट किया गया था। इसी तरह योगी सरकार के बुलडोजर न्याय पर भी सवाल उठे। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर न्याय पर रोक लगा दी। योगी आदित्यनाथ ने ही खास समुदाय के लोगों के मकानों-दुकानों पर बुलडोजर चलाने की पहल की थी। मात्र किसी समुदाय विशेष के व्यक्ति पर एफआईआर होते ही उसकी संपत्ति पर बुलडोजर चला दिया जाता था। योगी की इस विवादित कार्रवाई को कई अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपना लिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया आदेश में कहा था कि कोई मात्र आरोपी हो, ऐसे में उसकी संपत्ति पर बुलडोजर कैसे चलाया जा सकता है।

# 12 वीं के छात्र को फाइव स्टार होटल ले गई अंग्रेजी की टीचर, पहले पिलाई शराब और फिर यौन शोषण

**प्रयागराज।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से सामाजिक ताने-बाने को तार-तार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां मुंबई पुलिस ने एक प्रसिद्ध स्कूल की चालीस वर्षीय महिला टीचर को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया। महिला टीचर पर आरोप है कि वह स्कूल में 12 वीं क्लास में पढ़ने वाले एक लड़के का पिछले साल जनवरी से यौन उत्पीड़न कर रही है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस पूरे मामले में टीचर के एक दोस्त को भी आरोपी बनाया गया है।




यह मामला उस समय सामने आया जब 16 साल के छात्र के माता - पिता ने उसके बर्ताव में बदलाव महसूस किया। उन्होंने अपने बेटे से इस मसले पर खुलकर बात करने के लिए कहा, जिसके बाद उसने पूरा घटनाक्रम बताया। पुलिस सूत्रों द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस को बताया गया कि जिस महिला टीचर पर लड़के का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है, वह स्कूल में अंग्रेजी पढ़ाती है और उसके दो बच्चे हैं।

मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि महिला टीचर ने दिसंबर 2023 में लड़के को स्कूल के एनुअल डे फंक्शन में नोटिस किया। इसके बाद वह छात्र के करीब जाने की कोशिश करने लगी लेकिन लड़के ने उससे दूरी बना ली। इसके बाद महिला टीचर ने कथित तौर पर अपने एक दोस्त की मदद ली, जिसने लड़के से संपर्क किया। टीचर के इसी दोस्त ने लड़के को विश्वास में लिया और यह भरोसा दिलाया कि टीनेज लड़कों का बड़ी उम्र की महिलाओं के साथ रिलेशन रखना कोई असामान्य बात नहीं है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि टीचर के इसी दोस्त ने छात्र को उससे मिलने के लिए राजी किया। इसके बाद महिला टीचर लड़के को अपनी कार में सुनसान जगह पर ले गई और उसका यौन उत्पीड़न किया। इस घटना से लड़का सदमे में आ गया और उसका मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ गया। उन्होंने यह भी बताया कि हालांकि महिला टीचर इससे नहीं रुकी और लड़के को अपने साथ साउथ मुंबई और वेस्टर्न सबअर्ब के फाइव स्टार होटलों में ले गई। यहां उसने लड़के का यौन उत्पीड़न करने से पहले उसे शराब पिलाई।

एक अन्य पुलिस सूत्र ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि जब छात्र ने अपने माता - पिता को यह पूरा घटनाक्रम बताया तो उन्होंने कोई भी बड़ी एक्शन न लेने का फैसला किया क्योंकि वह बोर्ड परीक्षाओं के बाद स्कूल छोड़ने वाला था। हालांकि छात्र बोर्ड एग्जाम क्लीयर करने और स्कूल छोड़ने के बाद डिप्रेशन में चला गया। जब छात्र के अभिभावकों को यह पता चला कि महिला टीचर अपने अपने नौकरों के जरिए उससे फिर से संपर्क करने की कोशिश कर रही है तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया।

छात्र के परिजनों की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने महिला टीचर के खिलाफ शिकायत दर्ज कर उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसपर BNS से संबंधित धाराओं के अलावा POCSO एक्ट और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत भी केस दर्द किया गया है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या महिला टीचर ने स्कूल में किसी अन्य स्टूडेंट को भी अपने शिकार बनाया है।

अप्रैल महीने में गुजरात में भी ऐसा मामला सामने आया था, जब एक ट्यूशन टीचर अपने 13 साल के छात्र के साथ भाग गई थी। वह स्टूडेंट को लेकर वडोदरा, अहमदाबाद, जयपुर, वृंदावन और दिल्ली घूमती रही। इस दौरान टीचर ने लड़के के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे, जिससे वह गर्भवती हो गई। उसे राजस्थान-गुजरात बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। पकड़े जाने बाद उसने कोर्ट में गर्भपात के लिए याचिका दायर की थी। इस घटना ने भी महिलाओं की ओर से की जाने वाली सेक्सुअल क्राइम पर बहस छेड़ दी थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अंतर्जनपदीय दो चोर गिरफ्तार, चोरी की बैटरियां और नकदी बरामद

**तीसरे चोर की तलाश में लगी पुलिस**



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय चोरी की वारदातों में लिप्त दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से ई-रिक्शा की चोरी की गई बैटरियां, 6500 रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार व एक चौपहिया वाहन बरामद हुआ है।गिरफ्तार आरोपियों में एक प्रतापगढ़ जनपद के उदयपुर उच्छापुर गांव निवासी प्रवीण सिंह और दूसरा जिले के सांगीपुर थाना क्षेत्र के नेवडीया गांव निवासी अहमद हुसैन है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे रात में घूम घूम कर ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करते थे। वे वाहनों के लॉक तोड़ने के लिए लॉक कटर का इस्तेमाल करते थे। दोनों ने बताया कि चोरी में उनके साथ उदयपुर थाना क्षेत्र का एक अन्य व्यक्ति शिव भी शामिल रहता था। पुलिस के मुताबिक 20 जून की रात इन चोरों ने कस्बे में चार जगहों पर बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी की गई बैटरियों को चौपहिया वाहन के जरिए उन्नाव बेचने ले जाया जा रहा था, तभी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। उनके तीसरे फरार साथी की तलाश की जा रही है।

### सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा,यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन

**चुनार मिर्जापुर।** नगर स्थित राजरतन लॉन में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रीमद् भागवत गीता कथा एवं भक्ति यज्ञ का सप्त दिवसीय आयोजन 3 जुलाई से 9 जुलाई तक किया गया है। 10 जुलाई को सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है।


# बीजेपी एमएलसी के फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर फंड से ट्रांसफर कर लिए 3.20 करोड़ रुपये

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। भाजपा एमएलसी प्रसाद लाड के फर्जी हस्ताक्षर और लेटरहेड का उपयोग करके एमएलसी फंड से अवैध ट्रांसफर का मामला सामने आया है। इसके बाद महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे ने बुधवार को राज्य प्रशासन को निर्देश दिया कि विधायकों के फर्जी हस्ताक्षर और लेटरहेड का उपयोग करके एमएलसी फंड के अवैध हस्तांतरण के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। भाजपा एमएलसी प्रसाद लाड ने इस मुद्दे को उठाया था।

प्रसाद लाड ने कथित तौर पर अवैध तरीके से उनकी सहमति के बिना उनके एमएलसी फंड से 3.20 करोड़ रुपये के ट्रांसफर के बारे में जानकारी का मुद्दा उठाया। प्रसाद लाड ने बताया, ÷मुझे रत्नागिरी कलेक्टर के घर से एक कॉल आया जिसमें बीड जिले से मेरे लेटरहेड पर 36 कार्यों की सूची के बारे में एक पत्र था, जिसके लिए विधायक निधि से 3.20 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। लेकिन मैंने कभी पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, न ही मेरा लेटरहेड किसी को दिया गया था।"

प्रसाद लाड ने मांग करते हुए कहा, "पुलिस ने इस मामले में अपराधियों की पहचान कर ली है। आरोपी चाहे किसी भी पार्टी से जुड़े हों, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। टेलीफोन पर एआई के जरिए मेरी आवाज का भी इस्तेमाल किया गया।



इस तरह की फंड चोरी को रोकने के लिए राज्य सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। सभी दलों के विधायकों ने कहा कि वे सभी इस तरह के प्रयासों का सामना कर चुके हैं और हर गुजरते दिन के साथ ये प्रयास बढ़ते जा रहे हैं। अध्यक्ष राम शिंदे ने कहा, "जब मैं मंत्री था, तब भी मुझे इस तरह के प्रयासों का सामना करना पड़ा था। उमा खापरे, निरंजन दावखरे जैसे अन्य विधायकों को भी इसका सामना करना पड़ा है। हमने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और पैसे का ट्रांसफर रोक दिया गया।" अध्यक्ष राम शिंदे ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार को इस तरह की चोरी को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, "हमने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं। हमें उम्मीद है कि आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस मुद्दे पर कोई नीतिगत निर्णय होना चाहिए। तकनीकी पहलुओं को ठीक करने की जरूरत है और राज्य सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।"

## कांवड़ यात्रा को लेकर तीन दिन में कार्य पूरा करने का ईओ ने दिया निर्देश



**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने ईओ जी लाल से आगामी कांवड़ यात्रा की सारी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है।इसी निर्देश के क्रम में ईओ जी लाल ने कांवड़ यात्रा की तैयारियां को देखते हुये कई जगहों पर स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने महुवरिया रोड पर पेड़ो को छंटाई,साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा मार्गो पर बैरिकेटिंग, साफ-सफ़ाई, पेयजलापूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं को तीन दिन में दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग करने, सफाई नायको को कांवड़ यात्रा वाले मार्गो और घाटों पर विशेष ध्यान देने के लिये निर्देशित किया है।निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर ईओ ने वेतन भी रोकने का आदेश दिया है।

# सोनभद्र के जुगैल टोला जोरबा में दो महीने से बिजली गुल, ग्रामीण परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र,** उत्तर प्रदेश सोनभद्र जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र जुगैल ग्राम पंचायत के जोरबा टोला में बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। पिछले दो महीने से अधिक समय से जोरबा गांव के ग्रामीण बिजली से वंचित हैं, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गांव का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे 25 से अधिक घरों में बिजली नहीं आ रही है। समाजसेवी नवाज शरीफ ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में अंधेरा छाया हुआ है। इस समय बारिश का मौसम होने के कारण रात के समय जहरीले जानवरों का खतरा बना रहता है, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को बदलने या मरम्मत करने की कोई पहल नहीं की है। नवाज शरीफ ने आगे कहा कि जहां एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं मुहैया कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



बिजली विभाग की निष्क्रियता से नाराज ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ 'बिजली विभाग मुर्दाबाद' के नारे लगाए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जय किसुन, शिवनाथ खरवार, देवमणी सोनी, शांती देवी, कैश्लया खरवार, शिवमुरत, राजकुमारी, धनराजी सिंह, अति, शिवम सोनी, विजय खरवार, धनुर्धारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# राहुल गांधी ने खाद की कमी का मुद्दा उठाया, कहा- संकट से जूझ रहे हैं किसान, सरकार की कोई तैयारी नहीं

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी खाद की बोरियों पर अपनी फोटो छपवा रहे हैं और दूसरी तरफ किसान 'मेड इन चाइना' पर आश्रित होते जा रहे हैं। उन्होंने कह कि यह आपूर्ति कभी भी रुक सकती है, ये पता होने के बावजूद सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि चीन द्वारा 'स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर' की आपूर्ति रोके जाने के कारण यूरिया और डीएपी जैसे जरूरी खाद की कमी से देश के किसान जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार की कोई तैयारी नहीं है।

राहुल गांधी ने मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, ''भारत कृषि प्रधान देश है और किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ (हैं)। लेकिन आज यही रीढ़ विदेशी निर्भरता के कारण झुकती जा रही है। भारत 80 प्रतिशत 'स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर' चीन से मंगाता है और अब चीन ने आपूर्ति रोक दी है।''



नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''यह पहली बार नहीं है कि यूरिया और डीएपी जैसे जरूरी खादों की कमी से देश भर का किसान अब तक जूझ ही रहा है कि अब स्पेशियलिटी खाद का 'चीनी संकट' मंडराने लगा।'' उन्होंने दावा किया कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी खाद की बोरियों पर अपनी तस्वीरें छपवा रहे हैं और दूसरी तरफ किसान 'मेड इन चाइना' पर आश्रित होते जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, ''यह आपूर्ति कभी भी रुक सकती है, ये पता होने के बावजूद सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। जब घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने की जरूरत थी, उन्होंने कोई नीति, कोई योजना नहीं बनाई।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या अब किसान अपनी मिट्टी में भी दूसरों का मोहताज रहेगा? कीमती वक्त और अच्छी फसल का नुकसान झेलता, कर्ज और हताशा में डूबता किसान पूछ रहा है कि किसका साथ, किसका विकास?''

# सिरौली पुरवा में खराब पड़ा सरकारी नल, पेयजल का संकट



स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद सीतापुर** विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत सिरौली के सिरौली पुरवा गांव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में रामसागर और कमलेश के घर के पास स्थित सरकारी नल बीते तीन दिनों से खराब पड़ा है, जिससे आसपास के एक दर्जन से अधिक परिवारों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण वीरेंद्र के अनुसार नल की खराबी की सूचना ग्राम पंचायत के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गर्मी के इस दौर में जब पानी की आवश्यकता सबसे अधिक होती है, उस समय पेयजल व्यवस्था का ठप होना ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। गांव की महिलाएं और बुजुर्ग खासे परेशान हैं और उन्हें दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द खराब नल की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से मिलकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों की इस बुनियादी समस्या पर जिम्मेदारों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या की सुध लेता है।

## अकीदत के साथ निकला मोहर्रम की सातवीं का जुलूस

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में बृहस्पतिवार को मोहर्रम की सातवीं का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सुरक्षा को देखते हुए पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस की शुरुआत चिकमंडी स्थित इमाम चौक से हुई। ताजियादार गुलाम अली की अगुवाई में जुलुस चिकमंडी से कर्बला, बेहटा चौराहा, गांधी चौराहा, तिकोना पार्क, गुरबक्शगंज चौराहा, सराफा मंडी होते हुए चिकमंडी के इमाम चौक पर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान या हुसैन की सदाओं के बीच युवाओं ने करतब भी दिखाए। ताजियेदारों की अगुवाई में श्रद्धालु जुलूस के साथ चल रहे थे। इस अवसर पर मोहम्मद सलीम उर्फ पप्पू बिट्टन, शानू, डॉ. राजू, सभासद पप्पू, गुलाम हुसैन, अबरार, मोहम्मद अफजल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कादरी मस्जिद के मौलाना शाहिद रजा ने बताया कि मोहर्रम के नवीं का जुलूस शनिवार को निकलेगा। रविवार को पूरे अकीदत के साथ दसवीं का निकलेगा।


## संक्षिप्त खबरें

### बसपा की सरकार बनने पर फिर शुरू होंगे मर्ज किये गये विद्यालय - अनिल कुमार गौतम



**बस्ती।** बस्ती जिले में बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के एक्स एकाउन्ट पर विद्यालयों को मर्ज किये जाने सम्बंधित टिप्पणी की जानकारी देते हुये बताया कि स्कूल बंद हुये तो गरीब बच्चों की शिक्षा बाधित हो जायेगी। सुश्री मायावती ने एक्स एकाउन्ट पर कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के युग्मन,एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी एवं गरीब-विरोधी प्रतीत होता है। सरकार से अपील है कि वह अपना युग्मन, एकीकरण का यह फैसला गरीब छात्र-छात्राओं के व्यापक हित में तुरन्त वापस ले। यदि सरकार अपना यह फैसला वापस नहीं लेती है तो फिर हमारी पार्टी इनके सभी माता-पिता व अभिभावकों को यह विश्वास दिलाना चाहती है कि हमारी पार्टी बी.एस.पी. की सरकार बनने पर फिर इस फैसले को रद्द करके पुनः यहाँ प्रदेश में पुरानी व्यवस्था बहाल की जायेगी। वैसे उम्मीद है कि यूपी सरकार गरीबों व आमजन की शिक्षा के व्यापक हित के मद्दनजर अपने इस फैसले को बदलने के बारे में जरूर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

### संघर्ष और सफलता की मिसाल बनी पल्लवी पांडेय, बनीं मुख्य सेविका



**लंभुआ (सुलतानपुर)।** पांडेयपुर गांव की रहने वाली पल्लवी पांडेय ने मेहनत और लगन से सफलता की एक नई कहानी लिखी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की मुख्य सेविका (सुपरवाइजर) पद की परीक्षा में पल्लवी ने सफलता हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पल्लवी, सेवानिवृत्त प्रवक्ता राम अकबाल पांडेय की पुत्री हैं। उनका चयन होने की सूचना मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। पल्लवी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त की, जबकि इंटरमीडिएट श्री दामोदर इंटर कॉलेज से किया। स्नातक की पढ़ाई उन्होंने भदैया स्थित बीडीडीबी महिला महाविद्यालय से 2012 में पूरी की। इसके बाद 2014 में बीएड की डिग्री छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से हासिल की। इतना ही नहीं, पल्लवी ने वर्ष 2016 में राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर से संस्कृत विषय में परास्नातक भी किया। छह भाई-बहनों में पल्लवी ने लगातार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लिया और आखिरकार मेहनत रंग लाई। अब वे मुख्य सेविका के रूप में सेवा देने को तैयार हैं।

### विकासखंड बहादुरपुर में नवगत खंड विकास अधिकारी घीसम प्रसाद ने संभाला कार्यभार

**बस्ती।** बस्ती जनपद के विकासखंड बहादुरपुर में आज नवागत खंड विकास अधिकारी घीसम प्रसाद ने कार्यभार ग्रहण करते हुए अपने कार्यालय में उपस्थित हुए जिसके क्रम में ए.डी.ओ .पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी, ए.डी.ओ. आईएसबी एवं ग्राम विकास अधिकारियों सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारियों द्वारा नवागत खंड विकास अधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सभी कर्मचारी बैठकर विकासखंड बहादुरपुर के विकास की समस्त कार्य योजनाओं को तेजी से विकसित करने पर चर्चा पर चर्चा करते हुए दिखाई पड़े किसी के क्रम में विकासखंड बहादुरपुर के समस्त कर्मचारियों ने अपने नवजात खंड विकास अधिकारी को अपना-अपना परिचय देते हुए विकासखंड बहादुरपुर के सर्वांगीण विकास में साथ देने का संकल्प दोहराया जिम योगेंद्र द्विवेदी रवि प्रकाश पांडे शीतला प्रसाद यादव राघवेंद्र सिंह फिरोज खान, सीमा मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे विकासखंड बहादुरपुर के सभी कर्मचारियों ने अपने खंड विकास अधिकारी को पूरी निष्ठा और लगन से विकासखंड बहादुरपुर का विकास करने का वचन दिया जिसके क्रम में विकासखंड बहादुरपुर के समस्त ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ रही है की नवागढ़ खंड विकास अधिकारी के निर्देशन में विकासखंड बहादुरपुर का संपूर्ण विकास होगा।

# मामूली विवाद में जानलेवा हमला, परिवार के कई लोग घायल, आजाद घूम रहे आरोपी

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस अपराधियों को खुली छूट दे रखी है दबंगों द्वारा कभी जमीन कब्जा लेकर हत्या हो रही है कभी जमीन को लेकर मारपीट घायल किया जा रहा है पुलिस मुख्य दर्शक बनी रहती है बस्ती जनपद में राजा सी और पुलिस की मिली भगत से जनपद में हो रही हत्याएं मारपीट की घटनाओं की बाढ़ आ गई है पुलिस निष्क्रिय साबित हो रही है जनपद में पुलिस और राजस्व विभाग अगर समय रहते हुए उचित कार्रवाई की जाए तो घटना नहीं हो सकती है लेकिन पुलिस की मिली भगत से ज्यादातर घटनाएं हो रही हैं जमीनी मामले में पुलिस को केवल रोक लगानी चाहिए लेकिन पुलिस बटवारा करवाती है मारपीट करवाती है हत्या करवाती है जनपद में उच्च अधिकारी आदेश में कार्रवाई करने जांच कर कार्रवाई करने की आदेश दे देते हैं और जांच महीना भर नहीं हो पाती है इसी बीच घटनाएं घट जाती है पुलिस और राजस्व के




निष्क्रिय से आए दिन हो रही है घटनाएं।

ताजा मामलासोनहा थाना क्षेत्र के बेइली (रेहरवा) गांव में माममूली बात को लेकर दबंग पडोसियों ने जानलेवा हमला कर एक परिवार के कई लोगों को लहूलुहान कर दिया। घटना 25 जून शाम करीब 7.00 बजे की है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज तो किया है लेकिन सभी आरोपी आजाद घूम रहे हैं और पीड़ितों को दोबारा मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं।बेइली (रेहरवा) गांव निवासी सुषमा शर्मा पत्नी रामकेश शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मकान की सीढ़ी से चढ़कर किसी की बकरी पड़ोसी के छत पर चली गई, इससे पड़ोसी आगबबूला हो गये और एक राय होकर लाठी डंडा, सरिया लेकर हमला बोल दिये। घर में घुसकर स्वयं मुझे, पति रामकेश शर्मा, 75 वर्षीय बुजुर्ग सास शिवपाती, बहू कृष्णा देवी, लड़की कुसुम तथा विकास को बुरी तरह मारा पीटा। सांस गंभीर हैं, पति के सिर में 8 टांके लगे हैं, स्वयं मेरा हाथ टूट गया है और सभी को लाठी डंडे, सरिया और लात घूसों की चोट लगी है।

इस मामले में स्थानीय पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 (2), 352 तथा 351 (3) के तहत मुकदमा पंजीकृत है। लेकिन कार्यवाही शून्य है। पीड़िता का बेटा सुबाष शर्मा मुंबई में मेहनत मजदूरी कर परिवार का खर्चा चलाता है। मांता पिता, पत्नी, बहन, दादी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सुनकर गांव आया है। उसे भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है। थानाध्यक्ष का कहना है पीड़ित हमारे पास नही आ रहे हैं, इधर उधर से फोन करवा रहे हैं। पीड़ितों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग किया है जिससे वे भयमुक्त होकर अपना जीवनयापन कर सकें।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी- हत्या के प्रयास में वांछित 15,000 का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले की हर्रैया थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी सफलता मिली है। हत्या के प्रयास के गंभीर मामले में वांछित चल रहे ?15,000 के इनामी आरोपी मनोज कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामबरन (उम्र लगभग 53 वर्ष), निवासी ग्राम बिहरा लोहारपुरवा, थाना हर्रैया को आज सुबह लगभग 3:50 बजे संसारीपुर चौराहे के पास से एक धारदार गड़ासा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना की पृष्ठभूमि**

यह मामला 21 जून 2025 की शाम का है, जब रजौली गांव के रहने वाले अद्या प्रसाद शुक्ला (76 वर्ष) एवं उनके पुत्र अंजनी



प्रसाद शुक्ला (37 वर्ष) पर जानलेवा हमला हुआ था। विवाद ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति के विच्छेदन को लेकर हुआ, जिसमें अभियुक्त मनोज कुमार विश्वकर्मा व उसके पुत्रों - सत्य प्रकाश, शत्रुधन और श्री प्रकाश ने मिलकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था।हमले में दोनों पीड़ितों को गंभीर चोटें आई थीं, जिन्हें पहले CHC हर्रैया फिर जिला अस्पताल बस्ती और अंततः KGMU लखनऊ रेफर किया गया था। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। इनमें से अन्य अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी मनोज विश्वकर्मा गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था, जिस पर पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा ?15,000 का इनाम घोषित किया गया था।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

तहसीलदार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना हर्रैया उनि. शशिकांत, प्रभारी सर्विलांस टीमउनि. चंद्रकांत पांडेय, प्रभारी एसओजी पुलिसकर्मी- राम अधार, योगेश यादव, राजेश मौर्य, धन्नु यादव, पवन यादव एसओजी टीम- रमेश, इरशाद खां, धर्मेंद्र, अभय, चंदन कुमार सर्विलांस सेल- देवेश यादव, संतोष कुमार बस्ती पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। अभियुक्त से पूछताछ कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से 23 वर्षीय अभिलाष की मौत



**बलरामपुर।** महाराजगंज तराई कस्बा में अपने घर पर कार्य कर रहे 23 वर्षीय युवा के करंट लगने से बुरी तरह घायल हो गया आनन फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से बलरामपुर के लिए रेफर कर दिया गया, जिला अस्पताल की डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया 23 वर्षीय अभिलाष गुप्ता पुत्र गौरी शंकर गुप्ता अपने घर में बिजली का तार सही कर रहे थे इसी बीच अचानक वह करंट की चपेट में आ गए घर के सदस्य बचाने के लिए दौड़े तब तक वह बुरी तरह जख्मी हो चुके थे परिजन आनन फानन में कस्बा की निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने हालात नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया जिसकी सूचना जैसे ही कस्बा में पहुंची मोहल्ले में मातम छा गया परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है 23 वर्षीय अभिलाष एक होनहार मिलनसार युवक था।

## प्रमोद पांडे ने सावन माह को लेकर कही बड़ी बात, मांसाहारी दुकानों पर कार्रवाई की चेतावनी

**●-प्रमोद पांडे की सख्त चेतावनी मांसाहारी दुकानों पर देवी-देवताओं की तस्वीर मिली तो होगी कार्रवाईसावन में हिंदू संस्कृति की रक्षा का बिगुल-मुस्लिम बहुल क्षेत्रों पर संगठन की विशेष नजर**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिंदू परिषद द्वारासावन माह के पवित्र अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला संरक्षक प्रमोद पांडे ने एक बड़ा बयान दिया है।उन्होंने कहा कि अगर किसी मांसाहारी दुकान पर देवी-देवताओं का छायाचित्र या तस्वीर दिखाई देती है तो उनके खिलाफ संगठन द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रमोद पांडे ने यह चेतावनी खासकर उन इलाकों के लिए दी है, जो मुस्लिम बाहुल्य हैं, जिनमें मुख्य रूप से साऊघाट विकासखंड के



करड़, जामदा शाही, परसा हजाम आदि क्षेत्र शामिल हैं। हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा करना हर हिंदू का कर्तव्य है, और किसी भी प्रकार से धार्मिक भावनाओं का अपमान नहीं सहन किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के तहत किसी भी दुकान या व्यापारिक प्रतिष्ठान में देवी-देवताओं की तस्वीर का अनुचित तरीके से इस्तेमाल करने पर संगठन सख्त कदम उठाएगा।अभियान पूरे जिले में व्यापक रूप से चलाया जाएगा, ताकि हिंदू धर्म की गरिमा और संस्कृति को बनाए रखा जा सके।उनके इस बयान ने क्षेत्रीय राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मचा दी है, और अब देखना होगा कि इस अभियान का क्या असर पड़ता है और किस प्रकार के कदम उठाए जाते हैं।

## मनरेगा के भ्रष्ट अधिकारीयों काप्रधानोंनेखोलीपोल भ्रष्टाचार की शिकायतों पर पर्दा डालनेवाले अधिकारियों पर ही भष्ट्राचार कराने का आरोप - प्रधान संठगन

**●-CDO और D C मनरेगा की चुप्पी बना निष्पक्ष जांच सवालों के घेरे में जिले के उच्च अधिकारी भी सम्मिलित पाए जा रहे हैं**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है जिले के जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार में लिफ्त पाए जा रहे हैं अधिकारियों केदम मनरेगा योजना में भष्ट्राचार को लेकर प्रधान तो यूं ही बदनाम है हकीकत तो यह कि मनरेगा के रहनुमाओं द्वारा केवल वसूली करने तक ही अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सीमित है मनरेगा योजना के अंतर्गत बस्ती जिले में भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब यह घोटाला सिर्फ ग्राम प्रधानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि खंड विकास अधिकारी ( बीडीओं) और जिला स्तरीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। ताजा मामला ग्राम पंचायत पेड़ा का का है,जहाँ यह आरोप लगाया गया कि मजदूरों के नाम पर फर्जी अटेंडेंस लगाकर मनरेगा के तहत भुगतान किया गया, जबकि मौके पर एक भी मजदूर कार्य करता नहीं पाया गया। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों और पत्रकारों द्वारा खंड विकास अधिकारी को दी गई, तब बीडीओं साहब ने मौके पर कार्रवाई करने की बजाय सुविधा शुल्क के अभाव में मामले को टालमटोल कर फर्जी भुगतान करवा दिया। अब हालात ऐसे हैं कि खुद प्रधानों द्वारा यह सार्वजनिक रूप से कहा जा रहा




है कि यदि कोई भी कार्य स्वीकृत कराना हो, तो पहले कमीशन देना होगा। तभी काम की स्वीकृति दी जाती है। सवाल यह है कि जब भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले और झेलने वाले दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर उंगलियाँ उठा रहे हों, तो सच्चाई की जांच कौन करेगा? प्रशासन मौन, कार्रवाई ठप जिले में मनरेगा घोटाले से संबंधित खबरें रोजाना अखबारों और मीडिया में प्रकाशित हो रही हैं, परंतु खंड विकास अधिकारी और जिला मनरेगा सेल (DC मनरेगा) की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न तो भ्रष्ट ग्राम प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है और न ही भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे अधिकारियों पर कोई जांच बैठाई गई है। जनपद के सीडीओ साहब, जिनका आगमन बड़े जोश और संकल्प के साथ हुआ था, अब उनके रुतबे और सख्ती का असर जिले से गायब होता नजर आ रहा है। खंड विकास अधिकारियों और प्रधानों में न कोई डर है और न ही किसी जवाबदेही की भावना। डीसी मनरेगा पर भी सवाल उठते हैं कि वे क्यों फोन नहीं उठाते, क्यों शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लिया जाता, और क्यों भ्रष्टाचार के मामलों में जांच को टालते हैं। जिले की जनता पूछ रही है कि क्या अब सरकारी योजनाओं का मतलब है– "पैसा दो, तभी काम होगा"? स्थिति यह बन चुकी है कि मनरेगा जैसी महत्त्वाकांक्षी योजना में बस्ती जिले में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसे में आवश्यक है कि भाजपा सरकार उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए। क्योंकि सवाल अब यह नहीं है कि "भ्रष्टाचार हो रहा है या नहीं", बल्कि सवाल यह है कि भ्रष्ट कौन है – प्रधान या बीडीओं साहब?

# परिषदीय विद्यालयों को मर्ज किये जाने के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**●शिक्षा विरोधी निर्णय वापस ले सरकार नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन - विश्वनाथ चौधरी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में गुरूवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर परिषदीय विद्यालयों को मर्ज किये जाने के विरोध में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि प्रदेश सरकार शिक्षा विरोधी अपने निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस ले। ज्ञापन सौंपने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, रामजियावन, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अनिल भारती आदि ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव परिषदीय शिक्षा को मजबूती



दिया, जगह-जगह स्कूल खोलवाये, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सरकार में सबको शिक्षा का कानून लाया गया किन्तु भाजपा की सरकार गरीब बच्चों के शिक्षा मार्ग को ही बंद कर देना चाहती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह आश्चर्य जनक स्थिति है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में शराब की दूकानों की तर्ज पर विद्यालय मर्ज किये जा रहे हैं। कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से शिक्षा विरोधी और निजीकरण को बढावा देने का संकेत है। इसे भाजपा सरकार तत्काल वापस ले वरना कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर निर्णायक आन्दोलन छेड़ेगी।


राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से नर्वदेश्वर शुक्ल, गिरजेश पाल, साधूशरन आर्य, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, अलीम अख्तर, सबीहा खातून, लबोनी सिंह, रामधीरज चौधरी, देवी प्रसाद पाण्डेय, शौकत अली नन्हू, रविन्द्र सिंह 'राजन', शेर मोहम्मद, मो. रफीक, लक्ष्मी यादव, आलोक तिवारी, प्रेमसागर पाठक, राहुल चौधरी, सर्वेश शुक्ल, राज बहादुर निषाद, अमर बहादुर शुक्ल, फजले आजम, आनन्द कुमार, लालजीत पहलवान, गुड्डू सोनकर, सद्दाम हुसेन, राम बहादुर सिंह, उमेश उपाध्याय, शास्त्री डी.एन. त्रिपाठी, रामबचन भारती, शोभित चौधरी, डा. मारूफ, नवीन कन्नौजिया, संजीव त्रिपाठी, प्रताप नारायण मिश्रा, अब्दुल सलाम खान, सलाहुद्दीन, विष्णुमणि त्रिपाठी, घनश्याम जोरिया, कमला निषाद के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विकासखंड कप्तानगंज में तैनात सफाई कर्मी अशोक चौहान का पेरोल न आने के कारण वेतन रोका गया

**●ग्राम पंचायत में साफ सफाई कार्य छोड़ नेतागिरी - यदि सफाई कर्मी अशोक चौहान के डियूटी की जांच तैनाती ग्राम पंचायत में निष्पक्ष की जाए तो हो सकता है बड़ा खुलासा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कप्तानगंज में तैनात सफाईकर्मी अशोक चौहान का ग्राम पंचायत से पेरोल न आने के कारण वेतन रोका गया है। सूत्रों की माने तो विकासखण्ड कप्तानगंज में अशोक चौहान एक सफाई कर्मी है जो तैनात




ग्राम पंचायतों में कभी-भी भूल कर नहीं जाता है। ड्यूटी करने की बात तो दूर तो प्रतिमाह एक दिन पेरोल बनवाने के लिए भी नही जाता है। अब आप सोच सकते हैं कि जिस सफाई कर्मी को महीने में एक दिन पेरोल बनवाने के लिए मौका नहीं है तो ग्राम पंचायत में ड्यूटी कैसे करता होगा ? यदि अशोक चौहान के तैनाती ग्राम पंचायत के राजस्व गांव में डियूटी के संबंध में निष्पक्ष जांच हो जाए तो बहुत बड़ा खुलासा हो सकता है। ग्राम पंचायत में ड्यूटी बिना डियूटी किये प्रतिमाह सफाई कर्मी को वेतन मिलना व उपस्थिति पंजिका पर प्रतिदिन हस्ताक्षर होना जांच का विषय बना हुआ है। आखिर क्यों ? जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी सफाई कर्मी अशोक चौहान के मनमानी ड्यूटी पर मेहरबान है जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रहसहायक विकास अधिकारी (एडीओ ) की जानकारी में है कि सफाई कर्मी अशोक चौहान कभी तैनात ग्राम पंचायत में कभी ड्यूटी करने के लिए नहीं जाता है फिर भी डियूटी से गायब सफाई कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय अनजान बने रहते हैं। प्रतिदिन क्लस्टर के हिसाब से एडीओ पंचायत के द्वारा ग्राम पंचायतों में साफ - सफाई व सफाई कर्मियों के ड्यूटी की जांच पड़ताल की जाए तो ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों से संबंधित शिकायतें नही होगी। अब देखना यह है कि एडीओ पंचायत कप्तानगंज सुशील कुमारश्रीवास्तव द्वारा ड्यूटी से गायब सफाई कर्मी अशोक चौहान के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है ?

# राजस्व विभाग की लापरवाही और पुलिस की निष्क्रियता से त्रस्त बस्ती की जनता - कब चलेगा योगी का हंटर

**● जिले में राजस्व विभाग की लापरवाही और पुलिस की निष्क्रियता अब जनता के लिए सिरदर्द बन चुकी है। पुलिस जमीन और घर कब्जा करवा रही है**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** जिले में राजस्व विभाग की अनदेखी और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आए दिन छोटे-छोटे जमीनी विवाद, पुलिस और राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते बड़े संघर्षों में तब्दील हो रहे हैं। प्रशासनिक ढांचे की यह कमजोरी अब सामाजिक शांति को भी चुनौती दे रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, कई



मामलों में राजस्व कर्मियों की टालमटोल और पुलिस की ढिलाई के कारण समय पर न तो पैमाइश होती है, न ही प्रभावी हस्तक्षेप। नतीजतन, विवाद बढ़ते हैं और कई बार मामला मारपीट तक जा पहुंचता है।जनता का सवाल है क्या अधिकारी तब ही हरकत में आएंगे जब कोई बड़ी घटना हो जाएगी?क्या यही है "सुशासन" का वादा? आखिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कब उठाएंगे सख्त कदम?क्या दोषी अफसरों पर कभी चलेगा कार्रवाई का हंटर बस्ती की जनता अब प्रशासनिक जवाबदेही और ठोस कार्रवाई की मांग कर रही है। अगर समय रहते जिम्मेदार अधिकारी सचेत नहीं हुए, तो यह उपेक्षा कहीं जनविरोध का रूप न ले ले। हरैया तहसील क्षेत्र के कप्तानगंज नगर पंचायत बेलसड गांव में आज्ञा दबंगों द्वारा पुलिस की मिली भगत से गरीब के मकान पर कब्जा कर लिया पीड़ित साधना देवी अपने पिता के संपत्ति पर वर्षों से रह रही है कुछ अज्ञात दबंगों द्वारा पुलिस की मिली भगत से उसके पुराने मकान पर कब्जा कर लिया है पीड़ित साधना देवी अधिकारियों के यहां प्रार्थना पत्र लेकर कार्यों के यहां चक्कर काट रही है 15 दिन के भीतर दर्शन प्रार्थना पत्र देने के बावजूद तक आज तक राजस्व या पुलिस विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं गया भ्रष्टाचार पुलिस और राजस्व में इस तरह व्याप्त है कि आज तक उसे पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तहसील दिवस में अंतिम प्रार्थना पत्र देने के बाद पीड़िता साधना देवी ने बताया कि हम डीएम कार्यालय पर धरना देंगे अपने परिवार के साथ ऐसी दशा में उच्च अधिकारी प्रार्थना पत्रों को कूड़ेदान में डाल दिए हैं आज तक उसको न्याय नहीं मिल पाया है।

## दोस्त लर्निंग फाउंडेशन द्वारा परवरिश कार्यक्रम का सफल उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात**

**बलरामपुर** – तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर सभागार में दोस्त लर्निंग फाउंडेशन द्वारा परवरिश कार्यक्रम का सफल उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के समग्र विकास पर चर्चा करके जानकारी दी गई। वही यूनिसेफ के सदस्यों ने संचारी रोग अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में तुलसीपुर सीडीपीओ संदीप गुप्ता ने लर्निंग फाउंडेशन कार्यक्रम की सराहना की। ब्लॉक सभागार में लर्निंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित परवरिश कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ती का बच्चों के जन्म के बाद से 6 साल के बच्चों का देखभाल करके सशक्त बनाने की जिम्मेदारी होती है। इसीलिए सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराकर तमाम लाभ दे रही है। समाजसेविका मधु गुप्ता ने



बताया कि परवरिश प्रोग्राम के तहत टोल फ्री नंबर 08 04588 9314 पर मिस कॉल करके वेलकम कॉल आने पर सवालों का जवाब देकर बच्चों के देखभालकर्ता इससे जुड़कर लाभ ले सकते हैं। सरकार का उद्देश्य की डिजिटल माध्यम से बच्चों के विकास के बारे में संपूर्ण जानकारी माता-पिता ले सकते हैं। इसीलिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री सभी माता एवं बहनों को परवरिश कार्यक्रम की जानकारी देकर उनको लाभ दिलाये। दोस्त लर्निंग फाउंडेशन टीम ने परवरिश प्रोग्राम के उद्देश्य के बारे में रेखांकित करके बच्चों के समग्र विकास के बारे में संपूर्ण जानकारी दे रही है। जिसमें पूर्व शिक्षा और माता-पिता की भूमिका बच्चों के विकास में संपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। बच्चों को छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से उनको सशक्त बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी भी है। बच्चों के जन्म से लेकर 6 वर्ष तक सशक्त बनाने की जिम्मेदारी देखभालकर्ता की होती है। जिसमें उनकी अहम भूमिका से बच्चे सशक्त बनेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 95 आंगनबाड़ी कार्यकत्री को परवरिश कार्यक्रम के उन्मुखीकरण मे विस्तार रूप से जानकारी दी गई। सभी कार्यकत्रियों को प्रवेश कार्यक्रम का पोस्टर देकर उनको सफलतापूर्वक कार्य करने की दिशा के बारे में जानकारी भी दी गई। यूनिसेफ फाउंडेशन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोग दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर अमित राठौर मुदस्सिर अहमद शाहिद तमाम लोग मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में नौ सौ पौध हुये रोपित

**स्वतंत्र प्रभात**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरूवार को यहां शीतलमऊ वन ब्लाक में 900 पौध रोपित हुए। सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा अभियान के तहत महोगिनी, कनकचम्पा, अमरूद, पाकड़, नीम, महुआ, जामुन, बरगद, पीपल आदि प्रजाति के पौध रोपित हुये। कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में



एक पेड़ मां के नाम अभियान को भारत माता की समृद्धि का संकल्प कहा गया। अभियान में शामिल लोगों ने भारत माता का जयघोष भी किया। संयोजक वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र ने कहा कि पौधरोपण अभियान से प्राकृतिक संतुलन को भी समृद्धि मिला करती है। कार्यक्रम का संचालन वन दरोगा त्रिभुवन नाथ तिवारी ने किया। वन दरोगा रमेश कुमार मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर दिनेश कुमार, अंगद तिवारी, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रसिद्ध पत्थर शिवाला मंदिर का लिया जायजा



**बिसवां (सीतापुर)-** सावन माह के मद्देनजर बिसवां के प्रसिद्ध पत्थर शिवाला मंदिर में तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर प्रबंधन से कांवरियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी को पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और कांवरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।अधिकारियों ने मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिव मंदिर में दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह, आरआई आशीष यादव, जेई समर सईद सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं मंदिर के पुजारी मुन्ना, अनिमेष मानू नाग, पीयूष मौर्य समेत अनेक शिवभक्तों की भी मौजूदगी रही।

### मजदूरी मांगने पर युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**नगराम पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।**

**नगराम, लखनऊ।** मेहनताना मांगने पर एक मजदूर के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना थाना नगराम क्षेत्र के सलेमपुर की है, जहां पीड़ित रहीम मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद ने नगराम थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित रहीम मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि वह बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम करता है। गांव के ही शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंटू पुत्र संतलाल निवासी उसरौरा ने उससे लगभग तीस हजार का काम करवाया था। जब बीते शुक्रवार को रहीम अपने मेहनताने की मांग करने गया, तो आरोपी शैलेंद्र ने पहले टालमटोल की और फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित रहीम का आरोप है कि शैलेंद्र ने धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा पैसे मांगे तो पचास हजार रुपए न देने का झूठा मुकदमा दर्ज करवा दूंगा और जान से मार दूंगा। घटना के समय गांव के कुछ लोग भी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने पूरी घटना देखी। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नामजद आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बघौना गांव में खेल के मैदान पर अवैध कब्जा रोका गया, प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई



**मोहनलालगंज। लखनऊ,** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघौना में गाटा संख्या 64 पर स्थित खेल के मैदान पर अवैध कब्जे की कोशिश को प्रशासन ने सख्ती से रोक दिया। गांव के ही श्रीकृष्ण नामक व्यक्ति द्वारा खेल मैदान पर मिक्सर मशीन व शटरिंग लगाकर अवैध निर्माण शुरू कराया जा रहा था।सूचना मिलते ही तहसील की लार्जेस्ट टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य रुकवाया। लेकिन टीम के लौटने के बाद दबंगों ने दोबारा काम शुरू कर दिया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों ने दोबारा शिकायत की तो उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ला ने तुरंत राजस्व टीम और पुलिस को मौके पर भेजा।संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और शटरिंग व मिक्सर मशीन को जब्त कर लिया। एसडीएम अंकित शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई। राजस्व टीम को भेजकर अवैध निर्माण को रोका गया और सामान जब्त किया गया। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और मांग की कि खेल मैदान की सीमांकन कर बाउंड्री वॉल बनाई जाए ताकि भविष्य में कोई पुनः कब्जा न कर सके।

## जमीन हड़पने की बड़ी साजिश बेनकाब, मोहनलालगंज पुलिस ने रची गिरफ्तारी की पटकथा

**● ......फर्जी विजय सिंह बनकर 22 बीघा भूमि की रजिस्ट्री कराने पहुंचा था आरोपी, पुलिस ने दबोचा।**

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली दस्तावेज़ तैयार कर 22 बीघा भूमि पर कब्जा करने की साजिश रचने वाले एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को धर दबोचा।पूरा मामला बीते 18 नवंबर 2023 को उस समय सामने आया जब पीड़ित जगदीश कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी बाजपुर, थाना बीबीडी लखनऊ ने मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप था कि कुछ लोगों ने मिलकर उसकी भूमि को कब्जाने की साजिश रचते हुए फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार किए हैं।पुलिस द्वारा की गई विवेचना में सामने आया कि एक युवक संकल्प पांडेय पुत्र राजेश पांडेय, निवासी इलाहाबाद ने स्वयं को विजय सिंह बताकर जमीन की रजिस्ट्री कराने की कोशिश की। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित की भूमि गाटा संख्या 137, रकबा 0.2780 हेक्टेयर लगभग 22 बीघा को अपना बताकर उसके जाली दस्तावेज बनवाए और उप निबंधक कार्यालय में प्रस्तुत कर दिए।हालांकि, जब रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान पीड़ित को इसकी जानकारी हुई, तो उसने मौके पर आपत्ति जताई और पूरा मामला सामने आया। इसके बाद मोहनलालगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत किया गया।

मामले में मुख्य अभियुक्त संदीप कुमार गौतम उर्फ जगदीश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम मटरौखेड़ा, पोस्ट ससपन, जनपद हरदोई उम्र करीब 22 वर्ष को पुलिस ने विशेष सूचना के आधार पर गुरुवार को गिरफ्तार किया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और लखनऊ जाने की




फिराक में था। पुलिस टीम ने उसे एक खेत के पास से दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह ने बताया कि यह पूरा मामला एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें फर्जी नाम और दस्तावेज़ों के माध्यम से सरकारी रिकॉर्ड को धोखा देने का प्रयास किया गया। पुलिस की सतर्कता से न सिर्फ भूमि कब्जाने की कोशिश विफल हुई, बल्कि मुख्य आरोपी भी सलाखों के पीछे पहुंच गया। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है और अन्य सहयोगियों की तलाश के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

## मलिहाबाद- ब्राह्मण परिवार लखनऊ/भारत (रजि.) की कार्यकारिणी बैठक रजवाड़ा लॉन पर सम्पन्न हुई



**लखनऊ मलिहाबाद-** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र स्थित रजवाड़ा लॉन, में ब्राह्मण परिवार की बैठक अनय पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रमुख विषय सामाज के उत्थान हेतु संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक ब्राह्मण परिवारों को जोड़ने का कार्य युद्धस्तर पर किया जाना तय किया गया। चर्चा के दौरान लखनऊ से आए पदधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मलिहाबाद के प्रसिद्ध आमों का लुफ्त लिया। बैठक में मुख्यतः भानु पांडेय, एस. एन. मिश्रा (एड.), सुनील द्विवेदी, अरविन्द द्विवेदी, अभिषेक अग्निहोत्री (एड.), अनय पाठक, अमन द्विवेदी, कृष्ण कुमार तिवारी (एड.)रवि द्विवेदी,चंद्र प्रकाश अवस्थी, विवेक शुक्ला, संतोष मिश्रा, आशीष द्विवेदी, जितेंद्र अवस्थी, रिंकू अवस्थी, सहित मुख्य कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

## छठे मोहर्रम में मेंहदी जुलूस के दौरान हज़ारों श्रद्धालु हुए शामिल



स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद-सीतापुर** छठे मोहर्रम के अवसर पर क़िला महमूदाबाद से पारंपरिक मेंहदी जुलूस पूरी शाही साज-सज्जा के साथ निकाला गया। यह जुलूस इमाम हसन अलैहिस्सलाम के सुपुत्र जनाब कासिम अलैहिस्सलाम की याद में आयोजित किया गया। रात्रि 8 बजे जुलूस क़िला परिसर से प्रारंभ होकर अपने निर्धारित मार्ग से होता हुआ अमीरगंज स्थित कर्बला पहुंचा। कर्बला पहुंचने के बाद जुलूस को पुनः भव्य सजावट से अलंकृत किया गया। इसमें ऊंट, अब्बासी अलम, फूलों से सजे कंवल, नाव, मोमबत्तियों से सुसज्जित तश्तरियां, शहनाई, प्रतीकात्मक दुलदुल, सबील और ताबूत शामिल थे। जुलूस की भव्यता को आतिशबाज़ी, मोमबत्ती की रोशनी और पारंपरिक साजो-सामान ने और भी मनमोहक बना दिया।ताबूत के आगे सोज़ख़ानी करते हुए अकीदतमंदों ने गम और श्रद्धा प्रकट की। मध्य रात्रि को जुलूस क़िला परिसर में लौट आया, जहां पारंपरिक रूप से उसका स्वागत किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में स्थानीय अंजुमन हैदरी, सज्जादिया, अब्बासिया सहित हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जुलूस के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। वक्फ मदरसा अहमदिया के मुतवल्ली, स्टाफ और क़िला प्रशासन ने जुलूस को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी लोगों और प्रशासन का आभार प्रकट किया।

## ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

**● .... नवीन कार्यकारिणी में दीपक सिंह अध्यक्ष और अरुण कुमार सिंह महामंत्री मनोनीत।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोसाईगंज/लखनऊ** गुरुवार को राजधानी लखनऊ के विकासखंड गोसाईगंज सभागार कक्ष में ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति विकासखंड गोसाईगंज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विस्तार से विचार विमर्श करने के पश्चात सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। दीपक सिंह को अध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह को महामंत्री, संतोष गिरी को



वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्याम सुंदर को उपाध्यक्ष और स्तुति सिंह को महिला उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इसके अलावा, राम बहादुर शर्मा को संगठन मंत्री, संजय चौधरी को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र यादव को ऑडिटर और विनोद कुमार गौड़ को प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी बनाया गया। श्री राम गोपाल यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी, और अनिल कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी को संरक्षक के पद पर मनोनीत किया गया। समन्वय समिति के गठन के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी साथियों की समस्याओं का निराकरण समय से कराया जाएगा, जिससे दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग सुनिश्चित हो सके।

## श्री गांधी महाविद्यालय, सिधौली को मिला नया प्राचार्य

**● डॉ. रवीन्द्र कुमार सिंह ने ग्रहण किया प्राचार्य पद का कार्यभार**

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली, सीतापुर** सिधौली कस्बे के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान श्री गांधी महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक परिवर्तन के अंतर्गत इतिहास विभाग के वरिष्ठ शिक्षक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र कुमार सिंह ने प्राचार्य पद का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण किया। यह नियुक्ति प्रोफेसर धर्मेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने के पश्चात की गई है, जिनके कार्यकाल को शिक्षण, अनुशासन और संस्थागत प्रगति के लिए याद किया जाएगा।

डॉ. रवीन्द्र कुमार सिंह एक समर्पित शिक्षाविद् हैं, जिनका शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव महाविद्यालय की गुणवत्ता और नवाचार को नई दिशा देगा। उनके प्राचार्य बनने पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य डॉ. कमल जैन, शिक्षकगण, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर कहा, ÷मैं अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ महाविद्यालय की गरिमा को और ऊंचा



उठाने का सतत प्रयास करूंगा।" यह परिवर्तन न केवल महाविद्यालय के प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए आयाम खोलने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## ईंट भट्ठे में चोरी, संचालन कर रहे दो भाई फरार

**● .....62,500 रुपये नगदी समेत टैबलेट, टॉर्च और दस्तावेज ले उड़े आरोपी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा।**

स्वतंत्र प्रभात

**नगराम, लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव स्थित एक ईंट भट्ठे में हजारों रुपये की नकदी समेत कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित चक्रवीर सिंह ने नगराम थाने में तहरीर देकर दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि जिस व्यक्ति को भट्ठा संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और घटना के बाद से फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समेसी गांव में स्थित यह ईंट भट्ठा चक्रवीर सिंह की पत्नी सरिता के नाम पर पंजीकृत है।

चक्रवीर सिंह, जो कि मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के डाढा सिकन्दरपुर गांव के निवासी हैं, ने बताया कि भट्ठे के संचालन का जिम्मा उन्होंने पवन व उसके भाई सुनील (निवासी महियावा, पोस्ट हरदोई, जिला रायबरेली) को सौंप रखा था। दोनों भाई लंबे समय से भट्ठे पर नियमित रूप से कार्य कर रहे थे।घटना 24 मई 2025 की शाम की बताई जा रही है। जब भट्ठे के परिसर में रखी अलमारी का ताला टूटा पाया गया और उसमें से 62,500 रुपये नकद, एक टैबलेट, एक हाईपॉवर टॉर्च और कुछ जरूरी दस्तावेज गायब मिले। पीड़ित द्वारा जब खोजबीन की गई तो पाया गया कि पवन और सुनील दोनों भट्ठे से गायब हैं और उनका मोबाइल भी बंद आ रहा था।इसकी सूचना उसी रात नगराम पुलिस को दी गई, लेकिन तत्काल कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद चक्रवीर सिंह ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर नगराम पुलिस ने गुरुवार को पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारतीय को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज रायबरेली।** प्रदेश सरकार की कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को पास के विद्यालयों में विलय करने की प्रक्रिया के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ ने क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारतीय को ज्ञापन सौंपा है। गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महराजगंज, बछरावां व शिवगढ़ समेत तीनों इकाइयों ने कस्बा स्थित कम्पोजिट कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारती को ज्ञापन सौंपकर इस फैसले पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

शिक्षकों का कहना है कि सरकार की स्कूलों को पेयरिंग करने का यह फैसला ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करेगा। दूरदराज क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होगी। उनका यह भी कहना है कि पेयरिंग नीति लागू होने से हजारों शिक्षकों व रसोइयों के पद भी समाप्त हो जाएंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के महराजगंज



मामले में सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के बच्चों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है तथा कम छात्र वाले स्कूलों को बंद करने के बजाय नौनिहाल बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करते तो यह योजना सामान्य रूप से चलती रहती इससे यह साफ जाहिर होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के रहते नौनिहाल बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

ब्लाक अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने बताया कि पेयरिंग नीति को लागू करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर जबरिया पेयरिंग के समर्थन में प्रस्ताव भी मांगा जा रहा है। विधायक श्यामसुंदर भारती को ज्ञापन देते हुए शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो वे प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन करेंगे। इस मौके पर बछरावां इकाई के अध्यक्ष अमन शुक्ला, शिवगढ़ के गयेंदु सिंह, महराजगंज इकाई के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अमर पाल , सावित्री दीवान, दिव्य प्रताप, मोहम्मद सगीर, उमेश कुमार, मुकुट बिहारी, अमित शुक्ला, नीलेश कुमार, हरिकेश सिंह प्रदीप त्रिवेदी, धर्मेंद्र अवस्थी सहित कई दर्जन शिक्षक मौजूद रहे।

## जबरौली गांव की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, ग्राम प्रधान ने एसडीम को दिया शिकायती पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज। लखनऊ,** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के जबरौली गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला सामने आया है। जबरौली गांव की ग्राम प्रधान रेनू अवस्थी ने उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि गांव की सार्वजनिक भूमि पर कुछ प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा फर्जी तरीके से प्लाटिंग की जा रही है।प्रधान रेनू अवस्थी के अनुसार, गांव सभा की गाटा संख्या 2163 व 2332 की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए प्रॉपर्टी डीलरों ने प्लाटिंग के बैनर लगा दिए हैं और टॉवर कंपनी के नाम पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह भूमि ग्राम पंचायत की है और इस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण या बिक्री पूरी तरह से अवैध है।

ग्राम प्रधान का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से इस जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है, जिससे गांव की सार्वजनिक संपत्ति खतरे में पड़ गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।इस मामले में जब उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ला से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि ÷मामले की जानकारी मिली है। शीघ्र ही जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमि पर कोई भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गांव के कुछ निवासियों ने भी ग्राम प्रधान के आरोपों की पुष्टि करते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से बाहरी लोगों की गतिविधियां जमीन पर बढ़ी हैं और वहां बैनर लगाकर प्लाटिंग की जा रही है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है।यह मामला अब प्रशासन की जांच के दायरे में आ चुका है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बोलेरो की पिछली सीट पर मिला युवक का शव इलाके में मचा हड़कंप, शरीर पर चोट के निशान हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर जनपद** सीतापुर के बटसगंज इलाके में गुरुवार सुबह एक बोलेरो गाड़ी से युवक का संदिग्ध हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई मृतक की पहचान जितेंद्र भार्गव (35 वर्ष) निवासी ग्राम इमलिया, थाना महोली के रूप में हुई है। वह बुकिंग पर गाड़ी चलाया करता था घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है यह वारदात जिला अस्पताल-बटसगंज मार्ग पर स्थित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक जौहरी के क्लिनिक के सामने हुई गुरुवार सुबह करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने कार की पिछली सीट पर युवक को अचेत पड़ा देखा काफी देर तक कोई हलचल न होने पर पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक बोलेरो रात करीब 3 बजे से वहीं खड़ी थी जिससे लोगों को शक हुआ जब पुलिस ने कार की जांच की तो पीछे की सीट पर जितेंद्र का शव मिला जिस पर चोटों के कई निशान थे जांच के दौरान पुलिस को कार से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले जिससे पता चला कि जितेंद्र ने करीब 3 महीने पहले सुमन नामक महिला से कोर्ट मैरिज की थी दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला और सीओ सिटी अमन सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया मामले की



गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए पुलिस का मानना है कि जितेंद्र बुधवार देर रात किसी बुकिंग पर सीतापुर आया था उसी दौरान उसके साथ वारदात हुई। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है बताया जा रहा है कि मृतक तीन भाइयों में एक था और परिवार में मातम पसरा है!!

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने दर्ज कराई एफआईआर

**● .......पुलिस मध्यस्थता विफल होने पर मामला दर्ज।**

स्वतंत्र प्रभात

**नगराम। लखनऊ,** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कपेरा मदारपुर की रहने वाली विवाहिता रिचा पुरी पत्नी मनीराम ने पति और उसके परिवारजनों के खिलाफ मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपनी तहरीर में बताया कि उसका विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज के साथ नगराम थाना क्षेत्र के अनैया खरगापुर निवासी मनीराम के साथ संपन्न हुआ था। शादी में उसके परिवार ने करीब चार लाख रुपये खर्च किए थे।

पीड़िता के अनुसार, शादी के बाद से ही पति मनीराम और उसके परिवार वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मनीराम अक्सर शराब के नशे में धुत होकर उससे मारपीट करता और जबरन अप्राकृतिक व अमानवीय संबंध बनाने का प्रयास करता था। पीड़िता ने मना किया तो उसे बेरहमी से पीटा गया और दहेज में बाइक की मांग की गई।इतना ही नहीं, पीड़िता ने यह भी बताया कि मनीराम ने दूसरी महिला से संबंध बनाकर उसे गर्भवती कर दिया और अब पीड़िता को छोड़कर दूसरी शादी की योजना बना रहा है। विरोध करने पर ससुराल पक्ष ने उसे जान से मारने की धमकी दी और घर से बाहर निकाल दिया। वह फिलहाल अपने मायके में रह रही है।इस बीच, महिला द्वारा थाने में शिकायत करने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर कई बार सुलह-समझौते की कोशिश की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों पक्षों के बीच विवाद खत्म नहीं हो पाया और समझौता विफल रहा। अंततः पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि मनीराम के परिवार वाले लगातार दबाव बना रहे हैं कि वह दूसरी शादी को स्वीकार कर



ले, लेकिन उसने न्याय और पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता रिचा पुरी ने नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि उसके पति और उसके परिजनों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि उसे और उसकी जान को सुरक्षा मिल सके। वही थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मीडियेशन कराया गया लेकिन प्रयास विफल रहा तब जाकर आरोपी पति ससुरालियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## निर्धारित ऊंचाई से ऊपर नहीं होंगे ताजिए मोहर्रम पर डीएम एसपी का सख्त निर्देश कर्बला स्थलों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में मोहर्रम सहित आगामी त्योहारों की तैयारियों को लेकर डीएम अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने खैराबाद, लहरपुर और बिसवां क्षेत्रों का दौरा किया अधिकारियों ने खैराबाद में रोजा दरवाजा, माखूपुर, पुरानी बाजार, बाजदारी टोला और कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया। लहरपुर में चिक्की टोला और शाह चारमीना कब्रिस्तान का जायजा लिया गया बिसवां में बाबा गुलजार शाह कब्रिस्तान, पत्थर शिवाला मंदिर और बड़ा चौराहा का निरीक्षण किया गया डीएम ने सभी विभागों को कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, पानी और यातायात व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए डीएम ने स्पष्ट किया कि ताजिए निर्धारित ऊंचाई से ऊंचे नहीं होने चाहिए डीजे पर केवल धार्मिक भजन और संगीत की ही अनुमति होगी किसी भी धर्म की भावनाओं



को ठेस पहुंचाने वाले गीत नहीं बजाए जा सकेंगे। आयोजक समितियों ने शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया पत्थर शिवाला मंदिर में सीसीटीवी कैमरे, रोशनी और बैरिकेडिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए गए बड़े चौराहे पर विशेष निगरानी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के आदेश दिए गए इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, एसडीएम सदर अभिनव कुमार, लहरपुर की एसडीएम आकांक्षा गौतम, बिसवां की एसडीएम शिखा शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे!!

# बढ़ती संवेदनहीनता आखिर इंसानियत कहां मर रही है?

हाल ही में मुंबई जैसे आधुनिक शहर में रिश्तों को शर्मसार और दिल को झकझोर देने वाला एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। 70 साल की महिला यशोदा गायकवाड़ जो स्किन कैंसर से पीड़ित है उन्हें बोझ समझकर उनका ही सगा पोता कचरे के ढेर में फेंक आया। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग महिला के पोते सागर शेवाले ने अस्पताल में भर्ती न किए जाने के बाद अपने जीजा बाबासाहब गायकवाड़ और एक रिक्शा ड्राइवर संजय कुदशिम की मदद से दादी को आर ए कॉलोनी के कचरे के ढेर में रात के अंधेरे में फेंक दिया। यह मामला तब सामने आया जब पुलिस को सूचना मिली कि आरे कॉलोनी इलाके में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला बेहद कमजोर हालत में पड़ी है। शनिवार सुबह पुलिस ने जब महिला को देखा, तो उसकी हालत बेहद नाजुक थी। महिला की पहचान यशोदा गायकवाड़ के रूप में हुई है. जब पुलिस ने उससे बातचीत की, तो उन्होंने बताया कि उनका पोता उन्हें यहां छोड़कर चला गया। इस खुलासे के बाद पुलिस भी हैरान रह गई. यह समझ पाना मुश्किल हो गया कि आखिर कोई पोता अपनी बीमार दादी के साथ इतनी क्रूरता कैसे कर सकता है.महिला की हालत देखकर पुलिस ने तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि कई अस्पतालों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें भर्ती करने से इनकार कर दिया. अंततः शाम को उन्हें कूपर अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने पुष्टि की कि महिला को त्वचा कैंसर है।

यशोदा गायकवाड़ ने पुलिस को मालाड और कांदिवली के दो पते बताए , जो उनके परिवार के हैं. पुलिस इन पतों पर जाकर परिवार के सदस्यों का पता लगाने में जुटी . साथ ही महिला की तस्वीर सभी स्थानीय पुलिस थानों में भेजी गई ताकि उनके परिजनों को ढूंढा जा सके।

पुलिस ने गंभीरता से मामले की पड़ताल की। पुलिस जांच में सामने आया है दरअसल शुक्रवार रात करीब 2 बजे सागर अपनी दादी को लेकर अस्पताल पहुंचा था, लेकिन कुछ ही मिनट बाद ढाई बजे वहां से वापस चला गया. बाद में वह महिला घायल अवस्था में गोरेगांव पूर्व स्थित कॉलोनी के कूड़े के ढेर में मिलीं. पुलिस को सूचना मिलने पर महिला को पहले ट्रॉमा अस्पताल, फिर कूपर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जब पुलिस ने यशोदा गायकवाड़ से पूछताछ की, तो उन्होंने कुछ नाम बताए, लेकिन शुरुआत में पुलिस को परिवार का कोई सदस्य सामने नहीं आया. सीसीटीवी फुटेज और सख्त पूछताछ के बाद सागर ने सच कबूल किया कि उसने ही अपनी बीमार दादी को कचरे में फेंक दिया था। पुलिस जांच में यह पता चला है कि पोते ने दो अन्य लोगों की मदद से मुंबई की आरे कॉलोनी के कचरे के ढेर में अपनी दादी को फेंका था। जिसके बाद आरोपी पोते और उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच के मुताबिक, 70 साल की बीमार बुजुर्ग यशोदा गायकवाड़ ने बीते शुक्रवार की रात, आक्रामक होते हुए खुद का गला घोंटने की कोशिश की थी, पोते पर भी हाथ उठाया था। इस से उद्वेलित नाराज और घबराए पोते सागर ने अपने जीजा को फोन किया और दोनों दादी को पास के शताब्दी अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल ने उनको भर्ती करने से मना कर दिया। इस के बाद पोते ने जीजा के साथ मिलकर दादी से छुटकारा पाने की योजना बना डाली। दोनों ने एक ओटो रिक्शा वाले को बुजुर्ग दादी को सुनसान इलाके में लावारिस फेंकने के लिए तैयार किया। इसके लिए ओटो रिक्शा ड्राइवर को 400 रुपये भी दिए गए . ड्राइवर फिल्मसिटी में काम करता था और उस इलाके से अच्छी तरह वाकिफ था. वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर पाटिल के अनुसार, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और महिला की हालत में सुधार हो रहा है. बता दें कि आरोपी पोते सागर शेवाले ने शुरुआती पूछताछ में मामले को झुठलाने की कोशिश की और इधर उधर की कहानी बनाने लगा उसके बयानों में विरोधाभास की वजह से पुलिस को उस पर शक हुआ. जिसके बाद उससे सख्ती से पूछताछ की गई. जिसमें इसने ये कबूल कर लिया कि उसने ही अपने जीजा और रिक्शा-ड्राइवर की मदद से दादी को रात में कूड़े में फेंका था.रिक्शा ड्राइवर कुदशिम को उसने इस काम के लिए 400 रुपये दिए थे. वह फिल्मसिटी में काम करता था और इसलिए पास के आरे इलाकों को अच्छी तरह से जानता था. बता दें कि आरे पुलिस पोते सागर शेवाले के साथ उसके जीजा बाबा साहब गायकवाड़, और रिक्शा ड्राइवर संजय कुदशिम को हिरासत में ले लिया. वहीं स्किन कैंसर से जूझ रही बुजुर्ग महिला का इलाज मुंबई के कूपर अस्पताल में चल रहा है।

आपको बता दें कि परिजनों के प्रति क्रूरता की अनेक घटना आए दिन सामने आती रहती है वरन ऐसी वारदातों की झड़ी लगी हुई है। तीन महीने पहले झारखंड के रामगढ़ में एक ऐसा ही मामला सामने आया जब एक व्यक्ति ने अपनी बीमार मां को घर में बंद कर दिया और पत्नी, बच्चों तथा ससुराल वालों के साथ महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज चला गया था । पड़ोसियों को उसके बारे में तब पता चला जब वह भूख के कारण सहायता के लिए चिल्लाने लगी। पुलिस ने ताला तोड़कर उसे बचाया। पड़ोसियों ने तुरंत उसे खाना दिया। उसे दवाइयां भी दी गई और सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने बुधवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर कॉलोनी में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के एक क्वार्टर से 65 वर्षीय महिला को मुक्त कराया। पुलिस ने बताया कि महिला सोमवार से घर में बंद थी और चूड़ा खाकर जिंदा थी। पड़ोसियों को उसके बारे में तब पता चला जब वह भूख के कारण सहायता के लिए चिल्लाने लगी।

पिछले दिनों ओडिशा के संबलपुर जिले के कुचिंदा में मानव शर्मसार तब हुआ जब एक नवजात शिशु का शव एक बोरे में मिला। घटना कुचिंदा के खंडोकटा गांव की है। अचानक अल-सवेरे के पास एक बोरे को देखा। बोरे के पास कुत्ते नोंच नोंच कर बोरे को फाड़ने की कोशिश कर रहे थे। लोगों को इस व्यवहार पर शक हुआ। बोरे में एक नवजात शिशु का शव मिला। लोगों ने तुरंत कुचिंदा पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस तरह की घटनाओं ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या अब इंसानी रिश्तों में भी संवेदना खत्म होती जा रही है? कोई अपना खून, वह भी पोता, अपनी बीमार दादी को इस तरह सड़कों पर मरने के लिए छोड़ दे, यह न सिर्फ कानून अपराध है बल्कि नैतिक रूप से भी घोर अमानवीय कृत्य है.वहीं बीमार मां को ताले में बंद कर कुंभ स्नान करने वाले पापी भी मौजूद है वहीं मासूम बच्चे को कूड़े में फेंक कर कथित इजलत के रखवाले भी इसी समाज में छिपे हुए हैं। सवाल यह है कि इंसानियत कहां मर रही है? इंसान का खून पानी क्यों बन रहा है? क्या इंसानी रिश्ते बेमानी हो गए है जब खून के संबन्धों के प्रति इतनी अमानवीयता क्रूरता हैवानियत है तो समाज और दूसरे लोगों के प्रति कैसा वहशीपन हो सकता है?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# राजनीतिज्ञों की हिंसक प्रवृत्ति!

स्वतन्त्र भारत की राजनीति में जिस प्रकार का नैतिक पतन हम देख रहे हैं उसे कई प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है। यदि समाज के नजरिये से देखें तो जैसा समाज होगा वैसे ही लोग राजनीति में आकर उसका चरित्र बनायेंगे और यदि राजनैतिक नजरिये से देखें तो जो राजनीति का चरित्र होगा वैसा ही समाज बनेगा परन्तु भारतीय दृष्टि कहती है कि 'यथा राजा-तथा प्रजा'। इसका अर्थ यही है कि जैसे लोग राजनीति में आयेंगे वैसा ही वे समाज भी बनाने का प्रयास करेंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा संसदीय लोकतन्त्र है और यहां हर पांच साल बाद लोगों के हाथों में सत्ता परिवर्तन की चाबी रहती है। इसका मतलब यही है कि राजा जनता के बीच से ही उठकर आता है न कि किसी महारानी के पेट से जन्म लेकर किन्तु भारत की राजनीति में जिस प्रकार परिवारवाद प्रभावी है उसने लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए ही चुनौती खड़ी कर रखी है क्योंकि परिवार की विरासत संभालने वाले राजनीतिज्ञ तर्क देते हैं कि जब डाक्टर का बेटा डाक्टर हो सकता है और इंजीनियर का बेटा इंजीनियर हो सकता है तो राजनीतिज्ञ का बेटा राजनीतिज्ञ क्यों नहीं हो सकता, जबकि लोकतन्त्र में जनता ही किसी राजनैतिक परिवार की विरासत संभाले व्यक्ति को बहुमत से चुनकर विधानसभा या लोकसभा में भेजती है। ऐसे तर्क हम उन नेताओं से ही प्रायः सुनते हैं जो विशिष्ट जातियों के नेता होते हैं अर्थात जातिवादी दलों की कमान संभाले होते हैं। इस जातिगत राजनैतिक व्यवस्था के चलते भारत का लोकतन्त्र ऐसे राजतन्त्र में बदल जाता है जिसमें राजा का मुंह देखकर ही आम जनता स्वयं को धन्य समझने लगती है और यह भूल जाती है कि उसे एक वोट का अधिकार दुनिया की ऐसी नियामत है जिसके प्रयोग से वह खुद भी राजा बन सकता है। सौभाग्य से भारत का प्रधानमन्त्री आज एक ऐसा व्यक्ति है जो बचपन में कभी चाय बेचा करता था। श्री नरेन्द्र मोदी का प्रधानमन्त्री बनना ही भारत के लोकतन्त्र की असलियत है जिसे परिवारवादी दल पचा नहीं पा रहे हैं । मगर आज असली सवाल राजनीति में आये नैतिक पतन का है। पतन इस हद तक आ चुका है कि मन्त्री खुद सरकारी अफसरों को पीट रहे हैं और लहूलुहान कर रहे हैं। जो मन्त्री जनता द्वारा चुना गया होता है वह अपनी कलम की जगह हाथों से काम ले रहा है।हिमाचल प्रदेश में मन्त्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के दो अधिकारियों की पिटाई की जिनमें से एक तो अभी तक अस्पताल में दाखिल है। मन्त्री के खिलाफ प्राधिकरण की एक सड़क परियोजना के प्रबन्धक श्री अचल जिन्दल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि श्री अनिरुद्ध सिंह ने अपने चुनाव क्षेत्र में सड़क परियोजना के चलते उसके किनारे बने मकान के ढह जाने पर आक्रोशित होकर उनके साथ ही इलाके के 27 वर्षीय इंजीनियर योगेश वर्मा की भी पिटाई की और दोनों को बुरी तरह जख्मी कर दिया। दूसरी घटना ओडिशा की है जहां कुछ राजनैतिक कार्यकर्ताओं ने प्रादेशिक नागरिक सेवा के अधिकारी श्री रत्नाकर साहू के कार्यालय में घुसकर उन्हें दफ्तर से बाहर घसीट कर बुरी तरह पीटा। यह घटना भुवनेश्वर की है। अधिकारी रत्नाकर साहू भुवनेश्वर महानगर पालिका में अतिरिक्त आयुक्त पद पर आसीन हैं।

कार्य भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया जबकि जिस मन्त्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ शिमला में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई गई वह कांग्रेस पार्टी के हैं। भारतीय राजनीति में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है क्योंकि हिंसक तरीके अपनाने का दम भरने वाली कोई भी राजनैतिक पार्टी चुनावों में भाग नहीं ले सकती। श्री साहू ने थाने में छह अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें कहा गया है कि इन लोगों ने उनसे यह कहा कि क्या उन्होंने भाजपा नेता जग्गनाथ प्रधान से माफी मांगी या नहीं। प्रधान भुवनेश्वर भाजपा के नेता हैं। उपरोक्त दोनों घटनाएं बताती हैं कि राजनीति में हिंसक प्रवृत्ति के लोग बढ़ते जा रहे हैं और वे मन्त्री तक बन रहे हैं। जिस समय श्री साहू को दफ्तर से घसीट कर बाहर लाया गया उस समय वह आम लोगों की शिकायतें सुन रहे थे।आम जनता के सामने इस प्रकार की घटना को अंजाम देकर आखिरकार राजनैतिक कार्यकर्ता क्या पैगाम देना चाहते हैं? असली पैगाम यही है कि राजनीति गुंडा तत्वों का शरण स्थल बन रही है। इस बारे में पश्चिमी विचारक को उद्धृत किया जा सकता है। भारत में इस प्रकार की हिंसक राजनैतिक प्रवृत्ति को रोकना होगा क्योंकि सरकारी अफसर भी हमारे लोकतन्त्र का एक स्तम्भ होते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि इन्हीं के माध्यम से विकास व प्रगति के कार्यों को कराते हैं। भारत के लोकतन्त्र की कार्यपालिका एक मजबूत खम्भा है जो अपना कार्य संविधान की शपथ लेकर ही करती है। मगर इस स्तम्भ को क्षुद्र राजनीति का शिकार प्रायः बनाया जाता है और जबरन उससे राजनीतिज्ञ अपने मनमाने फैसले लागू करने की जिद करते हैं। इसका सीधा असर समाज पर पड़ता है और उसका चरित्र भी इसी सांचे में ढलता चला जाता है। जबकि लोकतान्त्रिक राजनीति में शालीनता इसका गहना होती है। जो भी व्यक्ति राजनीति के सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करता है उसका जीवन एक खुली किताब बन जाता है। यह इसीलिए है जिससे जनता राजनीतिज्ञों के जीवन से प्रेरणा ले सके और सभ्य व सुसंस्कृत समाज का निर्माण हो सके। महात्मा गांधी की दृष्टि यही थी। अतः बहुत जरूरी है कि हम राजनीति में हिंसक प्रवृत्ति रखने वाले व्यक्तियों को आगे न बढ़ने दें मगर जातिवादी पर परिवारवादी राजनीति के चलते यह कार्य दुष्कर होता जा रहा है।

# दैनिक राशिफल



ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी




**मेष**-किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृष**-जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**-परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है, धैर्य रखें।

**कर्क**-किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे।

**सिंह**-कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या**-अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें।

**तुला**-यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक**-तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु**-कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा।

**मकर**-व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं।

**कुंभ**-किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है।

**मीन**-दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।

## संपादकीय

# माधवदास वैरागी कैसे बन गए बंदा सिंह बहादुर

बंदा सिंह बहादुर जिनका बचपन का नाम लक्ष्मण दास था और उनका जन्म कश्मीर के पुंछ गांव के राजौरी में 1670 ई. को हुआ। बचपन से ही वह फारसी, संस्कृत, पंजाबी आदि भाषाओं का ज्ञान रखते थे और युद्ध कला में भी निपुण थे। एक दिन शिकार के दौरान उनका तीर एक गर्भवती हिरणी को लगने से तड़प-तड़प कर उसकी और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मृत्यु हो गई। उसे मृत अवस्था में देख वह वैराग्य की अवस्था में आ गये और सब कुछ त्याग जंगल की ओर चल पड़े। साधू जानकी दास के संपर्क में आने के बाद उन्होंने नाम बदलकर माधवदास रख लिया। कुछ समय बाद हजूर साहिब के पास एक स्थान पर उनकी मुलाकात गुरु गोबिंद सिंह जी से हुई और उसी मुलाकात ने उनका जीवन बदल दिया और गुरु जी के बंदा बन गए। मुगल शक्ति के ना हारने और भारतीयों द्वारा उन्हें ना हरा पाने का सदियों पुराना भ्रम तोड़कर रख दिया। उनकी सूरवीरता से प्रसन्न होकर गुरु जी ने बंदा सिंह को बहादुर का खिताब दिया तभी से उन्हें बंदा सिंह बहादुर कहकर सम्बोधन किया जाने लगा।

इतिहास गवाह है कि बंदा सिंह बहादुर ने मुगलों की ईंट से ईंट बजा दी और गुरु साहिब के साहिबजादों का बदला भी मुगलों से लिया मगर अन्त में मुगलों ने उन्हें कैद कर कुतुबमीनार के सामने स्थान पर अनेक कष्ट देकर जबरन इस्लाम कबूलने को कहा गया लेकिन जब वह नहीं माने तो उनके 6 वर्षीय पुत्र अजय सिंह का कलेजा निकालकर बंदा सिंह बहादुर के मुंह में डाला गया। जो शायद पृथ्वी लोक पर अकेली ऐसी घटना है। किसी के भी बच्चे को अगर जरा सी भी चोट लग जाये तो हमारे हाथ-पांव फूल जाते हैं, पर धन्य हैं बाबा बंदा सिंह बहादुर जिन्होंने हर कष्ट तो सह लिया, पर हार नहीं मानी, आखिरकार उनकी शहादत हो गई। मगर आज दुख होता है जब कुछ एजेन्सियां और सरकारों को चलाने वाले अफसरशाही सिख विरोधी सोच के लोग उन्हें बन्दा वैरागी बताकर यह साबित करने में लगे हैं कि वह सिख नहीं थे। मगर उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि जब तक वह वैरागी थे उनमें बहादुरी नहीं थी। शक्ति उन्हें अमृतपान के बाद आई इसलिए उन्हें सम्बोधन करते समय बाबा बन्दा सिंह बहादुर का प्रयोग करना चाहिए वैरागी का नहीं।

### 40 दिनों में बच्चे सीख गए गुरबाणी पाठ

आज समय ऐसा आ गया है लोग अपनी मातृ भाषा में बातचीत करना तौहीन समझते हैं। 99 प्रतिशत सिखों के घरों में भी बातचीत का माध्यम अंग्रेजी या फिर हिन्दी बन चुका है। बेहतर एजुकेशन बच्चों को दिलाने के चलते हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा कानवेंट स्कूलों में पढ़े ताकि आगे चलकर वह अपना भविष्य बेहतर बना सके मगर शायद वह यह भूल जाते हैं कि कानवेंट स्कूलों में बच्चे अंग्रेजी तो सीख जाएंगे मगर अपनी मातृ भाषा का ज्ञान उन्हें नहीं मिल सकेगा और जब बच्चे मातृ भाषा भाव गुरमुखी ही नहीं सीखेंगे तो पाठ करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। इसी के चलते आज युवा वर्ग सिखी का त्याग करता चला जा रहा है। पहले समय में भले बच्चे स्कूलों में मातृ भाषा न भी सीखें, पर परिवार बड़े होने के चलते दादा-दादी के द्वारा ही बच्चों को अपनी भाषा, गौरवमयी विरसे की जानकारी दी जाती थी, अब तो वह भी नहीं रहा। माता-पिता बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के चक्कर में दौड़- धूप की जिन्दगी व्यतीत करने को मजबूर हैं, उनके पास बच्चों को धार्मिक शिक्षा देने का समय ही नहीं है। ऐसे में गुरमत कैंप ही एकमात्र विकल्प बचा है जिसमें बच्चे गुरमुखी, सिख इतिहास, कीर्तन आदि की शिक्षा ले सकते हैं मगर उनमें भी बहुत कम अभिभावक ही अपने बच्चों को भेजते हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी द्वारा इस बार 230 के करीब गुरमत कैंप गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए लगाए गए, इसके साथ ही एक विशेष कैंप उ.प्र. के अनूपशहर जहां गुरु हरिराय साहिब जी का आनन्द कारज हुआ था, उसी गुरुद्वारा साहिब में लगाया गया जिसमें 40 दिनों के लिए बच्चों को रखकर उन्हें अमृतवेले उठाया गया, स्नान के पश्चात पाठ, कीर्तन, पंजाबी सिखलाई की क्लास ली गई, जिसका परिणाम यह निकला कि आज वह बच्चे जिन्हें गुरमुखी का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं था, उड़ा-ऐड़ा तक नहीं आता था, मात्र 40 दिनों के भीतर वह ना सिर्फ गुरमुखी सीख गए बल्कि पाठ और कीर्तन भी करने लगे। इनमें कई बच्चे तो बहुत ही छोटी उम्र के भी थे। दिल्ली कमेटी द्वारा बकायदा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सर्टीफिकेट भी दिए।

### सिखों की देशभक्ति पर किसी को शक नहीं

इतिहास इस बात का गवाह है कि सिख वह मार्शल कौम है जिसने देश की आजादी से लेकर आज तक जब भी देश को आवश्यकता हुई सबसे आगे बढ़कर कुर्बानियां दीं। सिखों की गिनती भले ही इस देश में 2 प्रतिशत हो मगर उनकी कुर्बानियां 85 प्रतिशत से अधिक रही हैं, यहां तक कि अंग्रेज हकूमत भी सिखों की बहादुरी के सामने घुटने टेक दिया करती थी। सारागढ़ी का युद्ध आज भी याद है जब मात्र कुछ सिख फौजियों ने हजारों की दुश्मन फौज का निडरता के साथ सामना किया। आज भी देश की सरहदों पर सिख सैनिक सीना तानकर देश की रक्षा हेतु तैनात हैं। आजादी के बाद से पंजाब का युवा सिख या तो खेती करता या फिर फौज में जाने पर गर्व महसूस करता। हालांकि बीते समय में सरकारों द्वारा बनाई गई नीतियों के चलते सिखों की सेना में भर्ती कम हुई है क्योंकि सरकारी नीति के अनुसार राज्य की संख्या के आधार पर भर्ती की जाने लगी जिसमें पंजाब से ज्यादा फौजी दूसरे राज्यों से आने लगे। आज भी अनेक ऐसे सिख परिवार हैं जिनके लड़के ही नहीं लड़कियां भी फौज में हैं। हाल ही में लेफिटेंट जनरल डी. पी. सिंह जिन्हें पदौन्नित मिली तो उन्हें मैडल उनकी दोनों बेटियों ने पहनाए जो कि आर्मी में ही मेजर के पद पर तैनात थी। एक बाप के लिए यह गौरवांतित पल रहे होंगे कि उसकी बेटियां भी उसके नक्शे कदम पर चलते हुए देश की रक्षा में तत्पर हैं। मगर अफसोस तब होता है जब विदेशों में बैठे गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे वह लोग जिनकी गिनती ना के बराबर है जो सिखी स्वरूप में भी नहीं मगर अपने आप को सिख कहते हैं और खालिस्तान की बातें करते हैं। पाकिस्तान की शह पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उनकी वजह से समूची सिख कौम बदनाम होने लगती है।

### दिलजीत के समर्थन में सिख

दिलजीत फिल्म ''सरदार जी 3'' में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर की मौजूदगी को लेकर आलोचना झेल रहे हैं। तमाम भारतीय सितारों, गायकों और फिल्म संगठनों ने उनका विरोध किया है। हालांकि देखा जाए तो फिल्म में अभिनेत्री उन्हें दिलजीत ने नहीं बल्कि फिल्म के निर्माता ने लिया होगा। उसने पहलगांव हादसे के बाद जिस प्रकार भारत के खिलाफ जहर उगला उसके चलते उसकी आलोचना बनती भी है मगर जो लोग दिलजीत को गद्दार या उसके खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। दिलजीत ने हमेशा ही अपने देश और कौम का गौरव बढ़ाया है। विश्व की सबसे महंगी मैग्जीन के मुख्य पृष्ठ पर आज अगर किसी भारतीय की तस्वीर छपी है तो वह दिलजीत दोसां है। कुछ लोग उसकी नागरिकता समाप्त करने तक की बात करते दिख रहे हैं जो किसी भी सूरत में सही नहीं है। दिलजीत को अब सिख नेताओं का समर्थन मिलता दिख रहा है। जिसमें दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो, अकाली दल नेता परमजीत सिंह सरना, मनजीत सिंह जीके, भाजपा नेता आर.पी. सिंह, तख्त पटना कमेटी के प्रवक्ता हरपाल सिंह जौहल, उपाध्यक्ष गुरुविन्दर सिंह सहित अनेक नेता हैं जो दिलजीत का समर्थन करते दिखें और होना भी चाहिए क्योंकि इस सब घटनाक्रम में दिलजीत का कोई रोल नहीं है, उसे बिना वजह बदनाम किया जा रहा है। असल में देखा जाए तो इसमें वह गायक भी शामिल हैं जिनकी दिलजीत की बुलंदियां छूने के चलते लोकप्रियता समाप्त हो रही थी।

# सांप्रदायिक सौहार्द और अफवाहों के दौर में संवैधानिक विवेक की ज़रूरत

भारत एक बहुधर्मी, बहुजातीय और बहुसांस्कृतिक राष्ट्र है जिसकी आत्मा उसकी विविधता में रची-बसी है। यह वह देश है जहाँ राम और रहीम एक ही खेत की उपज माने जाते हैं, जहाँ गुरुनानक, कबीर और नानक की वाणी गूंजती रही है और जहाँ संविधान ने इस विविधता को संरक्षित करते हुए सबको समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का अधिकार दिया है। परंतु बीते कुछ वर्षों में, और विशेषकर सोशल मीडिया के विस्तार के साथ, यह सौहार्द बार-बार चुनौती के घेरे में आ जाता है। अफवाहों, दुर्भावनाओं और षड्यंत्रों की आँधी में जब समाज बँटने लगता है, तब संवैधानिक विवेक और नागरिक चेतना की कसौटी सामने आ खड़ी होती है। आज के भारत में सांप्रदायिकता कोई आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि योजनाबद्ध रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है। चुनावी लाभ, सामाजिक ध्रुवीकरण या वैचारिक प्रभुत्व के लिए कुछ तत्व धार्मिक संवेदनाओं को हथियार बनाकर समाज को बांटने में लगे हैं। मंदिर और मस्जिद, व्रत और रमज़ान, गीता और कुरान अब किसी के व्यक्तिगत आस्था का विषय नहीं, बल्कि भीड़ की राजनीति का हिस्सा बना दिए गए हैं। इससे सबसे अधिक क्षति उस साझा संस्कृति को होती है जिसे भारत ने सदियों से अपने व्यवहार में आत्मसात किया है। इस पृष्ठभूमि में अफवाहों की भूमिका और अधिक खतरनाक हो जाती है। झूठी खबरें, छेड़े गए वीडियो, काल्पनिक घटनाएं और आधे-अधूरे तथ्यों पर आधारित पोस्ट, आजकल सोशल मीडिया की मुख्य पूंजी बन गई हैं। किसी एक फोटो को गलत संदर्भ में डालकर पूरा शहर जलाया जा सकता है। किसी एक अफवाह से बाजार बंद हो सकते हैं, रिश्ते टूट सकते हैं और असहिष्णुता की लपटें पूरे समाज को निगल सकती हैं। यह केवल सूचना का संकट नहीं, यह विवेक का संकट है। यहाँ संविधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के नैतिक जीवन का पथ-प्रदर्शक है। जब अफवाहें फैलती हैं, जब किसी धर्म को निशाना बनाया जाता है, जब भीड़ न्यायालय बन जाती है, तब हमें यह स्मरण करना चाहिए कि हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार देता है, अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संरक्षण करता है, और अनुच्छेद 25-28 धार्मिक स्वतंत्रता के मूलाधिकारों को सुनिश्चित करते हैं। इन अधिकारों की रक्षा केवल अदालतों से नहीं, बल्कि नागरिक विवेक से भी होती है। यह विवेक तब और आवश्यक हो जाता है जब शासन-प्रशासन स्वयं पक्षपातपूर्ण प्रतीत होने लगे। यदि प्रशासन किसी एक धर्म विशेष के साथ कठोर और दूसरे के साथ नरम हो, यदि पुलिस की निष्पक्षता संदेह के घेरे में आ जाए, तो लोकतंत्र की जड़ें हिलने लगती हैं। ऐसे में नागरिक समाज, मीडिया और युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इन्हें न केवल सतर्क रहना होगा, बल्कि अफवाहों का खंडन करना, संवैधानिक मूल्यों का प्रचार करना और आपसी संवाद को बढ़ावा देना भी ज़रूरी है। ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि सांप्रदायिक हिंसा केवल कुछ व्यक्तियों या समुदायों को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि यह पूरे समाज को अविश्वास, डर और नफरत के वातावरण में ढकेल देती है। जब एक मोहल्ले में कोई धार्मिक उन्माद फैलता है, तो उसके दूरगामी प्रभाव व्यापार, शिक्षा, रोजगार, और सबसे बढ़कर आपसी संबंधों पर पड़ते हैं। इसका समाधान केवल कानूनी कार्रवाई या शांति बैठक नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक पुनर्निर्माण की मांग करता है। बच्चों को बचपन से ही विविधता का सम्मान सिखाना होगा, स्कूलों में नागरिक शास्त्र को केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि व्यवहार के रूप में अपनाना होगा। सोशल मीडिया पर फैक्ट चेकिंग की आदत बनानी होगी और हर उस आवाज के साथ खड़ा होना होगा जो शांति, सह-अस्तित्व और संवाद की बात करे। किसी एक घटना से पूरे समुदाय को कलंकित करने की प्रवृत्ति को नकारना होगा और यह स्वीकार करना होगा कि देश की असली ताक़त उसकी विविधता में है, न कि एकरूपता में। यह भी आवश्यक है कि संवैधानिक संस्थाएं सशक्त और स्वतंत्र बनी रहें। न्यायपालिका को नागरिक अधिकारों की रक्षा में निर्भीक रहना होगा। चुनाव आयोग, मानवाधिकार आयोग और प्रेस परिषद जैसे निकायों को अपने दायित्व को निष्पक्षता और संवेदनशीलता से निभाना होगा। यदि ये संस्थाएं अपने कार्य से पीछे हटती हैं, तो अफवाहें, असहमति का दमन और बहुसंख्यकवादी आग्रह ही सामाजिक दिशा तय करने लगेंगे। आज जब एक छोटी सी अफवाह से पूरा समाज सुलग सकता है, तब सबसे अधिक ज़रूरत है उस विवेक की जो संविधान ने हमें सौंपा है। यह विवेक केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार, हमारे विचार और हमारी प्रतिक्रियाओं में प्रतिबिंबित होना चाहिए। जब हम किसी धर्म विशेष के प्रति पूर्वग्रह से नहीं, बल्कि सहानुभूति से सोचने लगें, जब हम हर अफवाह पर विश्वास करने से पहले प्रश्न पूछने लगें, और जब हम हर असहमति को देशद्रोह नहीं, लोकतंत्र की आत्मा मानने लगें, तभी हम वास्तव में एक संवैधानिक नागरिक कहलाने योग्य होंगे। संविधान न तो केवल न्यायालयों की चीज़ है, न केवल अधिवक्ताओं और विधिवेताओं की संपत्ति। यह हर उस नागरिक का नैतिक दायित्व है जो भारत की एकता, अखंडता और मानवता में विश्वास रखता है। हर बार जब समाज किसी धार्मिक विवाद से जूझता है, तब यह हमसे पूछता है कि हम केवल एक भीड़ हैं या एक विवेकशील गणराज्य के उत्तरदायी नागरिक। इस प्रश्न का उत्तर हमें आज और अभी देना होगा। भारत की आत्मा बहुलता में है, और इसे बचाने का उत्तरदायित्व आज हमारे हाथों में है। आइए, हम अफवाहों के विरुद्ध विवेक की मशाल जलाएं, और सांप्रदायिकता की धुंध में संविधान की लौ को बुझने न दें।

**हंसराज चौरसिया**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बैतालपुर चीनी मिल चलाने को धरना 203 वें दिन जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति और संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों का धरना आज 203 वे दिन भी जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी किसान सभा के अध्यक्ष विकास दूबे ने कहा कि जब तक बैतालपुर चीनी मिल नहीं चल जाती तब तक किसानों का यह सत्याग्रही आंदोलन जारी रहेगा। जिस प्रदेश के मुखिया अपने विकास कार्यों की श्रृंखला गिना रहे हैं वहीं देवरिया में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु चार-चार बार घोषणा करने के बाद भी चीनी मिल नहीं चला पा रहे हैं जो किसानों के साथ क्रूर मजाक है उनसे किसानों की अपील है कि अविलंब मिल को चलाने की प्रक्रिया शुरू कर अपने ही द्वारा किए हुए वादे को पूरा करें। धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, बरकत अली, राजू चौहान, रमजान यादव, आस मोहम्मद, बजरंगी दास, जयप्रकाश प्रसाद, नईम खान, उग्रसेन सिंह, राम प्रकाश सिंह, विजय शंकर कर्मयोगी, संजीव शुक्ला,अशोक मालवीय, व्यास राधागिरी,राम आशीष गुप्ता ,रामनारायण यादव , पृथ्वीनाथ प्रजापति,प्रद्युम्न पांडे,रामनिवास पांडे, वीरभद्र, ओमप्रकाश, राजेंद्र मणि, हारून रशीद, अरविंद यादव, जगदीश यादव, ओम प्रकाश सिंह, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, पन्ने लाल चौहान, शैलेंद्र सिंह, शंभू नाथ तिवारी, कोमल यादव, राम लखन प्रसाद, मिठाई लाल, मुन्ना प्रसाद आचार्य, बद्रीमल त्रिपाठी ,अरुण लाल ,इत्यादि लोग धरने पर मौजूद थे ।


### मत्स्य पालक राजकीय मत्स्य प्रक्षेत्र बेलहा लालगंज से मत्स्य बीज क्रय कर अपने तालाबों में संचय करें

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया कि राजकीय मत्स्य प्रक्षेत्र बेलहा लालगंज में उत्तम कोटि का मत्स्य बीज (रोहू, कतला, नैन, सिल्वर, ग्रास, कॉमन कार्प प्रजाति) मत्स्य पालन हेतु तालाब में संचय योग्य उपलब्ध है। इच्छुक मत्स्य पालक द्वारा मत्स्य बीज क्रय कर अपने तालाबों में संचय कर सकते है। मत्स्य बीज क्रय हेतु प्रक्षेत्र प्रभारी कमलेश कुमार बौद्ध से सम्पर्क कर जिनका मोबाइल नम्बर-9695120662 है से राजकीय मत्स्य प्रक्षेत्र बेलहा लालगंज प्रतापगढ से मत्स्य बीज प्राप्त किया जा सकता है।

### जीआरपी ने पकड़ा फर्जी टीटीई

**अलीगढ़।** जीआरपी ने ट्रेन में एक फर्जी टीटीई को पकड़कर उसके खिलाफ मुकद्मा दर्ज कराया गया है। फर्जी टीटीई की वर्दी पहन कर यात्रियों की टिकट चैकिगं करके उनसे वसूली करता था। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि राजेंद्र नगर टर्मिनल स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन में संदिग्ध अवस्था में टीटीई की वर्दी में एक व्यक्ति दिखाई दिया। शक होने के बाद पूछताछ करने पर वह व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान निगम कुमार निवासी वार्ड 4 रमेंद्रपुरा लखीसराय बिहार बताई है। आरोपी बीएससी की पढ़ाई कर चुका है। अपने कुछ दोस्तों के साथ दिल्ली घूमने गया था। वापसी में टीटीई की ड्रेस पहनकर पेंट्री कार संचालक को धमकाने लगा। शक होने पर पेंट्री कार संचालक ने ट्रेन के टीटीई सुनील कुमार को इसकी जानकारी दी। इसके बाद नॉन स्टॉप ट्रेन को अलीगढ़ में रुकवाया गया। इस संबंध में टीटी सुनील कुमार ने थाना जीआरपी में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह फर्जी तरीके से टीटीई की वर्दी पहनकर यात्रियों की टिकट जांच करता है, फिर उनसे धनराशि वसूलता है। तलाशी के दौरान उसके पास रेलवे का फर्जी पहचान पत्र (आईडी कार्ड) मिला है।

### ट्रैक्टर -ट्रॉली ने दो व्यक्तियों को रौंदा,मौत




**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र में लापरवाही पूर्वक तीव्र गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया। जिसमें दोनों व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस चौकी पिलखना के गांव सिकंदरपुर में सुबह तीव्र गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली द्वारा दो राहगीरों में टक्कर मार। जिसमें दो व्यक्ति अनमोल उम्र 22 वर्ष में बबलू उम्र 32 वर्ष निवासी सिकंदरपुर की मृत्यु हो गई, पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मौके पर शांति व कानून व्यवस्था कायम है। पुलिस द्वारा ड्राइवर को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है, व तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है ।

# खजनी में प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालय मर्जर के खिलाफ उठाई आवाज, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**●उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ खजनी इकाई ने परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग और मर्जर नीति के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी-** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, खजनी इकाई ने परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग और मर्जर नीति के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडे और ब्लॉक मंत्री संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों ने खजनी के माननीय विधायक श्री राम चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शिक्षकों ने सरकार के इस निर्णय को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) 2009 और बाल अधिकारों के खिलाफ बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षकों ने कहा कि 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को सीमित करेगा। इससे गरीब, मजदूर और वंचित परिवारों के बच्चे, खासकर बालिकाएं, शिक्षा से वंचित हो जाएंगी, क्योंकि मर्जर के बाद स्कूलों की दूरी बढ़ने से ड्रॉपआउट दर में वृद्धि होगी।

शिक्षकों ने तर्क दिया कि RTE के तहत प्रत्येक बच्चे को 1 किमी के दायरे में प्राथमिक और 3 किमी के दायरे में उच्च प्राथमिक विद्यालय की सुविधा मिलनी चाहिए। मर्जर नीति इस अधिकार का खुला उल्लंघन है।विधायक राम चौहान ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया



कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी निर्णय बच्चों और शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाना चाहिए।इस अवसर पर महामंत्री डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ के विनोद पांडे, रामानंद मौर्य, आशुतोष त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह, अंजनी कुमार त्रिपाठी, अरविंद पाठक, राम मुरारी लाल, रमेश यादव और धीरेंद्र त्यागी उपस्थित रहे। शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी न हुईं, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज करेंगे। संघ के नेताओं ने कहा कि यह नीति न केवल शिक्षकों के रोजगार को खतरे में डालती है, बल्कि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को भी कमजोर करती है।शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि मर्जर के बजाय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति, बुनियादी सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दिया जाए।

## 5 हजार स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा पत्रक


स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** प्रदेश सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा परिषद के 5 हजार स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन 'के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्टरी पहुँच सरकार विरोधी नारे लगाये और जनहित में राज्यपाल को संबोधित मांग-पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन 'ने प्रशासन को दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं छात्रों एवं बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने 5 हजार प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया है, जो युवा छात्र एवं बेरोजगार विरोधी निर्णय है। कई जिलों में आज से मर्ज भी कर दिए गए हैं। इसका व्यापक दुष्परिणाम गांव के बच्चों पर पड़ेगा क्योंकि उन्हें दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतें आयेगी, उसके साथ ही मिड-डे-मील के तहत जो स्कूलों में खाना बनाते थे उनकी नौकरी भी चली जाएगी। बी.एड, बी.टी.सी की डिग्री लिए युवाओं के लिए नौकरी की दिक्कतें खड़ी होगी। प्रदेश सरकार का यह कदम हर तरीके से युवाओं,छात्रों एवं बेरोजगार नौजवानों के हितों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी सरकार के इस निर्णय की घोर भर्त्सना करती है। पार्टी ने युवाओं,छात्रों एवं बेरोजगारों के व्यापक हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का निर्णय लिया है। यह सरकार जनविरोधी है, इस निर्णय को तत्काल वापस ले। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्ला लारी, राघवेंद्र सिंह, पुरूषोत्तम सिंह, मुकुंद भास्कर मणि, सुभाष राय, ऋषिकेश मिश्रा, वरूण राय, नौशाद खान एपी, अरविन्द शाही, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, चंदू वर्मा, अब्दुल जब्बार,जुलेखा खातून, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्रा, महेंद्र अंबेडकर,शहनाज जफर, सच्चिदानंद मिश्रा, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, रत्नेश मल्ल आदि मौजूद रहें।

## खजनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता- 20 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी (गोरखपुर)-** खजनी थाना क्षेत्र की उनवल चौकी पुलिस ने बुधवार रात एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए 20 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। हमारे खजनी तहसील रिपोर्टर राम आशीष तिवारी अनुसार यह कार्रवाई उनवल चौकी प्रभारी राजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर तस्कर को धर दबोचा।पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात करीब 9 बजे चौकी प्रभारी राजीव कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में गांजा लेकर जा रहा है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नगर पंचायत उनवल के दक्षिण में स्थित सिन्धी भट्ठे के पास घेराबंदी की। वहां से एक मोटरसाइकिल सवार को रोका गया, जिसके कब्जे से 20 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान तस्कर ने अपना नाम नीरज, पिता कौशल, निवासी लुचुई, वार्ड नंबर 13, नगर पंचायत



सहजनवां, थाना सहजनवां बताया। पुलिस ने तस्कर को तत्काल हिरासत में ले लिया और गांजा सहित मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। खजनी थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की जा रही है और उसे जेल भेजा जा रहा है।यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्ती को दर्शाती है। स्थानीय लोगों ने इस सफलता पर पुलिस की सराहना की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ उनकी टीम लगातार सतर्क है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी। इस घटना से क्षेत्र में नशा तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि तस्करी के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

## गोरखपुर में पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात लुटेरा सद्दाम अंसारी गिरफ्तार, स्कूटी, मंगलसूत्र, तमंचा समेत भारी बरामदगी

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पुलिस ने लूट और छिनैती के मामले में वांछित कुख्यात अपराधी सद्दाम अंसारी को एक नाटकीय मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की स्कूटी, मंगलसूत्र का लॉकेट, कान की बालियां, चार ई-रिक्शा बैट्री, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त घायल हो गया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गोरखपुर राज करन नैयर के निर्देश पर लूट और छिनैती जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज और गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में शाहपुर और चिलुआताल थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन को अंजाम दिया।घटना की शुरुआत 20 जून 2025 को हुई, जब एक महिला ने थाना शाहपुर में शिकायत दर्ज की कि सुबह टहलते समय



सद्दाम अंसारी ने उसकी कान की बाली और मंगलसूत्र छीन लिया। इसके आधार पर मुकदमा संख्या 303/2025 धारा 304(2) बीएनएस दर्ज किया गया। इसके बाद 25 जून 2025 को एक अन्य महिला ने चिलुआताल थाने में शिकायत दर्ज की कि मार्निंग वॉक के दौरान उसी अभियुक्त ने उसकी कान की बाली लूट ली।इस मामले में मुकदमा संख्या 433/2025 धारा 309(4) बीएनएस दर्ज हुआ।

**मुठभेड़ और गिरफ्तारी**

2-3 जुलाई 2025 की रात को पुलिस को सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त सद्दाम अंसारी क्षेत्र में सक्रिय है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की और उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन, अभियुक्त ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें सद्दाम के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया और मौके से अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, चोरी की स्कूटी, दो जोड़ी कान की बालियां (पीली धातु), एक मंगलसूत्र का लॉकेट (पीली धातु) और चार चोरी की ई-रिक्शा बैट्री बरामद की।इसके आधार पर थाना शाहपुर में मुकदमा संख्या 321/25 धारा 318(4), 317(2), 109(1) बीएनएस और 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। साथ ही, पहले दर्ज मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम अंसारी पुत्र सिकन्दर अंसारी, रसूलपुर, थाना गोरखनाथ, गोरखपुर का निवासी है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें चोरी, लूट और अवैध शराब तस्करी जैसे मामले शामिल हैंम्मु0अ0सं0 376/19, धारा 41,411 भादवि, थाना चिलुआतालमु0अ0सं0 402/17, धारा 60 अबकारी अधिनियम, थाना शाहपुरमु0अ0सं0 355/19, धारा 379,411 भादवि, थाना गोरखनाथमु0अ0सं0 303/2025, धारा 304(2),317(2) बीएनएस, थाना शाहपुरमु0अ0सं0 433/25, धारा 309(4),317(2) बीएनएस, थाना चिलुआतालपुलिस टीम की सराहना इस सफल ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय (थाना शाहपुर), प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव (थाना चिलुआताल), उपनिरीक्षक अंजय सिंह, संजय सिंह, मधुरेश, सच्चिदानंद पाण्डेय, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, अजय और राजू बिन्द शामिल थे। एसएसपी ने इस कार्रवाई के लिए टीम की सराहना की और इसे शहर में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## विद्यालय विलय के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन, विधायक को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** परिषदीय विद्यालयों के विलय के फैसले के विरोध में बुधवार को जिले के प्राथमिक शिक्षकों ने बड़ा कदम उठाया। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय के आदेश को लेकर नाराज़ शिक्षकों ने विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन किया जाएगा।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि विद्यालयों का इस प्रकार से एकीकरण करना निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मूल प्रावधानों के खिलाफ है। अधिनियम में स्पष्ट है कि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को निकटवर्ती विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करना उनका मौलिक अधिकार है। विद्यालय दूर होने पर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

शिक्षकों ने आशंका जताई कि इस कदम से गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सरकार की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसी योजनाएं भी प्रभावित होंगी। जिले के कई विद्यालयों में पहले से ही शिक्षकों की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, और प्री-प्राइमरी शिक्षा की बदहाल स्थिति जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। ऐसे में विद्यालयों का विलय बच्चों के शैक्षिक भविष्य के साथ अन्याय होगा। ज्ञापन देने वालों में बैतालपुर अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, मंत्री एवं जनपदीय कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि त्रिपाठी, गौरी बाजार अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मंत्री आलोक सिंह, देवरिया सदर अध्यक्ष नित्यानंद यादव, मंत्री एवं जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल, नितेश कुमार श्रीवास्तव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, जय प्रकाश आजाद, हरेंद्र पाल, अरुण यादव, अशोक चौरसिया, कीर्ति देव पांडे, विनय कुमार मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, दिलीप गोंड, अश्वनी श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, कंचनलता देवी उत्तम सिंह संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामसिंगार यादव, मंत्री सत्य प्रकाश सिंह, बैजनाथ पति त्रिपाठी, संदीप कुमार द्विवेदी, रमेश प्रताप यादव, अरुण कुमार दूबे, अतहर अली, अशोक सिंह, सुधीर तिवारी, अनिल यादव, विपिन कुशवाहा, सूर्यकांत पांडे (संघर्ष समिति अध्यक्ष, बैतालपुर), मंत्री विशाल यादव आलोक सिंह आदि भी उपस्थित रहे। शिक्षक संघ का कहना है कि यदि सरकार ने जल्दबाजी में लिया कि यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो वे आंदोलनात्मक रणनीति अपनाने को बाध्य होंगे।

## न्याय नहीं मिला तो तहसील परिसर में आत्मदाह करूंगी

**●गोरखपुर में आंगनबाड़ी नियुक्ति विवाद ने लिया तूल**

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** गोरखपुर के गोला तहसील में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां झरकटा गांव की प्रीति तिवारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री की नियुक्ति में कथित अनियमितता के खिलाफ आवाज उठाई है। प्रीति ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन ने आयुषी गौड को गलत आय प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी दे दी, जबकि वह अपात्र थीं। निराश प्रीति ने अब मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है और जांच न होने पर तहसील परिसर में आत्मदाह की चेतावनी दी है। गोला तहसील रिपोर्टर वृजनाथ त्रिपाठी अनुसार गोला विकास खंड के झरकटा गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री



का पद रिक्त होने पर कई ग्रामीणों ने आवेदन किया था। अनारक्षित इस पद पर आयुषी गौड की नियुक्ति हुई, जिनके पास तहसील से जारी 42 हजार रुपये सालाना आय का प्रमाण पत्र था। प्रीति तिवारी ने इस नियुक्ति को चुनौती दी, दावा किया कि आयुषी का परिवार आर्थिक रूप से संपन्न है। उनके ससुर और पति के पास टेंट का व्यवसाय, दुकान, दो मंजिला मकान, दो बाइक और गोपालपुर चौराहे पर बेशकीमती जमीन है। फिर भी, तहसील ने आयुषी को कम आय दिखाकर नियुक्ति दी, जो संदेहास्पद है।

प्रीति ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और तहसील दिवस पर एसडीएम को शिकायती पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रीति की आर्थिक स्थिति दयनीय है; उनके पति कैंसर से पीड़ित हैं और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाजरत हैं। अंत्योदय कार्डधारी प्रीति को उम्मीद थी कि यह नौकरी उनके परिवार की आर्थिक तंगी दूर करेगी, लेकिन कथित भ्रष्टाचार ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया।प्रीति ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आयुषी के आय प्रमाण पत्र की जांच किसी अन्य तहसील के अधिकारी से कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी, "यदि न्याय नहीं मिला तो मैं तहसील परिसर में आत्मदाह करूंगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।" यह मामला अब तूल पकड़ रहा है और स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। क्या प्रीति को न्याय मिलेगा, या यह मामला और गंभीर मोड़ लेगा?

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**●डीएम ने शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण , संस्थागत प्रसव? सुनिश्चित किए जाने का दिया निर्देश**

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** इस दौरान डीएम ने जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं नियमित टीकाकरण, आशा भुगतान, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना भुगतान, पीएम सुरक्षित मातृत्व सुरक्षा अभियान, आयुष्मान भारत, आभा आईडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य



कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट बनाते हुए शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए , कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छुटे, यह सुनिश्चित किया जाए। डीएम कहा कि सभी चिकित्सक नियमित एवं समय से अस्पताल में बैठे एवं मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करें। सभी चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था, शीतल पेयजल ,स्वच्छ शौचालय आदि सुनिश्चित किया जाए। एएनसी में गर्भवती महिलाओं की जांच के दौरान एनीमिक पाए जाने वाली गर्भवती महिलाओं पर विशेष फोकस करते हुए एनीमिया से बाहर निकालने की कारवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाने , जननी सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित समयावधि के भीतर शत प्रतिशत सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाने के निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल में मेटरनिटी एवं चाइल्ड डेथ का ऑडिट किए जाने एवं किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, समस्त सीएमएस ,जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य ने किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** महाराजगंज तराई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देवीपाटन मंडल के अपर निदेशक डॉक्टर अल्पना रानी गुप्ता ने निरीक्षण करते हुए अस्पताल का जायजा लिया, अस्पताल के परिसर मै पैदल ही प्रवेश कर उन्होने पाया कि डॉक्टर पंकज मरीज को देखने में व्यस्त है एवं फार्मासिस्ट शिव पूजन दवा वितरण में तथा सुनीता जच्चा बच्चा केंद्र में और वार्ड बॉय शकील रीना सभी कर्मचारी अपना अपना करते हुए व्यस्त पाये गए अपर निदेशक ने ओपीडी रजिस्टर देखकर वहां उपस्थित मरीज तीमारदार से अस्पताल के बारे में जानकारी ली ,मरीज को दी गई दवा जांच का अवलोकन किया अपर निदेशक ने संचारी रोग रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी ली ,उन्होंने हॉस्पिटल में मौजूद चिकित्सा कर्मियों से किसी भी प्रकार की लापरवाही न करते हुए मरीज तीमारदार के साथ अच्छा व्यवहार करने की बात कही, उन्होंने कहा किसी प्रकार की



दवा का अभाव नहीं होने दिया जाएगा, साफ सफाई का विशेष ध्यान देने बात कही ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर विकल्प मिश्रा को आदेशित किया की अस्पताल में फिनायल ब्लीचिंग पाउडर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय यह स्वास्थ्य केंद्र बाढ़ एरिया में आता है, एएनएम आशा को निर्देशित करें कि प्रत्येक गांव में वायरल फीवर दस्त डायरिया उल्टी जैसे रोग रोकथाम के बारे में डोर टू डोर ग्राम वासियों को जागरूक करें, एवं आवश्यक दवा का वितरण करें इसमें अगर लापरवाही हुई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अपर निदेशक डॉक्टर अल्पना रानी ने स्टॉक रजिस्टर दवा स्टार्ट रखरखाव लाइव साफ सफाई का निरीक्षण किया, अपर निदेशक कैंपस में बने हुए कर्मचारी आवास का निरीक्षण किया आवास निरीक्षण करने पर आवास के अंदर कुछ खामियां पाई जिसमें अंदर से रंग पेंट कुछ टीले टूटे व शौचालय सीट टूटा हुआ पाया गया जिस पर अधीक्षक पर काफी नाराजगी जाहिर करते हुए एक हफ्ते में सही करने की बात कही, तथा गेट व बाउंड्री वॉल का निर्माण करा कर बाहर लगे वाटर कूलर सही करने की बात कही, अपर निदेशक डॉक्टर अल्पना रानी गुप्ता ने उपस्थित कर्मचारी वह मैरिज तीमारदार के साथ अपनी एक फोटो भी खिंचवाई तथा मरीजों को कोई दिक्कत ना पड़े अपना फोन नंबर भी दिया, अपर निदेशक के इस पहल से चर्चा का बिंदु बना हुआ है हर तरफ ऐसे अधिकारी कि तारीफ लोग कर रहे हैं ,इस मौके पर डॉक्टर विकल्प मिश्रा अधीक्षक डॉक्टर पंकज पाल प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट शिव पूजन वार्ड बॉय शकील रीना सुनीता आर्य उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग ने वसूले एक लाख बीस हजार, तीन पर दर्ज कराया विद्युत चोरी का केस

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्निंग रेड अभियान के तहत बिजली विभाग ने अभियान चलाकर लाखों का बकाया शुरू किया। वही कई बकायेदारों की बिजली काटने के साथ ही तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। अधिशाषी अभियंता लालगंज रूपेश कुमार के नेतृत्व में एसडीओ आशुतोष कुमार ने क्षेत्र में विद्युत चोरी व बकायेदारों को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान विजलेंस टीम भी साथ रही। अभियान के तहत कुल एक लाख बीस हजार विद्युत बकाये की रकम वसूल की गयी। वहीं 23, घरों की बिजली काटी गयी। एसडीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी को लेकर एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है। कुल 24 घरों में स्मार्ट मीटर भी लगाये गये हैं। अभियान का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

## 6 गो वंशीय बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की भटनी पुलिस ने पिकप वाहन से 6 राशि गोवंशीय पशुओं के साथ 2 गो-तस्कर को गिरफ्तार किया है। भटनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सल्लहपुर के पास से पिकप वाहन संख्या क्र2ञ9157 से 6 राशि गोवंशीय पशुओं के साथ 2 गो-तस्करों पंकज कुमार पुत्र रमेश प्रसाद परसौनी व विकास कुमार पुत्र पवन पुरना छापर थाना भटनी देवरिया को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा बरामद वाहन व गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-152/2025 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का केस दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विज्ञान कैम्प में अश्वनी जैन ने विद्यार्थियों को ग्रहण कराई संचारी रोगों नियंत्रण शपथ



**सिरसागंज-** विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत जिला शाखा फिरोजाबाद के तत्वावधान में चल रहे निःशुल्क विज्ञान कैम्प के 39 वें दिवस पर विज्ञान भारती के कार्यालय पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्यवक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई।अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को संचारी रोग नियंत्रण शपथ ग्रहण कराते हुए कि मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा, अपने व्यक्तिगत स्वच्छता व सार्वजनिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखूँगा। अपने घर व गाँव में कूड़ा कचरा व गंदे पानी का भराव नहीं होने दूँगा। मैं स्वंय शौचालय का प्रयोग करूँगा एवं सभी को शौचालय का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करूँगा। संचारी रोग जैसे- पीलिया, खसरा, चेचक, डिफ्थीरिया, मलेरिया, हैजा, डेंगू इत्यादि होने पर चिकित्सकीय परामर्श की सलाह दूँगा। संचारी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण हेतु प्रेरित करूँगा। हम सब मिलकर दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों को हराएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वंय एवं अन्य सभी व्यक्तियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। शपथ ग्रहण करने में कु ऐंजल यादव, दीक्षा, ज्योति, माधुरी, स्वीटी तिवारी, आयुषी, दीपिका, रितिक, रोहित,यश शर्मा, लकी तोमर आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बैठक में द्वेष भावना से वैमनस्यता फैलाने वालों की निंदा की गई।

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की एक आपात बैठक का आयोजन मंगलवार की शाम गोला की मिल बाईपास रोड स्थित पटेल संस्थान में अध्यक्ष संजील वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन आशिकर वर्मा ने किया है। बैठक में द्वेष और संकुचित भावना से ग्रसित कुछ चंद लोगों के द्वारा वैमनस्यता फैलाने का कृत्य किया जा रहा है। ऐसे लोग आपसी भाईचारा, समता,सद्भाव एकता और सामाजिक सौहार्द खराब कर आपस में लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे समाज और राष्ट्र विरोधी असामाजिक तत्वों की पटेल समाज घोर निंदा करता है।ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। इसके साथ ही सामाजिक, शैक्षिक, संघटनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई।इस मौके पर प्रधान अरविंद वर्मा, डॉक्टर रामशरण वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर अंकुर वर्मा, मुनीष वर्मा, अमित कुमार वर्मा, संदीप वर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### संचारी रोगों के प्रति जागरूकता हेतु न0पा0 द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान।




**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** संचारी रोगो के प्रति जागरूकता लाने हेतु नगर पालिका द्वारा 3 जुलाई गुरुवार से चलाया गया हस्ताक्षर अभियान।पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा । इस अभियान में व्यापक सफाई अभियान चलेगा कीटनाशक दवाओं का स्प्रे कराया जाएगा। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा,वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लिपिक मोहित अवस्थी पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ,मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा,लवकुश अवस्थी,सुरेन्द्र कुमार, विमलेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जर्जर भवन की नही बैरिकेडिंग जिसके कारण बच्ची का फूटा सर।

स्वतंत्र प्रभात




**सिंगाही खीरी।** नए सत्र के प्रथम दिन ही छात्रा की जान जाते जाते बची। प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन में स्कूल के छत का मलवा अचानक एक मासूम बच्ची पर गिर गया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।अध्यापकों ने परिजनों को अवगत कराया तो परिजन बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।पूरा मामला प्राथमिक विद्यालय सिंगाही भेडौरा द्वितीय का है। जहां मासूम बच्ची रोज की तरह पढ़ाई करने के लिए स्कूल पहुंची थी। मंगलवार को स्कूल में पढ़ाई चल रही थी। लंच के समय अध्यापकों की लापरवाही के कारण बच्ची जर्जर भवन में खेलने के लिये गयीं, तभी स्कूल की छत से मलवा मासूम बच्ची देवांशी के ऊपर गिर गया। जिससे मासूम बच्ची का सर फूट गया।घटना के दौरान स्कूल के अन्य बच्चे व अध्यापक ने बच्ची को बाहर निकाल कर परिजनों को अवगत कराया। परिजनों ने बच्ची को अस्पताल पहुंचा कर उसका उपचार कराया।

**स्कूल का भवन कई वर्षों से जर्जर है-** स्कूल की प्रधान अध्यापिका सुनीता रानी ने बताया कि काफी सालों से भवन जर्जर हैजिसकी जानकारी लिखित रूप में उच्चाधिकारियों को दी है लेकिन अभी तक कोई ध्यान नही दिया गया। घटनाक्रम के संबंध में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी और अगर विद्यालय में बैठने की व्यवस्था नही है तो बच्चों को अन्य विद्यालय में स्थानांतरित किया जायेगा।

# कांग्रेसियों ने किया जिला व्यापी विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर, खीरी** दिनांक 3 जुलाई को प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की अगवाई में योगी सरकार द्वारा प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों को बंद करने के खिलाफ बाबा भीमराव अंबेडकर मूर्ति के प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया द्य तदोपरांत कांग्रेस जनों ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर जिला अधिकारी महोदय के कार्यालय के समक्ष भी धरना प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा द्य

कोफ्ता धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि सरकार ग्रामीण व गरीब बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ करना बंद करें द्य बंद किए गए विद्यालयों को अति शीघ्र पुनः चालू किए जाने का कहा प्रदेश सरकार 5000 प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का जो निर्णय लिया है यह निर्णय छात्र युवा, बेरोजगार विरोधी निर्णय है द्य कांग्रेस पार्टी इस निर्णय का घर घर भर्त्सना करती है द्य जब तक उत्तर प्रदेश सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती तो कांग्रेस जन आंदोलन को और तेज करेगी द्य पूर्व विधायक सतीश आजमानी ने अपने संबोधन में कहा कि जनता के हितों की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी छात्रों युवाओं बेरोजगारों की अनदेखी कर रही है सरकार कांग्रेस पार्टी आर पार की लड़ाई लड़ेगी द्य अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने का कार्य जारी रहेगा ।उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कैप्टन मोनिस अली नकवी, दीपक बाजपेई, रईस अहमद उस्मानी, मोहन चंद्र उप्रेती, नवाज खान , के के मिश्रा, रामकुमार वर्मा, इकबाल अहमद खान, रवि तिवारी, जावेद अली, आफताब अहमद, कोमल सिंह, चंद्र प्रभा अवस्थी, अब्दुल रहीम, नीरज बाजपेई, वरुण चौधरी, राकेश मिश्रा, गुड्डू अख्तर, विपुल गुप्ता , सत्ती सरन गौतम, नंदकिशोर आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे

# मूडासवारान में हुआ विशाल जयगुरुदेव सत्संग समारोह।

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के ग्राम मूडासवारान में जयगुरूदेव धर्म प्रचारक संस्था का एक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। भारी बारिश भी आस्था के सैलाब को नहीं रोक पाई आयोजित समारोह मैं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चन्द्र साहब ने अपने सम्बोधन में कर्म विज्ञान, अच्छे समाज और संतों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'नहिं दरिद्र सम दुःख जग माहीं, संत मिलन सम सुख कछु नाहीं। पंक्ति को उद्धृत कर संसार में संतों के मिलन के समान कोई दूसरा सुख नहीं है। क्योंकि संतों का मिलना बहुत ही कठिन है। यदि वे मिल जायेंगे तो जीव का प्रारब्ध अपने घर सतलोक जाने का बन जायेगा। दूसरी तरफ दरिद्रता यानि गरीबी के समान कोई दूसरा दुःख नहीं। दरिद्रता आर्थिक, भौतिक पदार्थों के साथ ही आध्यात्मिक भी होती है। करुणा, दया और संतोष जैसे नैतिक मूल्यों के अभाव में आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के बाद भी व्यक्ति संतों के पास पहुँच कर दरिद्र रहता है। उनका आत्मिक उत्थान नहीं होता है। आध्यात्मिक उन्नति के लिए नैतिक और चारित्रिक बल की जरूरत होती ह।उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य को कर्म करने का अधिकार मिला हुआ है। कर्मो का कानून बहुत ही जटिल है। इसको बुद्धि के बल से नहीं समझा जा सकता। कर्म का फल सबको भोगना पड़ता है। राम और कृष्ण जैसी अवतारी शक्तियों को कर्मो का बदला देना पड़ा। कर्मो की माफी कराने का अधिकार केवल संतों के पास है। संत कर्मो की रेख पर मेख मार देते हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा और विश्वास जरूरी है। जिसके अन्दर श्रद्धा रूपी भवानी और शंकर रूपी विश्वास बैठ जाते हैं, वही गुरु के आदेश का पालन करता है। इसी के सहारे जीव का आध्यात्मिक मंजिल का सफर पूरा होता है। शिष्य अपने गुरु के बल और दया से उसको प्राप्त करता हैपंकज जी महाराज अच्छे समाज के निर्माण और आध्यात्मिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में रात-दिन लगे हुए हैं। निरन्तर धर्म यात्राएं निकाल रहे हैं। लोगों के घरों में जा रहे हैं। प्रभु प्राप्ति का रास्ता सबको बता रहे हैं। अध्यात्मवाद पर चलने वाले लोग किसी प्रकार के झगड़ों में नहीं पड़ना चाहते हैं। यदि गाँव के लोगों का रुझान अध्यात्मवाद की तरफ हो जाय तो युग परिवर्तन हो जायेगा। उन्होंने 8 जुलाई से 12 जुलाई तक मथुरा में आयोजित होने वाले गुरपूर्णिमां पर्व का सबको नियन्त्रण भी दिया। इस मौके पर जयगुरुदेव संगत उत्तरी खण्ड के अध्यक्ष खन्नूलाल यादव, मनोज त्रिवेदी,जगमोहन लाल यादव, जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह, वैद्यनाथ यादव आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद भण्डारा प्रसाद भी वितरित हुआ।

# शहजाद खान बने मोहर्रम कमेटी टूण्डला के अध्यक्ष

- **मीटिंग में प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन दी गई उसपर चर्चा हुई**
- **जिलाधिकारी और एसएसपी द्वारा जो दिशा निर्देश संपूर्ण जिले में दिए गए हैं उन दिशा निर्देशों पर सभी ताजियादार और अखाड़ेदार मोहर्रम को मनाएंगे**

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** बुधवार को मोहर्रम के संबंध में टूण्डली रोड पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ताजियादार और अखाड़ों के उस्ताद व मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया मीटिंग में प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन दी गई उसपर चर्चा हुई। सभासद अंसार अहमद द्वारा बताया गया की जिलाधिकारी और एसएसपी द्वारा जो दिशा निर्देश संपूर्ण जिले में दिए गए हैं उन दिशा निर्देशों पर सभी ताजियादार और अखाड़ेदार मोहर्रम को मनाएंगे और परंपरागत तारिके से मुस्लिम समाज के लोग करते चले आ रहे हैं वह उसी तरीके से होंगे नया कोई भी ताजिया व अखाड़ा नहीं शामिल किया जाएगा। इसी क्रम में सभासद अंसार अहमद ने एक कमेटी के गठन की बात की जिसमें सभी ताजदार व अखाड़ेदार ने अपनी सहमति जताई जिसमें अफजल भाई ने अध्यक्ष पद के लिए शहजाद खान का नाम दिया जिस पर सभी लोगों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति दी सभी की सहमती से शहजाद खान को मोहर्रम कमेटी टूण्डला का अध्यक्ष चुना गया और अध्यक्ष का फूलमालाओं से स्वागत किया। मीटिंग में कर्बला में अंधेरा रहने की बात कही गई जिसमें शहजाद खान ने कहा कि करबला में जनरेटर लाइट व डीजल की व्यवस्था मेरी तरफ से रहेगी व कर्बला की देखरेख कमेटी द्वार की जाएगी । उसके बाद सभी उस्ताद खलीफाओं का फूल माला व पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया इस मौके पर उस्ताद अशरफ अली, ल मोहम्मदाबाद खलीफा, नजर मोहम्मद नगला मस्जिद, खलीफा सलीम पहलवान बलदेव रोड व ताजियेदार सदर इमरान अंसारी नगला मस्जिद सलीम भाई निजामी बस्ती आरिफ फारुकी बलदेव रोड आसिफ उर्फ बिल्लू असगरी गंज मोइनुद्दीन कुरैशी मनटा रोड नसीर कुरेशी टूण्डली और युसूफ मोहम्मदाबाद व मुस्लिम समाज के सभी जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। मीटिंग की अध्यक्षता नईमुद्दीन कुरैशी ने की संचालन मोहम्मद हुसैन पूर्व प्रधान ने किया। जिसमें मोइनुद्दीन कुरेशी कुंवर महमूद जियाउद्दीन भाई सलमान कुरैशी आसिफ अब्बासी रियाजुद्दीन कुरैशी जफर भाई मुस्तकीम कुरैशी डॉक्टर इदरीश मोहम्मद जानू परवेज आलम नासिर हुसैन नियाजी मोहम्मद निसार रेहान खान अनवर उर्फ टिंचू बल्लू भाई जोली भाई निसार भाई आफताब शकील कुरेशी युसूफ भाई जीशान पठान सोनू अब्बास इमरान व अन्य लोग मौजूद रहे।

# अजान कस्बे में मोबाइल नेटवर्क बदहाल, बीएसएनएल-जिओ टावर बने परेशानी के कारण।

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** डिजिटल इंडिया के दौर में भी गोला तहसील के अजान कस्बा और आसपास के दर्जनों गांव नेटवर्क समस्या से जूझने को मजबूर हैं। यहां बीएसएनएल और जिओ टावर की हालत बद से बदतर बनी हुई है।कस्बे में मौजूद टावर बिजली पर ही निर्भर है और बिजली न होने की स्थिति में संपूर्ण मोबाइल सेवा ठप हो जाती है। टावर में जनरेटर होने के बावजूद उसे चलाया नहीं जाता, जिससे उपभोक्ताओं को नेटवर्क और इंटरनेट सेवा दोनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि टावर की रेंज इतनी कमजोर है कि घर के अंदर मोबाइल नेटवर्क मिलना मुश्किल है। बात करने के दौरान आवाज कट जाती है या कॉल ही नहीं लगती। इंटरनेट की स्पीड इतनी धीमी है कि 4 जी और 5 जी सेवा का लाभ उठाना नामुमकिन हो गया है। ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, दस्तावेज भेजना जैसे जरूरी काम बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शुरुआत में जिओ की सेवा अच्छी थी, जिस कारण उन्होंने अन्य कंपनियों से नंबर पोर्ट करवा लिए थे, लेकिन अब स्थिति बद से बत्तर हो गई है। वर्षो से लगातार शिकायतों के बाद भी न तो रेंज की क्षमता बढ़ाई गई है और न ही जनरेटर को चालू किया गया है। यह समस्या सिर्फ अजान कस्बे तक सीमित नहीं है वलकि बगहा, कोरैया, सुहेला, इमलिया, काना खेड़ा, परसेडिया, शहाबुद्दीनपुर जैसे आसपास के कई गांव भी इसी टावर पर निर्भर हैं और नेटवर्क संकट से त्रस्त हैं।ग्रामीणों ने बीएसएनएल और जिओ कंपनियों से टावर की तकनीकी खामी को तत्काल दूर करने, रेंज बढ़ाने और जनरेटर को चालू करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की मोबाइल और इंटरनेट सेवा बहाल हो सके।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण।

- **रेंजर और न.प.अध्यक्ष ने किया पौधरोपण, पर्यावरण बचाओ की दी जानकारी।**

स्वतंत्र प्रभात

**सिंगाही खीरी।।** सरकार द्वारा चलित अभियान 'एक-पेड़-माँ-के -नाम' अभियान के तहत नगर पंचायत सिंगाही में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेलरायां वन क्षेत्राधिकारी और नगर पंचायत सिंगाही के अध्यक्ष ने मेला मैदान में गुल मोहर का पेड़ लगाया।बुधवार को वन रेज बेलराया के अंतर्गत सिंगाही कस्बे के मेला मैदान में वन महोत्सव एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत फलदार और छायादार पेड़ लगाए गए वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पेड़ों के महत्व और उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। इस मौके पर बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया की सरकार द्वारा इस वर्ष जुलाई में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वृक्षारोपण के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना पौधों की सुरक्षा और देखभाल के लिए जागरूकता अभियान चलान विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण करना। पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अभियान पेड़ों के महत्व और पारिस्थितिक संतुलन में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। वन महोत्सव के दौरान लाखों पेड़ लगाए जाते हैं जो पर्यावरण को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कयूम वन दरोगा राकेश कुमार गुप्ता, जगमोहन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# गैर पंजीकृत सुफियान क्लीनिक पर कार्यवाही के नाम पर जिम्मेदारो का छूट रहा पसीना

- **अवैध रूप से संचालित हो रहा सुफियान क्लीनिक**
- **खुद को पत्रकार बताकर पत्रकारिता को कर रहा बदनाम,तथाकथित पत्रकार बन चला रहा है अवैध क्लीनिक**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** जनपद मे लगातार चल रहे अवैध क्लीनिक की भरमार से गरीबों की जिंदगी कितनी सस्ती हो गई है इसका सबसे बड़ा उदाहरण औरंगाबाद में संचालित सुफियान क्लिनिक है। यह गैर पंजीकृत क्लिनिक बरसों से न केवल स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंक रहा है, बल्कि दर्जनों गरीबों की जान के साथ खिलवाड़ करता है। दिखावे के लिए तो यह क्लीनिक है लेकिन यहां पर मरीज के ड्रिप भी चढ़ती हुई देखी जा सकती है। जिम्मेदारो झोलाछापों पर हंटर चल रहा है,फिर भी सुफियान क्लिनिक को अभयदान मिल रहा है।

जिला प्रशाशन के निर्देश पर स्थानीय जिम्मेदारो द्वारा टीम बना कर झोलाछापो पर छापेमारी कि गयी,लेकिन सुफियान क्लिनिक का नाम आते ही जिम्मेदारो कि रीढ़ टूट जाती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस अवैध क्लिनिक के दरवाजे पर जिम्मेदार अधिकारी भी घुटने टेक देते हैं। सूत्र बताते है कि सुफियान क्लिनिक का डॉक्टर अपने आप को किसी बड़े सफेदपोस का जानकर बताता है। यही वजह है की इस अवैध क्लिनिक व डॉक्टर कि बिना डिग्री के ही क्लिनिक का संचालन हो रहा है।

**पूर्व मे सीज हो चुका है क्लिनिक**

ज्ञात हो कि इस डॉ सुफियान के क्लिनिक पर पूर्व जिम्मेदारो द्वारा सीज कि कार्यवाही भी कि जा चुकी है,बाबजूद उसके पड़ोस कि दुकान मे संचालित हो गया डॉ. सुफियान का अवैध क्लिनिक। जबकि यहां बैठने बाले डॉ. के पास फार्मासिस्ट कि है डिग्री और कर रहा मरीजों का इलाज।

**जिम्मेदारो कि चुप्पी का क्या है कारण**

अब सबाल यह उठता है,जो डॉ. सुफियान का क्लिनिक हफ्ते भर से सोशल मिडिया व अखबारी सुर्खिया बटोर रहा है। उस क्लिनिक का नाम आते ही जिम्मेदार चुप क्यों बैठ जाते है। जिम्मेदारो द्वारा ऐसे फर्जी क्लिनिक व डॉक्टर पर कार्यवाही ना करना जिम्मेदार अधिकारी और क्लिनिक संचालक कि मिलीभगत को दर्शाता है।

# गोला पुलिस द्वारा शांति भंग में दो अभियुक्त गिरफ्तार।

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** आज गुरुवार को अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत गोला पुलिस टीम द्वारा शांति भंग करने वाले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेश।कोतवाली पर भारी निरीक्षक अंबर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गोला पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने के सम्बन्ध में अभियुक्त अतीफ अहमद पुत्र इदरीस नि0 ग्राम रामपुर जंगल थाना गोला तुलसीराम पुत्र स्व0 रामगुलाम नि0 मोहम्मदाबाद थाना हैदराबाद आपस मे आमदा फौजदारी हो रहे थे अभियुक्तगण उपरोक्त को मौके पर समझाया बुझाया गया तो अधिक उग्र हो गया जिससे शांति व्यवस्था भंग होते देख अभियुक्तगण उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी कर धारा 170/126/135 बीएनएसएस में पुलिस ने हिरासत में लिया। अभियुक्त का चालान कर सक्षम न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त गण उपरोक्त के विरूद्ध नियामानुसार कार्यवाही की जा जायेगी।

# सती माता मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने की भूमि पूजन

**सिद्धार्थनगर ।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के संत रविदास वार्ड में स्थित जर्जर सती माता मंदिर का जीर्णोद्धार के लिये नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने गुरुवार को पूजन अर्चन किया। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने मन्दिर परिसर के निर्माण व सुंदरीकरण के लिए भूमिपूजन सम्पन्न कराया। अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि सती माता का मंदिर काफी पुराना है। मांगलिक कार्यक्रम लोग करने लिये इकट्ठा होते हैं। कार्यक्रम संपन्न होने पर भक्तों द्वारा हलवा पुड़ी व उड़द चावल चढ़ाया जाता है।

सुख-शांति व सुखमय जीवन यापन के लिए माता से प्रार्थना की जाती है। नपं अध्यक्ष ने कहा कि वर्षो से यह मंदिर काफी जर्जर हालत पड़ा है।कहा कि मंदिर के चारों तरफ बाउंड्री वॉल बनवाया जाएगा और पीने के लिए शुद्ध पेयजल तथा बैठने की व्यस्था के साथ लाइट का प्रबंध किया जाएगा। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि शिवरतन,शिवा , बब्लू गौड़,आशीष कुमार , कमलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने की सघन पैदल गश्त, मोहर्रम के मद्देनजर हटवाया गया अवैध अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** मोहर्रम त्यौहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भरतकूप थाना क्षेत्र व शिवरामपुर चौराहे पर पैदल गश्त कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के जुलूस मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गश्त के दौरान उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की। गश्त के दौरान एसपी अरुण कुमार सिंह ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर बैठे दुकानदारों व ठेला संचालकों को कड़ी हिदायत दी और कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की भीड़भाड़ या अवरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अस्थायी अतिक्रमण हटाकर जुलूस मार्ग को पूरी तरह से साफ व सुगम बनाया जाए। इस गश्ती दल में भरतकूप थाना प्रभारी मनोज कुमार,प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह, और चौकी प्रभारी शिवरामपुर शनि चतुर्वेदी भी शामिल रहे। अधिकारियों ने जगह-जगह रुक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और स्थानीय पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि त्योहार को शांति व भाईचारे के साथ मनाएं और यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में शांति व्यवस्था को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को सख्ती से कुचला जाएगा। त्योहार के दौरान चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन कैमरों और ष्ष्टश्चङ्क कैमरों की सहायता ली जाएगी। साथ ही पुलिस की अतिरिक्त टीमें संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त करती रहेंगी।


## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार




थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत वादी मुकदमा की नाबालिग बहन उम्र 17 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के संबंध में प्राप्त सूचना पर दिनांक-19.06.2025 को थाना औराई पर मु0अ0सं0-274/2025 धारा-137(2),87 भारतीय न्याय संहिता का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पंजीकृत अभियोग से संबंधित अपहृता को दिनांक 30.06.2025 को बरामद किया गया है। साक्ष्य संकलन, मेडिकल परीक्षण व बयान के आधार पर विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने पर उक्त अभियोग में धारा-64 भा0न्या0सं0 व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी किया गया। अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-03.07.2025 को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संदीप सरोज पुत्र जगदीश सरोज निवासी उपरौठ थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष को औराई चौराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बन्धित मा0 न्यायालय किया गया।

### राजेश मिश्र ज्योति तीसरी बार बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष



**चुनार मिर्जापुर।** राजेश मिश्र ज्योति निवासी मुंदीपुर मेड़िया चुनार मीरजापुर लगातार तीसरी बार जिला कांग्रेस कमेटी मीरजापुर के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। इस नियुक्ति पर उन्होंने सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने समर्पण,श्रम और निष्ठा की बातों को पुनः दोहराया। सूचना पाते ही रितेश मिश्रा,अंशु पांडेय, अमित सिंह, देवराज सिंह पटेल, श्यामधर उपाध्याय, जिउत लाल विश्वकर्मा,प्रभु लाल भारती, गुलाब मिश्रा, शैलेश चंद्र पाठक, नीरज दूबे,अमन त्रिपाठी उर्फ भोलू तिवारी,चमन त्रिपाठी,रामू दूबे सहित अन्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।


### विवाहिता ने लगाई फांसी



**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मेड़िया गांव में बीती रात विवाहिता ने पारिवारिक कलह से तंग आकर फांसी के फंदे पर लटक गई। मृतका के ससुर के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार काजल 25वर्ष पुत्री रामचरन निवासी अमरा थाना चकिया जनपद चंदौली की लव मैरिज शादी विगत पांच वर्ष पहले रमेश यादव पुत्र मोहन यादव निवासी मेड़िया थाना चुनार जनपद मीरजापुर से हुआ था। शुरुआत में दोनों का दांपत्य जीवन खुशहाल से चल रहा था, किन्तु कुछ दिनों से किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद होने लगा। पारिवारिक विवाद से आजिज आकर बुधवार की रात में काजल ने घर में लगें पंखे में फांसी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गई। और जब तक परिवार के लोग काजल को फांसी के फंदे पर लटकते देखते उससे पहले उसके प्राण पखेरू निकल चुके थे।जब घर में किसी काम बस उसकी सास गई तो काजल को फांसी पर लटका देख शोर मचाने लगी, शोर सुनकर ससुर मोहन यादव पहुंचे और इसकी सूचना अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मण्डल में आगामी होने वाले विशेषाधिकार समिति के बैठक के दृष्टिगत डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा

**● आगामी 08 जुलाई को सभापति, उ0प्र0 विधान परिषद ''विशेषाधिकार समिति'' के निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं के अद्यतन प्रगति पर हुआ विचार विमर्श**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 03 जुलाई, 2025:- आगामी 08 जुलाई को मण्डलीय मीरजापुर में होने वाले मा0 सभापति डॉ0 महेन्द्र कुमार सिंह उ0प्र0 विधान परिषद ''विशेषाधिकार समिति'' के बैठक के समुचित तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्टेऊट सभागार भदोही में बैठक कर तैयारियों का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

विशेषाधिकार समिति के निर्धारित एजेण्डे के अनुसार जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रोटोकाल/शिष्टाचार का अनुपालन करते हुए उनका मोबाइल नम्बर सेव रखें। आवश्यकतानुसार समय-समय पर अद्यतन प्रगति से अवगत से उन्हें अवगत कराते रहे। मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहितार्थ दिये गये आवेदन पत्रों को एक अलग से रजिस्टर बनाकर शिकायतों को पंजीकृत करते हुए गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में निस्तारण सुनिश्चित कर, उन्हें अवगत कराये। निर्धारित एजेंण्डे में पिछले 02 वित्तीय वर्षो में मॉगी गयी प्रगति विषयक सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में दी जाने वाली विकास की धनराशि नियमानुसार निर्धारित मद में ही व्यय किया जाएं। इस वित्तीय वर्ष में विद्युतीकरण का लक्ष्य के सापेक्ष क्या प्रगति है। किसानों को सिंचाई हेतु नलकूप कनेक्शन, सिंचाई विभाग की संचालित योजनाएं, राजकीय नलकूपों की क्रियाशिलता, सिल्ट सफाई की व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग द्वारा गढ्ढा मुक्त किये गये मार्गो की संख्या, आबकारी लाईसेंस व राजस्व शूल्क के बकाये की वसूली, बाल संरक्षण गृह एवं महिला सुधार गृह, शिकायत प्रकोष्ठ, सर्वाजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत गरीब जनता को दिये जाने वाली समाग्री आदि विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता पर विचार विमर्श करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को बिन्दुवार सूचना व जानकारी देते हुए रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा निर्धारित एजेंण्डे में कानून व शान्तिव्यवस्था विषयक बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बुकलेट प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि एजेंण्डे के अनुसार निर्धारित बिन्दुओं पर मॉगी गयी सूचना की समग्र तैयारी करते हुए निर्धारित तिथि व स्थल पर विभागाध्यक्ष स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, डीडीओ ज्ञानप्रकाश, डीसी मनरेगा राजाराम, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी भदोही की नयी टीम में 51 को मिली जगह

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय अजय राय (पूर्व मंत्री) द्वारा भदोही जिला कांग्रेस कमेटी के 51 पदाधिकारियों की सूची को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सूची श्री वसीम अंसारी, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी भदोही द्वारा प्रदेश कांग्रेस को भेजी गई थी।

इस स्वीकृत सूची में समाज के सभी वर्गो के प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया है- जिनमें अनुभवी कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति/जनजाति और पिछड़े वर्ग से जुड़े लोग शामिल हैं। यह टीम संगठनात्मक मजबूती और जनसरोकार के मुद्दों को प्राथमिकता देगी। *राहुल गांधी जी के वायदे के अनुसार दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक समाज के 60त्न लोगों व 20त्न महिलाओं को कमेटी में स्थान सुनिश्चित किया गया है।

कोषाध्यक्ष के पद पर प्रभात मालवीय व *उपाध्यक्ष के रूप में* दीनानाथ दूबे, राजेश्वर दूबे, त्रिलोकी नाथ बिन्द, सुरेश गौतम, संतोष सिंह बघेल, मुशीर इक़बाल, आशुतोष पाण्डेय,मसूद आलम, सुबूकतगीन अंसारी एवं "महासचिव के रूप" में मृत्युंजय पाण्डेय,स्वालेह अंसारी, दीपक पाण्डेय, लक्ष्मीशंकर चौबे, अशोक कुमार दूबे(जिला दूबे), अवधेश पाठक, राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, जजलाल राय, मनोज गौतम, सत्येंद्र दूबे मन्ना, अकबर अंसारी

इसके साथ- साथ सचिव के रूप में हरिशचन्द्र दूबे, मुस्ताक अंसारी, सन्तोष धोबी, राम सजीवन गौतम, अभिमन्यु यादव, शारदा प्रसाद सरोज, फैयाज अहमद खान, राजेश पाल, राजेश सरोज, अशोक मिश्रा पराशर, धीरज मिश्रा, सुमित शुक्ला (चिंटू), रवीन्द्र कुमार बिन्द,राजेश यादव,अवधेश बिन्द, सन्तोष पाण्डेय, श्रीमती सुनीता पाठक,नितिन सिंह, राकेश कुमार पाल, संतोष कुमारपाल, श्रीमती मीना देवी, श्रीमती कंचन दूबे, रेहान नवाज, श्रीमती डॉ. नुसरत संयुक्त सचिव के रूप में* संजू मौर्या,श्रीमती रूही पाठक,सुश्री साहिना,श्रीमती रेशमा बानो,श्रीमती आसमा बेगम,श्रीमती चन्दा देवी को स्थान दिया गया है।

इसके साथ-साथ सुरियावा ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर सुरेश चौहान, भदोही ब्लॉक अध्यक्ष शिवपूजन मिश्रा, ज्ञानपुर ब्लॉक अध्यक्ष महेश* *चंद्र मिश्रा, अभोली ब्लॉक अध्यक्ष रमाशंकर बिंद, डीघ ब्लॉक अध्यक्ष धर्मराज बिंद तथा* *औराई ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में राजाराम दूबे जी को जिम्मेदारी मिली है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह टीम कांग्रेस पार्टी के विचारों को आम जन तक पहुँचाने, संगठन को गाँव से लेकर शहर तक मजबूत करने और जनता के मुद्दों पर संघर्षरत रहने का कार्य करेगी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार दूबे राजन, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सह संयोजक दिलीप मिश्रा, राकेश मौर्या, सुरेश चंद्र मिश्रा, राजेश दूबे,संजू कन्नौजिया, गीता गौतम, नाज़िम अली, संदीप दूबे,मृत्युंजय सिंह टोनी, शक्ति मिश्रा,विनोद गौतम, सरफराज अहमद इत्यादि लोग रहें।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति के सभापति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**● सभी उपकेन्द्रों पर अधिकारियों व लाइनमैनो के नाम व मोबाइल नम्बर सूची चस्पा कराना करें सुनिश्चित-सभापति**

**1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण किया जाए प्राथमिकता के आधार पर**

**ट्रांसफार्मरों के मरम्मत का कार्य निर्धारित समय के अनुसार किया जाए सुनिश्चित**

**जिलाधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारी मासिक समीक्षा बैठक कर उपभोक्ताओं के शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारण**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 03 जुलाई 2025- उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सभापति श्री दिनेश कुमार गोयल जी की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में सदस्य श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य श्री रविशंकर सिंह (पप्पू भैय्या), मा0 सदस्य डॉ रतनपाल सिंह, मा0 सदस्य श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर, मा0 सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल एवं समिति के साथ आए हुए अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान सभापति व समिति के सदस्यगण ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत, जनपद में औसत विद्युत आपूर्ति का विवरण, विद्युत उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मर की स्थिति व उसके रख-रखाव की व्यवस्था, 1912 पर विद्युत से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व मीटर रीडिंग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व कार्यवाही के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान सभापति जी ने कहा कि विद्युत समस्या से सम्बन्धित उपभोक्ता द्वारा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाये, 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु प्राथमिकता के आधार पर किया जाये।

कृषक बन्धुओं की आजीविका व कृषि खेती सुचारू ढंग से हो, इसके लिए विद्युत आपूर्ति निर्धारित समयावधि में की जाये। जनप्रतिनिधि द्वारा प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, ट्रांसफार्मरों के मरम्मत का कार्य भी निर्धारित समय के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। सभापति ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण, तहसील व जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप अनुमन्य घण्टे के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंताओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी उपकेन्द्रो पर अधिकारियों व लाइनमैनों के नाम व मोबाइल नम्बर सूची चस्पा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारी मासिक समीक्षा बैठक करते रहे एवं उपभोक्ताओ के शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। खराब ट्रांसफार्मरो को निर्धारित समय के अन्दर परिवर्तित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखे, जिससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो के उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के मीटर में खराबी की शिकायते प्राप्त हो रही है उनका तत्काल प्रभाव निस्तारण कराया जाए। उन्होंने पोलों पर फैली केबिलो से होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर जिलाधिकारी द्वारा सभापति को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत दुर्घटनाओ को नियंत्रित करने में शत प्रतिशत रोक लगेगी। सभापति ने लाइन लास को रोकने हेतु विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया टीम बनाकर निरीक्षण कर ऐसे लोगो पर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने वाणिज्यिक/औद्योगिक क्षेत्रो/ईकाईयों को कनेक्शन देने के की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई, बताया गया कि झटपट पोर्टल तथा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनो को समय-सीमा के अन्दर विद्युत संयोजन निर्गत किया जा रहा हैं।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में जॉच समिति द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उसका अनुपालन अधिकारीगण निर्धारित समय अवधि में सुनिश्चित करेंगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, मुख्य अभियंता मनोज सोनकर, अधीक्षण अभियंता राधेश्याम, अधिशासी अभियंता खण्ड ज्ञानपुर, गोपीगंज आदित्य पाण्डेय, अधिशासी अभियंता खण्ड भदोही ऋषिदेव गौतम, समस्त खण्डों के उपखण्ड अधिकारी, प्रवर्तन दल अधिकारी उपस्थित रहें।

# विंध्याचल धाम में अष्टमी तिथि पर रही वेद मंत्रों की गूंज

**● गुप्त नवरात्रि की अष्टमी पर हुआ दिव्य आयोजन, नेपाल समेत विभिन्न प्रांतों से जुटे वेदपाठी**



स्वतंत्र प्रभात

**मिर्जापुर।** विंध्याचल धाम में गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर अत्यंत भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रों का पावन पाठ किया गया। यह आयोजन सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करने वाला रहा। माँ के धाम में नेपाल, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों से पधारे वेदपाठी ब्राह्मणों ने सामूहिक रूप से भगवती सूक्त का उच्चारण करते हुए माँ विंध्यवासिनी की आराधना की। माँ को अति प्रिय वेद मंत्रों की गूंज से सम्पूर्ण धाम मंत्रमुग्ध हो उठा। वेद ध्वनि के साथ वातावरण में एक अद्वितीय दिव्यता का संचार हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने हृदय से अनुभव किया। गुप्त नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर जगत के समस्त चराचर प्राणियों की कुशलता, लोक कल्याण एवं विश्व शांति की भावना के साथ माँ की आराधना की गई। यह आयोजन आचार्य अगस्त्य द्विवेदी के नेतृत्व में धार्मिक आस्था, वेद परंपरा और सांस्कृतिक एकता का अनुपम संगम रहा।

कार्यक्रम में पधारे समस्त वेदपाठी ब्राह्मणों का विधिपूर्वक स्वागत-सत्कार किया गया। सभी विद्वानों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पुनीत कार्य में उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री सोहन लाल श्रीमाली ने वेदपाठी ब्राह्मणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वेद हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। विंध्याचल जैसे तीर्थ स्थलों पर इस प्रकार के आयोजनों से समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। वेदपाठी ब्राह्मणों का यह योगदान अविस्मरणीय है। माँ विंध्यवासिनी के जयकारों और वेद मंत्रों की गूंज से धाम की हर दिशा में अध्यात्म की दिव्य ज्योति फैलती रही। इस दौरान अगस्त्य द्विवेदी, प्रशांत मिश्र, देवी शंकर चौबे, मार्कण्डेय ओझा, ओम प्रकाश मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, सोमेश्वर पति त्रिपाठी, अश्वनी पांडे,रामधनी पाल, रामलाल साहनी, राम प्रसाद, कृष्ण कुमार अग्रहरी,शिवराम शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# विंध्याचल धाम में पंडा समाज और प्रशासन में विवाद गहराया, पत्र चस्पा करने पर भी विरोध

स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** धाम में श्री विंध्य पंडा समाज और जिला प्रशासन के बीच टकराव लगातार गहराता जा रहा है। पंडा समाज द्वारा सर्वसम्मति से अवनीश मिश्रा को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने इस पद को असंवैधानिक बताया। अब नगर मजिस्ट्रेट द्वारा मंदिर परिसर में पत्र चस्पा कर अवनीश मिश्रा को अध्यक्ष न माने जाने का निर्देश जारी किया गया, जिससे पंडा समाज में और अधिक आक्रोश फैल गया।

पंडा समाज की आमसभा ने इस पत्र को निराधार और भ्रामक बताया है। समाज का कहना है कि अवनीश मिश्रा के खिलाफ किसी प्रकार का कोई गबन या भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, ऐसे में प्रशासन की कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण और परंपरा के खिलाफ है। आमसभा में सैकड़ों पुरोहितों की उपस्थिति में यह प्रस्ताव पारित हुआ कि दो माह एक दिन के लिए अध्यक्ष बने रहेंगे, सर्वसम्मति से चुने गए कार्यकारी अध्यक्ष अवनीश मिश्रा ही समाज का नेतृत्व करेंगे। पंडा समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि वे तीर्थ यात्रियों के हित में कार्य करते रहेंगे और प्रशासन को पारंपरिक व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। मंदिर परिसर में अब भी भारी पुलिस बल तैनात है।

# नेत्र मेगा कैम्प के लिए 07 सदस्यीय टीम जिले में पहुंची

**● लालगंज व चुनार में लगेगा नेत्र मेगाकैम्प**



स्वतंत्र प्रभात

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए हर तरह के साधनों का प्रयोग करने में लगी है उसी के तहत गुरुवार को दिल्ली से सात सदस्यीय टीम जिले में पहुंची और सबसे पहले भैरो नेत्र चिकित्सालय पहुंची वहां पर तैनात सीनियर डॉक्टर ए0के0 सिन्हा के साथ चिकित्सालय का निरीक्षण किया और उनसे पूछा कि किन संसाधनों की आवश्यकता है। इसके अलावा यह भी पूछा कि चिकित्सालय में कौन कौन से संसाधन मौजूद है। इसके साथ ही जिले में संभावित मेगा कैम्प के लिए भी चर्चा किया जिले में लालगंज और चुनार में मेगा कैम्प लगाये जाने का उम्मीद है इसके बाद वे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय गये वहां पर ते सीएमओ डॉक्टर सी0एल0 वर्मा के साथ एक घण्टे तक मीटिंग किया और उसके बाद मेगा कैम्प के स्थल का निरीक्षण करने के लिए दोपहर चुनार निकल गये उसके बाद से लालगंज क्षेत्र में स्थल चयन के लिए निरीक्षण करने का कार्य करेंगे।

## जिले में खाद की उपलब्धता पर्याप्त, किसान न हो परेशान- जिला कृषि अधिकारी




स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले में खरीफ फसल को लेकर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता है। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल ने बताया कि जनपद में सभी विक्री केन्द्रों (सहकारिता एवं निजी क्षेत्रों) में यूरिया-39470 मै0टन, डी0ए0पी0-8750 मै0टन, एन0पी0के0-3214 मै0टन, एम0ओ0पी0-101 मै0टन एवं एस0एस0पी0-21990 मै0टन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्रीपोजिशिंग के रूप में जनपद में यूरिया-3200 मै0टन एवं डी0ए0पी0-1400 मै0 टन उपलब्ध है। जनपद को यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की और भी रैक प्राप्त हो रही है। जनपद में लगातार उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहेगी। कहीं भी किसी प्रकार के उर्वरकों की कमी नहीं है। जनपद के किसान को उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता हो सके तथा उर्वरकों की कालाबाजारी एवं ओवर रेटिंग को रोका जा सके इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा कृषि एवं राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की तैनाती भी उनके न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत में पड़ने वाले उर्वरक प्रतिष्ठानों पर की गई तथा उनको निर्देशित भी किया गया है कि उर्वरक प्रतिष्ठानों पर स्वयं उपस्थित रह कर उर्वरकों की बिक्री करायें। साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी कृषि ,राजस्व,पुलिस बल द्वारा भी संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्यवाही कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। खरीफ सीजन 2025 में अभी तक दो दोषियों को जो उर्वरक की तस्करी में सम्मिलित थे, उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है साथ ही सात उर्वरक प्रतिष्ठानों को निलम्बित भी किया गया है। आगे भी छापेमारी की कार्यवाही संयुक्त टीम द्वारा लगातार की जाती रहेगी।

# अर्थव्यवस्था की खराबी के चलते किसान की दुर्दशा चिंताजनक- प्रमोद तिवारी



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर गरीब किसानों पर लगातार बढ़ रहे कर्ज को लेकर कड़ा हमला बोला है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल पाने के कारण महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक गरीब किसान को बैल तक नसीब न हो पाना बेहद दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने लातूर में मजबूर बुजुर्ग किसान को खेती के लिए बैल की जगह खुद हल के साथ खेत की जुताई की घटना को शर्मनाक एवं असहनीय करार दिया है। उन्होनें कहा कि महाराष्ट्र के लातूर में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार है। जिले के गरीब बुजुर्ग किसान अंबादास पवार को गरीबी के कारण अपने बैल बेचने पड़े। उन्होने कहा कि इस गरीब किसान परिवार के पास ट्रैक्टर से जुताई का किराया तक अदा करना नामुमकिन हो गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बुजुर्ग किसान को अपनी बेबस पत्नी मुक्ताबाई अंबादास पवार के साथ खेत में खुद बैल की जगह हल से जुताई करता देख हर देशवासी का हृदय पीड़ा से भर गया है। उन्होने पीएम मोदी पर कटाक्ष किया कि आंकड़ेबाजी के सहारे देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे पर बेबस किसान की तस्वीर अर्थव्यवस्था की बदहाली का कड़वा सच उजागर कर गयी है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र में ही कर्ज के बोझ से दबे 567 किसानों का आत्महत्या करना गंभीर चिन्ताजनक रहा है। उन्होने आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के हवाले से कहा कि सरकार की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते विदेशी कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि आम आदमी की आमदनी का पचीस दशमलव सात प्रतिशत इस कर्ज को चुकाने में व्यय हो रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते चंद पूंजीपति ही मुनाफा कमा रहे हैं। कहा कि देश का गरीब और किसान कर्ज में डूब रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार सिर्फ झूठे जुमलों व आंकड़ेबाजी से अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कमियों पर पर्दा डाल रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवागत बीईओ से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

### शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण पर हुई चर्चा



**कौशाम्बी।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र सरसवां में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव प्रताप सिंह का संघ के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को हम सभी लोग मिल कर बढ़ाये और विद्यालय में नामांकन तथा उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाय।शिक्षकों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से अथवा स्वयं मिलकर मुझे अवगत करायें जिसका मैं तत्काल निस्तारण करने का प्रयास करूंगा।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि हम सभी लोग आप के साथ समन्वय स्थापित कर विभागीय आदेशों का पालन करेंगे तथा आप से भी शिक्षक समस्याओं को समय से निस्तारित करने की अपेक्षा है।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी वेद प्रकाश चतुर्वेदी,नीरज कुमार मिश्रा, भूपेन्द्र कुमार सिंह, सौरभ पाण्डेय,रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी




**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गौरा गांव के शंकर खेड़ा में एक युवक ने बुधवार रात्रि को घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान महेश रावत (35 वर्ष) पुत्र राम सुमिरन रावत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महेश ने अज्ञात कारणों से घर के अंदर लगे छत के पंखे में शर्ट के कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना महेश की माता ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल मौके पर शांति है और पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### दयालपुर गांव में सर्पदंश से दुधारू भैंस की मौत, परिजनों में शोक की लहर



**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जहरीले सर्प के डसने से एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। यह घटना बुधवार देर रात उस समय हुई जब भैंस अपने बाड़े में बंधी थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दयालपुर निवासी पप्पू रावत की दुधारू भैंस को अचानक किसी जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए स्थानीय पशु चिकित्सक को बुलाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भैंस की हालत बिगड़ चुकी थी और थोड़ी ही देर में उसने दम तोड़ दिया।भैंस की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पप्पू रावत के परिवार के अनुसार, यह भैंस उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी। वह प्रतिदिन अच्छी मात्रा में दूध देती थी जिससे घर की आय का बड़ा हिस्सा जुड़ा था। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हाल के दिनों में कई बार जहरीले सांप दिखाई दिए हैं, जिससे दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सांपों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जाए और पशुओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं।इस दुखद घटना ने दयालपुर गांव के लोगों को पशुधन की सुरक्षा को लेकर सतर्क कर दिया है। वहीं, पप्पू रावत के परिवार को प्रशासन से आर्थिक सहायता की भी उम्मीद है।

# कौशाम्बी में भ्रष्टाचार का बोल- बाला

**● भ्रष्टाचार में लिप्त डीसी मनरेगा को दरकिनार कर कार्य करने की चर्चा इन दिनों फिर जोरो पर**

**बिना डीएम के अनुमोदन के ही सिराथू और नेवादा ब्लॉक में बाबू कर रहे भुगतान.. जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी**




**स्वतंत्र प्रभात**

**कौशाम्बी-** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री के गृह जनपद में ही आयुक्त ग्राम्य विकास के आदेश का अनुपालन करने में बौना साबित हो रहा है ...डीसी मनरेगा द्वारा विकास खण्ड नेवादा व विकास खण्ड सिराथू में नियमों को ताक पर रखकर मनरेगा योजना में भुगतान किया जा रहा है जबकि आयुक्त ग्राम्य विकास द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि विकास खण्ड स्तर पर लेखाकार की तैनाती न होने पर वरिष्ठ सहायक ,प्रधान सहायक एवं सहायक लेखाकार को मनरेगा योजनान्तर्गत एफ टी ओ निर्गत करने के लिए उत्तरदायित्व दिया जा सकता है। लेखाकार से भिन्न अधिकारी को फण्ड ट्रान्सफर आर्डर निर्गत करने का उत्तरदायित्व देने से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

लेकिन विकास खण्ड नेवादा में सुनील सिंह वरिष्ठ सहायक एवं विकास खण्ड सिराथू में काजी आफताब अहमद उर्दू अनुवादक द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत बिना जिलाधिकारी के अनुमोदन के ही लगातार भुगतान किया जा रहा है। जिसकी शिकायत बीते माह आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश के यहां की गई थी।जिसमें आयुक्त ग्राम्य विकास द्वारा डीसी मनरेगा मनोज कुमार वर्मा को शिकायती पत्र भेजकर आख्या चाही लेकिन डीसी मनरेगा द्वारा कोई जवाब एवं कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे डीसी मनरेगा की भूमिका पूरी तरह तरीके से सवालों के घेरे में है। अब सवाल इस बात का है कि जिले के ईमानदार जिलाधिकारी को इसकी भनक न लगे इसके लिए भी विभागीय लोगो ने ऑल इज वेल का ढिंढोरा पीट रहे हैं।यदि कौशाम्बी के ईमानदार जिला अधिकारी ने इसकी गोपनीय तरीके से जांच करवाया तो जिम्मेदार पर कार्यवाही लगभग तय मानी जा रही है या पहले की तरह ठण्डे बस्ते में डाल दिया जायेगा।

# पाकिस्तानी चैनल्स और सेलेब्स पर लगा बैन हट गया फिर एक्टिव हुए कई अकाउंट्स

**स्वतंत्र प्रभात**

**ब्यूरो चीफ दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**



पाकिस्तानी चैनल्स और सेलेब्स पर लगा बैन हट गया है, कई सेलेब्स के अकाउंट एक बार फिर भारत में खुल पा रहे हैं। अभी तक सरकार ने इसे लेकर कोई ऐलान नहीं किया है, लेकिन कई चैनल्स और कई सेलेब्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फिर दिखाई देने लगे हैं। सबा कमर, मावरा होकेन, अहद रज़ा मीर, युमना ज़ैदी और दानिश तैमूर कुछ ऐसे सेलेब्स हैं जिनके अकाउंट भारत में बंद हो चुके थे। लेकिन अब फिर ये सभी एक्टिव हो चुके हैं।आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक इसके अलावा Hum TV, ARY Digital और Har Pal Geo जैसे चैनल्स भी सक्रिय हो चुके हैं। शोएब अख्तर, शाहिद अफरीदी जैसे पूर्व क्रिकेटर्स के अकाउंट भी अब दिखने लगे हैं। अब इन चैनल्स की स्ट्रीमिंग होना बड़ी बात है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही भारत सरकार काफी सख्त थी। पाकिस्तानी कंटेंट को किसी भी तरह भारत में एंट्री नहीं दी जा रही थी।

भारत ने तय रणनीति के तहत 16 यूट्यूब चैनल्स पर रोक लगाई थी। कहा गया था कि पाकिस्तान इन चैनल्स के जरिए भी अपना प्रोपेगेंडा भारत पहुंचा रहा है। लेकिन अब जब सभी चैनल फिर एक्टिव हो गए हैं, लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं। सरकार की तरफ से क्योंकि अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, उस वजह से भी कन्फ्यूजन की स्थिति बनी हुई है।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हुई थी। आतंकियों ने मजहब पूछकर लोगों को मौत के घाट उतारा था। उस कायराना हमले के बाद भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर किया था। उस ऑपरेशन के तहत 9 आतंकी ठिकानों को निशाने पर लिया गया था, पाकिस्तान में बैठे 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा गया। उस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान ने भी बौखलाहट में ड्रोन अटैक किया, भारत के कई शहरों को निशाने पर लिया।यह अलग बात रही कि पाकिस्तान का ड्रोन अटैक भी बुरी तरह विफल रहा। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ना सिर्फ पाक मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया बल्कि हवा में ही नष्ट भी कर डाला।

# एक पेड़ मां के नाम का उद्देश्य मातृभूमि और मातृत्व का सम्मान करना- जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

**स्वतंत्र प्रभात**

**कौशाम्बी।** जनपद में विधानसभा मंझनपुर के सांगठनिक मण्डल मंझनपुर ग्रामपंचायत भद्दूपुर में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने जन चौपाल के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया व वृक्षारोपण कर सम्बोधित किया। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम पिछले कई वर्षो से लगातार चला आ रहा है इसमें लोगों को वृक्षारोपण के लिए निरन्तर प्रेरित किया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात रेडियो प्रोग्राम में इस अभियान की शुरुआत करने की बात कही थी जिसमें उन्होंने अपनी मां को याद करते हुए लोगो से वृक्षारोपण करने का आग्रह किया था साथ ही इस अभियान के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया है और उन्हें अपनी माताओं के नाम पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है,बल्कि मातृशक्ति का सम्मान करने और उनके योगदान को पहचानने का अवसर भी प्रदान करता है ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया व एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण करने के लिए कार्यकताओं एवं आमजनमानस को प्रेरित किया इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष मंझनपुर मनमोहन कुशवाहा, आलोक



तिवारी, आशा रानी, सुनील पाल, बृजेश मिश्रा, अशोक चौधरी, संजय मौर्य आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकरी एंव पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम त्यौहार को लेकर सैयद सरावॉ का किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार मोहर्रम को शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के दृष्टिगत सैयद सरावॉ में पैदल गस्त/भ्रमण करते हुए मोहर्रम के जुलूस के मार्गो का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान ताजिया रखने के स्थान एवं जुलूस के मार्गो का निरीक्षण करते हुए, धर्मगुरूओं, ताजियादारों एवं अन्य संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर उनसे वार्ता की गई तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही त्यौंहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने हेतु आम जनमानस से अपील करते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही गई। त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चायल आकाश सिंह एंव पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित ग्राम सभा के सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

## दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज अजुहा में यज्ञ के साथ शिक्षण कार्य का किया गया शुभारम्भ

**स्वतंत्र प्रभात**

**कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 04/07/ 2025 दिन गुरुवार को दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज अजुहा कौशाम्बी में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सोममुनि व रमेश प्रसाद ब्रह्मा का कार्य किया यज्ञ के यजमान विद्यालय के अध्यक्ष कपूर चंद केसरवानी रहे यज्ञ उपरान्त सोम मुनि ने बताया कि यज्ञ को देव कहते हैं कोई शुभ कार्य करने के लिए देव यज्ञ अति आवश्यक होता है इससे एक शुद्ध वातावरण बनता है और छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को ज्ञान के प्रकाश का उदय होता है इसी के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चन्द्र छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम उसे देश के नागरिक हैं जिस देश में भारतीयता के साथ भारतीय संस्कृति का भी प्रवाह होता है हमारी परम्परा है गुरु शिष्य की परम्परा चलती आ रही है द्य समाज व राष्ट्र की भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत करने वाली संस्कार छात्राओं को दिया जाता है गुरु भी अपने कर्तव्यों का



निर्वाह करते हुए राष्ट्र के लिए एक उत्तम संस्कार युक्त नागरिक बनाकर देश को सौंप देते हैं इसीलिए भारत की यह संस्कृति परम्परा विश्व की अद्वितीय परम्परा है एक सुयोग नागरिक तैयार करना भारत के गुरुओं का कर्तव्य होता है इसी के साथ यज्ञ में निम्न लोग उपस्थित रहे। ओम प्रकाश कुशवाहा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रबन्धक वेद प्रकाश, ब्रह्मानन्द शर्मा, रामबाबू मोदनवाल सभासद, फूलचंद सभासद, शत्रुघ्न सभासद, अमृतलाल केसरवानी, अश्वनी कुमार, दीपक सिंह, रामप्रसाद, रामानंद, शेर बहादुर, देवेश कुमार चौधरी मदराखन लाल, सुंदरलाल, विश्वनाथ, भानु प्रकाश,सरलापाल, आयुषी, सोनम, आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली में जघन्य वारदात, लाजपत नगर में, मालकिन ने डांटा तो नौकर ने मां-बेटे को काट डाला

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में नौकर ने महिला और उसके नाबालिग बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह दोनों की लाश मिली। डबल मर्डर की ये वारदात मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान 42 वर्षीय रुचिका और उनके 14 वर्षीय बेटे कृष के रूप में हुई है। मां-बेटे की हत्या करने वाले नौकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने आरोपी मुकेश (24) को एक ट्रेन से उस समय पकड़ लिया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुधवार रात नौ बजकर 43 मिनट पर लाजपत नगर-एक निवासी कुलदीप सेवानी की तरफ से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल आई। पुलिस के अनुसार, सेवानी ने बताया कि उनकी पत्नी रुचिका (42) और 14 वर्षीय बेटा फोन नहीं उठा रहे हैं और उनके घर की सीढ़ियों पर खून के धब्बे हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) हेमंत तिवारी ने एक बयान में कहा, ''पीसीआर वाहन और एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। रुचिका और उसके बेटे के शव घर के अंदर बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि महिला का शव शयनकक्ष में और उनके बेटे का शव बाथरुम में मिला। बयान के अनुसार, कुलदीप और उनकी पत्नी की लाजपत नगर बाजार में कपड़े की दुकान है और उनका बेटा दसवीं कक्षा में पढ़ता था।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मूलरूप से बिहार के हाजीपुर का निवासी उनका नौकर मुकेश घटना के बाद से लापता है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि वह कपड़े की दुकान पर और परिवार के लिए ड्राइवर के तौर पर भी काम करता था। तिवारी ने बताया कि बाद में उसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने बताया कि दोहरे हत्याकांड की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है तथा जांच जारी है। नौकर ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मालकिन ने उसे डांटा था, इसलिए उसे गुस्सा आ गया. इसी गुस्से में उसने मालकिन और उनके नाबालिग बेटे को धारदार हथियार से काट डाला. इसके बाद वो मौके से फरार हो गया. जाते-जाते उसने घर को बाहर से बंद कर दिया था।

## 5000 विद्यालय बन्द करना शिक्षा का अधिकार का हनन- गौरव पाण्डेय

**स्वतंत्र प्रभात**

**कौशाम्बी।** आज जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया , बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा 5000 विद्यालयों को बन्द करने के विरोध में राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया । ज्ञापन देने के पश्चात मीडिया को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश सचिव राजेश साहनी ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के 5000 प्राथमिक विद्यालय सरकार बन्द करने की साजिश रच रही है जिसे कांग्रेस पार्टी सफल नहीं होने देगी , जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नौनिहालों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देगी उन्होंने ने कहा कि बीजेपी गरीब के बच्चों को पढ़ने देना नहीं चाहती है , शिक्षा से दूर रखकर गरीबों को अनपढ़ ही रखना चाहते हैं जिससे इनसे कोई सवाल न कर सके । बैठक में जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास ने कहा कि बीजेपी सरकार दलित विरोधी है गरीब का बच्चा ना



पढ़ सके इसके लिए बीजेपी प्राथमिक विद्यालय को बन्द कर रहे हैं और गरीब एवं मजदूरों के बच्चे पढ़ करके सरकार से सवाल ना कर सके इसलिए यह सरकार यह साजिश रच रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी इनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी , बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महासचिव अर्श खुर्शीद ने कहा की बीजेपी संविधान विरोधी है और जो शिक्षा का अधिकार कांग्रेस ने अपने शासनकाल में दिया था आज बीजेपी उसे कानून का उल्लंघन कर रही है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय छात्र संगठन (हस्ढ्ढ) के नेता अमित द्विवेदी आजाद ने किया बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय प्रदेश सचिव राजेश साहनी उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू कौशलेश द्विवेदी राजेन्द्र त्रिपाठी श्याम मूर्ति त्रिपाठी राम बहादुर त्रिपाठी,दीपक पाण्डेय बाबू जी, सुरेन्द्र शुक्ला, मनोज सिंह पटेल,मोहम्मद अकरम, राम सूरत रैदास राज नारायण पासी, अर्श खुर्शीद, मोहम्मद नोमान, शशि प्रताप त्रिपाठी बरसाती लाल पांडा अशोक दुबे सचिन पाण्डेय खुर्शीद श्याम सिंह भदोरिया, राजा भैया द्विवेदी अबीदा बेगम कौशल्या देवी अनिल सेन, अजय कुमार, नरेंद्र लोदी, अमरेन्द्र सिंह,भागीरथी पटेल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, संतोष शुक्ला, अफकार अहमद, कैलाश केसरवानी, शारिक, बिलाल, जमशेद, आरिज राहुल यादव विनीत पाल, विवेक मौर्य , बालेन्द्र यादव, ज़िला सचिव आसिफ अल्वी, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# चौबीस दिन से एसडीएम के खिलाफ वकीलों की चल रही हड़ताल आमरण अनशन और भूख हड़ताल में बदली

**● जब तक ह्यस्रद्व नहीं हटाई जाएगी तब तक भूख हड़ताल चलेगी- पूर्व अध्यक्ष तिवारी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कोरांव प्रयागराज।** तहसील कोराव में एसडीएम आकांक्षा सिंह के मनमानी रवैए और उनके कार्यप्रणाली को लेकर चल रही अधिवक्ताओं की चौबीस दिन से हड़ताल पच्चीसवें दिन आमरण अनशन और भूख हड़ताल का रूप ले लिया है फिर भी जिला प्रशासन पूरी तरह ख़ोमाश है।

बता दें कि एसडीएम आकांक्षा सिंह के विरुद्ध चल रही अधिवक्ताओं की चौबीस दिन से लगातार हड़ताल बृहस्पतिवार को पच्चीसवें दिन आमरण अनशन और भूख हड़ताल में बदल गई जिसके बाबत सोमवार को ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने सूबे के मुखिया और जिलाधिकारी को





चेताया था कि यदि बुधवार तक एसडीएम का ट्रांसफर नहीं हुआ तो बृहस्पतिवार से जहा लामबंद अधिवक्ता आमरण अनशन पर बैठेंगे वहीं बार के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामाकांत त्रिपाठी उर्फ बब्बन बागी भूख हड़ताल करेंगे बावजूद इसके आलाधिकारियों की कुंभ निद्रा न टूटना तहसील कोराव के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण साबित हो रहा है बृहस्पतिवार को साथी अधिवक्ताओं के साथ आमरण अनशन पर बैठे पूर्व अध्यक्ष ललन कुमार तिवारी ने कहा कि अब ये हड़ताल आमरण अनशन का रूप ले लिया है जो एसडीएम के ट्रांसफर तक जारी रहेगी देखने वाली बात होगी जिला प्रशासन उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह का ट्रांसफर करता है या फिर अधिवक्ताओं की यह हड़ताल और उग्र रूप लेती है इस दौरान पूर्व मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला, श्याम सुन्दर तिवारी, शिव कुमार प्रजापति, कौशलेश तिवारी महाकाल, श्यामाकांत त्रिपाठी,रावेंद्र मिश्रा, अनूप मिश्रा, वेद प्रकाश प्रजाप्रति, रोहित पाण्डेय मणि शंकर शर्मा, भास्कर यादव, ब्रह्म शंकर तिवारी,कौशलेश तिवारी, श्याम मिश्रा, विद्यानंद वर्मा, अरुण कुमार, कन्हैया लाल, अंकेश मिश्रा, आत्मा सिंह, लवकुश आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गोंडा- कटुवा नाला में छात्र को बंधक बनाकर लाखों की लूट, चाकू मारकर घायल किया

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** कौड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कटुवा नाला में बुधवार देर रात अज्ञात नकाबपोश चोरों ने एक घर में धावा बोलते हुए छात्र को बंधक बनाकर चाकू के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर छात्र को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। लुटेरे घर से लाखों रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी लेकर फरार हो गए।

**छत पर सो रहा था परिवार, कमरे में थी छात्रा**

मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी हरीश सिंह के परिजन रात्रि भोजन के बाद छत पर सोने चले गए, जबकि घर के भीतर कमरे में छात्र रितेश सिंह और दूसरे कमरे में छात्रा शिवानी उर्फ गौरी सिंह सो रही थीं। इसी दौरान देर रात नकाबपोश चोर घर में घुस आए और खटपट की आवाज पर रितेश की नींद खुल गई।

**चोरों ने चाकू दिखाकर बंधक बनाया**

जैसे ही रितेश ने उठने की कोशिश की, कमरे में मौजूद दो चोरों ने उसे चाकू



दिखाकर चुप रहने को कहा। लेकिन साहस दिखाते हुए रितेश ने चोरों से भिड़ने का प्रयास किया, जिस पर चोरों ने उसके हाथ और मुंह को साड़ी से बांधकर उसे चाकू मार दिया। घायल करने के बाद चोरों ने घर में रखे गहने और नकदी समेटी और फरार हो गए।

**लूटे गए सामान में शामिल हैं-**

- सोने की 6 अंगूठियां
- एक सोने की चेन
- तीन नाक की कील
- एक मंगलसूत्र
- एक टाइटन घड़ी
- पांच पायल, आठ बिछिया
- 3000 नगद
- अन्य कीमती आभूषण (कुल कीमत लाखों में)

**पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची**

सूचना मिलने पर रितेश सिंह ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची कौड़िया थाना पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल की और साक्ष्य जुटाए।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की प्राथमिकी दर्ज की जा रही है, और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।ग्राम कटुवा नाला में हुई यह दुस्साहसी वारदात न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि ग्रामीणों में भी भय का माहौल बना रही है।

## शंकरगढ़ में भक्तजनों ने किया शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का स्वागत

**स्वतंत्र प्रभात**

**शंकरगढ़ प्रयागराज।** शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन पर आध्यात्मिक गुरु और सनातन धर्म को पूरे विश्व में प्रसारित करने वाले महंत स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का शंकरगढ़ वासियों ने सैकड़ो की संख्या पहुंचकर स्वागत किया।

संपूर्ण क्षेत्र को उस समय अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हुई, पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज जी के दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला।श्रद्धालुओं, संतजनों और नगरवासियों ने पूज्य शंकराचार्य जी के आगमन पर उनका स्वागत किया तथा उनके चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें विभवनाथ भारती पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा यमुनापार, संतोष त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष भाजपा यमुनापार, मसुरिया दीन वर्मा जी, कृष्ण प्रसाद मिश्रा , रोहित केसरवानी जी, सोमनाथ वर्मा, दीपक केसरवान, राम जतन बंसल, शिवम् पत्रकार , सर्वेश भारती, प्रताप बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार मिश्र, अशोक त्रिपाठी, उत्तम सिंह, एल.एन. वर्मा, संदीप सिंह, प्रदीप मिश्रा, अनिल कुमार, सुमेश कुमार शुक्ल, मनीशंकर दुबे, बालेंद्र पाण्डेय, राजेश कुमार गोस्वामी, पंकज मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, अखिलेश पाण्डेय, विनीत



शुक्ला एवं सभी भक्तगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय अग्निवीर भर्ती योजना के अंतर्गत प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी वाहन के माध्यम से जागरूकता अभियान प्रारंभ



**साहेबगंज, झारखंड-** भारतीय अग्निवीर योजना के अंतर्गत जिले में अग्निवीर पदों के लिए भर्ती से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। यह एलईडी वाहन प्रतिदिन सुबह से शाम तक चलाया जा रहा है, जिसमें वीडियो और पंपलेट के माध्यम से अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया, योग्यता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। यह प्रचार-प्रसार अभियान दिनांक 30 जून से प्रारंभ होकर आगामी 06 जुलाई, 2025 तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़ना और उन्हें भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और एलईडी वाहन के माध्यम से प्रसारित जानकारी से अवगत हों। यह पहल युवाओं के बीच देशभक्ति, जागरूकता और अवसर के नए द्वार खोलने का प्रयास है।

### स्वर्णकार जाति को ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग, आयोग अध्यक्ष को सौंपा गया ज्ञापन



**रांची-** राजकीय अतिथि शाला रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के संरक्षक डॉ. दिलीप कुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने स्वर्णकार/सोनार जाति को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने और झारखंड में जाति प्रमाण पत्र जल्द जारी करने हेतु उपायुक्तों को निर्देश देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डॉ. सोनी ने कहा कि स्वर्णकार जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इन्हें ओबीसी-1 सूची में शामिल करना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में डॉ दिलीप कुमार सोनी के साथ संरक्षक सुरेश प्रसाद व प्रदेश उपाध्यक्ष महेश प्रसाद सोनी भी शामिल थे।

### मुहर्रम के अवसर पर बरही पश्चिमी मुखिया ने कर्बला में टैंकर से उपलब्ध कराया पानी

**बरही-** मुहर्रम के पावन अवसर पर बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के कर्बला स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायत के मुखिया शमशेर आलम के सौजन्य से विशेष जलापूर्ति की व्यवस्था की गई। गुरुवार को कर्बला में टैंकर के माध्यम से साफ पानी उपलब्ध कराया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों में संतोष और आभार का भाव देखा गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, तोहिद अली सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे और समुचित तरीके से पानी वितरण कार्य की निगरानी करते नजर आए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार हमारे समाज की एकता और बलिदान की परंपरा को दर्शाता है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पंचायत स्तर से निरंतर प्रयास होते रहेंगे।

### बरही गया रोड पर गड्ढों को कराया गया समतलीकरण

#### मुखिया शमशेर आलम के प्रयास से हुआ कार्य, प्रतिनिधि टिंकू आलम की रही सक्रिय भूमिका

**बरही-** बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम के पहल पर बरही गया रोड मुख्य मार्ग में बने खतरनाक गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य का नेतृत्व मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने किया। बरही गया रोड लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे आवागमन में ग्रामीणों और राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो गई थी, जब सड़क पर बने गड्ढे पानी से भरकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे। स्थानीय मुखिया द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जनहित में त्वरित कदम उठाया गया। मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने खड़ा रहकर सड़क मरम्मती कार्य में जेसीबी मशीन लगाकर गड्ढों को भरा गया। इसके बाद सड़क को रोलर द्वारा समतल किया गया, जिससे लोगों को अस्थायी तौर पर ही सही, राहत मिल सके। इस कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने भी संतोष व्यक्त करते हुए मुखिया व उनके प्रतिनिधि के प्रति आभार प्रकट किया है।

## वर्षा होने से कृषकों में हर्ष, पर बीज व खेतों में पर्याप्त पानी नहीं रहने से फिलहाल धान रोपनी नहीं हो पा रही है

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड।** इस वर्ष समय पूर्व मानसून के आने से पाकुड़िया प्रखण्ड में 17 जून से वर्षा होती रही, जिससे रोहिणी नक्षत्र में खेतों में डाले गए धान के बीज अंकुरित होने लगे। 2 जुलाई को पाकुड़िया प्रखण्ड मुख्यालय, ढेकीडूबा, खाकसा, मोंगलाबांध, पाथरडांगा, हरिपुर, रामदेवकुंडी, चौकीसाल, रामघाटी, सोल्ला, बनोग्राम, राधानगर, बड़तल्ला और चेंगागड़िया ग्राम की ऊपरी भूमि में वर्षा का पानी संग्रहित नहीं देखा गया। हालांकि नीचली जमीनों में जल है, पर धान के बीज तैयार नहीं होने से रोपनी प्रारंभ नहीं हो पा रही है। प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही सूचना के मुताबिक, बीज नहीं तैयार होने तथा खेती योग्य पानी विशेषकर ऊपरी भूमि में बारिश का पानी नहीं रहने से धान रोपनी की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

धान रोपनी के संदर्भ में कृषकों से पूछने पर उन्होंने बताया कि वर्षा होने से प्रसन्नता तो हो रही है, परंतु मुसलधार वर्षा होने पर ही धान की रोपनी प्रारंभ होगी। किसानों ने कहा कि उन्हें आशा है कि वर्षा की गति तेज होगी और तब तक धान का बीज भी पूरी तरह तैयार हो जाएगा। कृषकों को उम्मीद है कि दस दिनों में धान रोपनी प्रारंभ हो सकती है। यदि पाकुड़िया में वर्ष 2025 की वर्षा पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होगा कि 2 जुलाई तक कुल 402 मिमी मानसूनी वर्षा हो चुकी है, जिसमें सर्वाधिक वर्षा 68 मिमी 23 जून को हुई थी। इस प्रकार, पाकुड़िया में 22 अप्रैल से 11 मई तक बारिश नहीं हुई थी। पाकुड़िया में 20 मई को 16 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

हालांकि पाकुड़िया के आसमान पर घने बादल छाए हुए हैं, फिर भी अब तक भारी वर्षा नहीं होने के कारण ऊपरी भूमि में पानी जमा नहीं हो पाया है। वहीं, नीचली भूमि में पानी है, पर बीज तैयार नहीं हैं। इसके बावजूद कृषक अपने खेतों को धान रोपनी के लिए तैयार करने में जुटे हैं। उनका मानना है कि यदि मुसलधार वर्षा हुई तो खेतों में जल जमाव होगा और दस दिनों के भीतर बीज भी तैयार हो जाएगा।

## पद्म श्री से सम्मानित विकास भारती सचिव डॉ. अशोक भगत से मिले बरही मनोज कुमार यादव, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव राजधानी रांची में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पद्म श्री से सम्मानित डॉ अशोक भगत से आत्मीय मुलाकात की। इस मौके पर वाराणसी के पूर्व एमएलसी और वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ यादव, शशिभूषण यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि डॉ अशोक भगत झारखंड के ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने अपना जीवन राज्य के दूर-दराज के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका के क्षेत्र में सुधार के लिए समर्पित कर दिया है। उनके उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2015 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया था। डॉ भगत वर्तमान में विकास भारती नामक स्वयंसेवी संगठन के सचिव हैं। यह संगठन झारखंड के ग्रामीण इलाकों में गरीब और वंचित समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और आजीविका के अवसर बढ़ाने जैसे कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी कार्यक्रम संचालित करता है। विकास भारती राज्य सरकार समेत कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर ग्रामीण जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। विधायक मनोज कुमार यादव ने इस मुलाकात को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि डॉ अशोक भगत जैसे अनुभवी समाजसेवी के मार्गदर्शन से न सिर्फ बरही बल्कि झारखंड के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास योजनाओं को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय से सरकार की योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

## इमामबाड़े में मुहर्रम की सातवीं तारीख को फातिहा खानी और लंगरखानी का कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** गुरुवार को मुहर्रम माह की सातवीं तारीख के अवसर पर इमामबाड़े में मुस्लिम रज़ी तल्लाह अन्हों और शहीदे कर्बला के नाम पर फातिहा खानी का आयोजन किया गया। फातिहा खानी के बाद पारंपरिक रूप से लंगरखानी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के बीच वेज बिरयानी, खीर, मिठाई, शरबत और पानी वितरित किया गया। यह कार्यक्रम मुहर्रम की पहली तारीख से दसवीं तारीख तक प्रतिवर्ष इसी प्रकार जारी रहता है। इस अवसर पर पूरे हुसैन नगर, कोनरा, बरही, हजारीबाग क्षेत्र के हिन्दू-मुस्लिम सहित सभी समुदायों के लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ इस पर्व को पूरी आस्था और श्रद्धा से मनाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका छोटू खान, जाहिद खान, आफताब कुरैशी, मज़हर कुरैशी, संजय, छोटू, माहि, शमशेर हिंगना, आसिफ खान आदि का रहा। वहीं 7, 8, 9 और 10 को राजा होम्योपैथिक क्लिनिक की ओर से भी लगातार शरबत, पानी, वेज बिरयानी, खीर, दूध और फल का वितरण किया जाता है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस आयोजन की जानकारी डॉ. अली हैदर और डॉ. डीआर हैदर द्वारा दी गई।

### लागडुम पंचायत के ग्राम में पदाधिकारियों ने किया योजना स्थलों का निरीक्षण एवं दिए आवश्यक निर्देश



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड-** बीते गुरुवार पाकुड़िया प्रखण्ड अंतर्गत लागडुम पंचायत के ग्रामों में बागवानी हेतु योजना स्थलों का निरीक्षण प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित, सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता एवं कनीय अभियंता लालू रविदास ने गया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों ने बाहामुनी टुडू एवं श्रीनाथ हेम्बरम के वृक्षारोपण स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित योजनाओं में प्राक्कलन के अनुरूप गड्ढा खुदाई (पीट डिगिंग), जलकुंड निर्माण एवं घेराबंदी कार्य को सुनिश्चित रूप से करने का निर्देश दिया।

## बरही प्रखंड के कई पंचायतों में बैंकिंग योजनाओं के लिए कैंप का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत सहित रसोइयाधमना, खोडाहार, कोल्हुआकला, मलकोको एवं रानीचुवां पंचायत में सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विशेष बैंकिंग कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरही द्वारा निर्गत चिट्ठी के आलोक में पंचायत स्तर पर (एफआई) के तहत आयोजित किया गया। कैंप में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के तहत लाभुकों के खातों को री-केवाईसी के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया गया। कोनरा में बैंक के एबीएम गुंजन कुमार एवं सब स्टाफ पवन कुमार ने पूरी जिम्मेदारी से कैंप का संचालन किया। पंचायत स्तर पर इस कार्य में पंचायत सहायक हसबुन निशा, आशिफ इक़बाल, संतोष कुमार और पिंटू रजक ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि इस तरह के कैंप के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे। अन्य पंचायतों में लाभुकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाया।

## मोटे अनाजों के उत्पादन के लिए किसानों को करें प्रेरित- डीएम

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** नीति आयोग के इंडिकेटर्स एवं फंड सम्बन्धी बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने नीति आयोग के इंडिकेटर्स की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के जिन क्षेत्रों में माइक्रो इरिगेशन का प्रयोग किया जा रहा है, उसकी ब्लॉक व ग्राम पंचायत वार सूची उपलब्ध कराएं। जिला उद्यान अधिकारी व उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि पानी की समस्या को देखते हुए अधिक से अधिक किसानों को माइक्रो इरिगेशन के बारे में जागरूक करते हुए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर की सुविधा दी जाए। साथ ही किसानों को फसल बीमा योजना के प्रति भी प्रचार कर जागरूक करें। कहा कि किसानों को नवीनतम बीज उपलब्ध कराएं तथा सब्जियों की खेती के लिए प्रेरित करें, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही खरीफसीजन में किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन को प्रेरित करें। निर्देश दिए कि किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराएं, जिससे मृदा परीक्षण के आधार पर किसान संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। डीएम ने किसान क्रेडिट कार्ड के ऋण वितरण के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को बैंकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। आईटीआई प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि स्किल डेवलपमेंट के संबंध में रोजगार मेले का आयोजन करते रहे।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो पंचायत सहायक की ट्रेनिंग के बाद टेस्ट भी कराएं। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिया गया लक्ष्य सर्वे कराकर पूर्ण कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल विकास पुष्टाहार योजना के अंतर्गत समय पर पुष्टाहार का वितरण कराएं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी की सूची उपलब्ध कराए। इसके साथ ही प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों सहित घरों में होने वाली डिलीवरी की सूची प्रेषित करें। कहा कि टीवी मुक्त भारत के लिए संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े एवं इसका प्रचार-प्रसार कराएं। निर्देश दिए कि नीति आयोग द्वारा दिए गए सभी जो इंडिकेटर्स पर प्रगति कराएं ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीड़ी विश्वकर्मा, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अपर अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएल यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गाड़ी चालक के साथ हुए विवाद के मामले में छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में एसओजी एवं थाना मानिकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट के प्रयास के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 29 जून की रात्रि प्रयागराज जनपद के थाना पूरामुफ्ति के बम्हरौली उपरहार निवासी मनीष पासी पुत्र कंचन प्रसाद पासी ने सूचना दी कि 29 जून की रात्रि को चालक राजकुमार व खलासी पंकज पिकअप लेकर सतना जा रहे थे। इस दौरान झरी रेलवे फाटक के पास कुछ अज्ञात व्यक्ति पिकअप को रास्ते में रोककर लूटने का प्रयास कर रहे थे, जिससे डरकर चालक व खलासी जनपद प्रयागराज के एयरपोर्ट थाने पहुंच गए। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मामले के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी मऊ, एसओजी, थाना मानिकपुर एवं चौकी सरैंया की कुल चार टीमों को लगाया गया। मामले की छानबीन करने व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने इस घटना के छह आरोपियों थाना मानिकपुर के गोविन्द्र नगर निवासी आशीष द्विवेदी, थाना मानिकपुर के गांधीनगर निवासी विद्या सागर उर्फ मुक्कू, बिहार के जिला सोनपुर निवासी (हाल पता रेलवे कालोनी मानिकपुर) अमित कुमार, थाना मानिकपुर के पटेल नगर निवासी सतेन्द्र पाल व नागेन्द्र पाल तथा थाना मानिकपुर के जवाहर नगर निवासी हिमांशू मिश्रा को गिरफ्तार किया। पूंछताछ करने पर आरोपी आशीष द्विवेदी ने बताया कि वह अपने साथी सुधांशू के साथ अपनी मोटर साइकिल में पेट्रोप डलाने जा रहा था। इस दौरान मारकुण्डी तिराहे के पास सरैया की तरफसे आ रहे लोडर से मोटरसाइकिल में धक्का लग गया। इस पर आशीष द्विवेदी ने अपने अन्य साथियों नागेन्द्र पाल, विद्यासागर, सत्येन्द्र पाल, अमित व हिमांशू के साथ तीन मोटर साइकिलो से लोडर को रोकने के लिए उसका पीछा करने लगे तथा इस दौरान लोडर के बगल में पहुंचने पर आशीष को हल्का धक्का लग गया, जिससे वह गिर गया। इसके बाद फिर से वह अपने दोस्तों के साथ लोडर का पीछा किया लेकिन तब तक चालक लोडर लेकर झरी फाटक के पास जंगल की तरफ मोडकर भाग गये। इसके बाद सभी आरोपियों सहित लोडर के मालिक, चालक व खलासी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में मानिकपुर थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव, उपनिरीक्षक नीरज, रामेश्वर प्रसाद, कम्प्यूटर आपरेटर रोहित यादव, आरक्षी धीरेन्द्र किशोर व गजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों का विलय कर बंद करने के आदेश के खिलाफगुरुवार को जिला कांग्रेस समिति ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। साथ ही इस सम्बन्ध में राजपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार कर्वी को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सरकारी स्कूल बंद कर दलित व पिछड़ा वर्ग के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। जिसका कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक विरोध करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार स्कूलों को बंद कर शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन कर रही है। इस आदेश से बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। इसके साथ ही नौजवान भी रोजगार से वंचित हो जाएंगे। इस फैसले के विरोध में कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक विरोध करेगी। वरिष्ठ नेता गज्जू प्रसाद फौजी व शिव गुलाम वर्मा ने कहा भाजपा सरकार दलित पिछड़ा विरोधी सरकार है तथा सरकार द्वारा गरीबों के साथ किए जा रहे इस अन्याय के खिलाफकांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से नौजवान व किसान परेशान है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, सविता पाल, नरवेश सचान, जिला सचिव भगवानदीन, समदरिया, राजेश सिंह, प्रशांत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अकबरी बेगम, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, कमलाकांत शुक्ला, यमुना शुक्ला, पुणेनदु पांडेय, युवा कांग्रेस चंद्रकली गुप्ता, अतुल राजपूत, जग जाहिर पटेल, रावेन्द्र सिंह पटेल, इंद्रजीत उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह, अजीत मिश्रा, रामकृपाल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अमित रैकवार, अभय यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता, राधेश्याम साहू, अभय यादव, हरिओम पांडेय, योगेंद्र रैकवार आदि मौजूद रहे।

## अर्थव्यवस्था की खराबी के चलते किसान की दुर्दशा चिंताजनक -प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर गरीब किसानों पर लगातार बढ़ रहे कर्ज को लेकर कड़ा हमला बोला है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल पाने के कारण महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक गरीब किसान को बैल तक नसीब न हो पाना बेहद दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने लातूर में मजबूर बुजुर्ग किसान को खेती के लिए बैल की जगह खुद हल के साथ खेत की जुताई की घटना को शर्मनाक एवं असहनीय करार दिया है। उन्होनें कहा कि महाराष्ट्र के लातूर में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार है। जिले के गरीब बुजुर्ग किसान अंबादास पवार को गरीबी के कारण अपने बैल बेचने पड़े। उन्होने कहा कि इस गरीब किसान परिवार के पास ट्रैक्टर से जुताई का किराया तक अदा करना नामुमकिन हो गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बुजुर्ग किसान को अपनी बेबस पत्नी मुक्ताबाई अंबादास पवार के साथ खेत में खुद बैल की जगह हल से जुताई करता देख हर देशवासी का हृदय पीड़ा से भर गया है। उन्होने पीएम मोदी पर कटाक्ष किया कि आंकड़ेबाजी के सहारे देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे पर बेबस किसान की तस्वीर अर्थव्यवस्था की बदहाली का कड़वा सच उजागर कर गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र में ही कर्ज के बोझ से दबे 567 किसानों का आत्महत्या करना गंभीर चिन्ताजनक रहा है। उन्होने आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के हवाले से कहा कि सरकार की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते विदेशी कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि आम आदमी की आमदनी का पचीस दशमलव सात प्रतिशत इस कर्ज को चुकाने में व्यय हो रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते चंद पूंजीपति ही मुनाफा कमा रहे हैं। कहा कि देश का गरीब और किसान कर्ज में डूब रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार सिर्फ झूठे जुमलों व आंकड़ेबाजी से अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कमियों पर पर्दा डाल रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## दो के विरुद्ध की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इस अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आरोपी शिवकान्त निवासी ठर्री चौकी शिवरामपुर कोतवाली कर्वी तथा बरगढ़ थसाना प्रभारी शिवआसरे द्वारा आरोपी अंकुर मिश्रा निवासी ग्राम कोनिया थाना बरगढ़ के विरुद्ध यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## स्कूलों को बंद करने के निर्णय का डटकर विरोध करेगी कांग्रेस- पंकज

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट -** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी प्राईमरी स्कूलों को मर्ज कर बंद करने की नीति के विरोध में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ने सरकारी स्कूल बचाओ चौपाल व पदयात्रा का आयोजन किया गया। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पूरे देश में प्राईमरी स्कूलों की स्थापना की। भाजपा सरकार उन स्कूलों को बंद कर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, वव आदिवासियों के शिक्षा के मूल अधिकार पर डाका डालने का काम कर रही है। जिसका कांग्रेस डटकर विरोध करेगी और भाजपा सरकार को निर्णय को वापस लेने के लिए बाध्य करेगी। कहा कि सरकार ने 27000 स्कूलों को चिंहित किया है, जिसमें से अभी तक 5000 स्कूलों को मर्ज किया जा चुका है। सरकार के इस फैसले से बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे तथा बेरोजगारी भी बढ़ेगी। कहा कि सरकार को स्कूलों को मर्ज करने की बजाय विभिन्न संसाधनों से लैस कर शिक्षा का सरलीकरण करना चाहिए, जिससे शिक्षा का स्तर सुधारेगा। कहा कि कांग्रेस सरकार के निर्णय का विरोध करते हुए सड़कों पर उतरेगी।

# अनपरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता 3 लाख का गांजा और बोलेरो के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र, 02 जुलाई 2025 सोनभद्र पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अनपरा पुलिस टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 02 जुलाई 2025 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 11 किलो 300 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 03 लाख रुपये) और एक बोलेरो वाहन (क्र64ह 4546) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। हालांकि, बोलेरो में सवार दो अन्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के नेतृत्व में अनपरा पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि कुबरी पहाड़ी की ओर से एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी (क्र64ह 4546) में तीन व्यक्ति नाजायज गांजा लेकर दुरासिनी माता मंदिर की ओर सप्लाई करने जा रहे हैं।

इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए, थाना अनपरा की पुलिस टीम बिछड़ी ग्राम औड़ी स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंची और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान, बोलेरो में तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखते ही चालक और उसके बगल वाली सीट पर बैठे दो व्यक्ति पहाड़ी व जंगली झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गए। हालांकि, पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद तीसरे व्यक्ति को घेरकर पकड़ लिया। क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार की मौजूदगी में पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम सुरेंद्र कुमार पुत्र चंडी राम गुर्जर, निवासी नदहरी, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र बताया। बोलेरो वाहन की



तलाशी लेने पर गाड़ी में एक बोरी में छिपाकर रखा गया कुल 11 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 03 लाख रुपये बताई जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त सुरेंद्र कुमार ने पूछताछ में बताया कि चालक की सीट पर बैठा व्यक्ति विजय कुमार उर्फ ललई पुत्र राम सजीवन उर्फ शंकर, निवासी ग्राम सिंधार, थाना मोरवा, जिला सोनभद्र था और चालक के बगल वाली सीट पर बैठा व्यक्ति राजकुमार जायसवाल पुत्र राम कैलाश उर्फ छोटे, निवासी कतरहिया, थाना मोरवा, जिला मध्य प्रदेश था। उसने यह भी बताया कि वे तीनों मिलकर गांजा बेचते थे और जो पैसा मिलता था उसे आपस में बांट लेते थे।इस बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में थाना अनपरा पर मु0अ0स0-115/2025 धारा 8/20, 27ए, 29, 60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार हुए दोनों वांछित अभियुक्तों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

## सोनभद्र पुलिस अधीक्षक ने किया पौधारोपण, जनता से एक पौधा एक संकल्प का आह्वान



सोनभद्र। आज सोनभद्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण संकल्प अभियान के तहत एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और जिले के सभी नागरिकों से जुलाई माह में चलाए जाने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए और उसे संरक्षित भी करना चाहिए, क्योंकि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं, बल्कि उसकी देखरेख कर उसे बड़ा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रकृति के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रकृति हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, और इसके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इनमें क्रांति सिंह, अनुपम त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, राजा राम दुबे, देवानंद पाठक, बृजेश श्रीवास्तव, वकील अहमद खान, सुनील सिंह, परमानंद और बी एन सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी ने इस पहल की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह कार्यक्रम सोनभद्र पुलिस द्वारा सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण जागरूकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्या आप सोनभद्र में अन्य सामुदायिक पहलों के बारे में जानना चाहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्बला के शहीदों के ग़म में अक़ीदतमंदो ने निकाला सातवीं मोहर्रम का जुलूस



जौनपुर शाहगंज। क्षेत्र के बड़ागांव में बृहस्पतिवार को 1400 साल पहले हुए कर्बला के जुल्मों सितम व यजीद की बर्बरियत को याद कर निकाला गया सातवीं मोहर्रम का जुलूस।जुलूस की अध्यक्षता सदरे हुसैनी मिशन सैयद जीशान हैदर ने किया। यह जुलूस अपने निर्धारित स्थान सैयद इम्तियाज हुसैन आब्दी के अज़ाखाने से बरामद होकर बाजार के रास्ते चहार रौज़े होता हुआ बड़ा गांव स्थित कर्बला पर जाकर संपन्न किया गया। जुलूस का संचालन असग़र मेहंदी गुड्डू ने किया। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए। जिसमें उप निरीक्षक मुन्ना लाल शर्मा, मुख्य आरक्षी संतोष यादव, अनंत कुमार, आरक्षी पप्पू सिंह, इस्माइल खान,समेत पुलिसकर्मी मुस्तादी से उपस्थित रहे। यह जुलूस सबील-ए अलम व दुलज़नाह के साथ स्थानीय अंजुमनों ने नौहा खानी व सीना ज़नी करते हुए जुनून को सकुशल संपन्न कराया। जुलूस के दौरान मोहम्मद अजहर, मोहम्मद वारिस हाशमी,सैयद परवेज़ मेहंदी,समीम हैदर,हसन मेहंदी, ज़फ़र, बब्लू इलेक्ट्रीशियन, रईस अहमद, ज़ाकिर हुसैन, इमरान खान वाटर सप्लायर समेत सैकड़ों लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सातवीं मोहर्रम पर निकला अलम जुलूस

यातायात की दृष्टि से खुटहन रोड को आधे घण्टे के लिए किया डाइवर्ट अकीदतमंद इमामबाड़ा पहुँचकर पढ़ा फ़ातिहा



खेतासराय(जौनपुर)। सातवीं मोहर्रम का जुलूस गुरुवार को हज़रत अब्बास अलमदार की याद में निकला। अलम का जुलूस शहीदों चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न चौक होकर ताजियेदार शाम को इमामबाड़ा पहुँचकर फ़ातिहा पढ़ा। यातायात के लिहाज़ से खुटहन रोड को आधे घंटे के लिए डाइवर्ट रहा। अलम का निकला जुलूस में ताजियेदार तबल बजाते चल रहे थे। जगह जगह लोगों ने शर्बत और तबर्रुक भी तकसीम किया गया। लगभग देढ़ दर्जन ताजियेदारो का समूह सायंकाल इमामबाड़ा पहुँचकर अकीदतमंदों ने फ़ातिहा पढ़ा। पुनः उसी मार्ग ताजियेदार अपने अपने चौक पहुँचे। जुलूस मार्ग को देखते हुए पुलिस ने 3=30 बजे से चार बजे तक खुटहन रोड को रुट डाइवर्ट कर के रखा। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष रामाश्रय राय पुलिस बल के साथ चक्रमण करते दिखे। इस मौके पर प्रमुख रूप से मोहम्मद परवेज अंसारी, मोहम्मद राजू फारुकी, जाहिद फारुकी, अकरम फारुकी, मोहम्मद असलम खान, मोहम्मद तबरेज, मोहम्मद अब्दल, मोहम्मद कलीम सलमानी, वामिक अंसारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### बाल श्रम के विरुद्ध डिटीएफ ने चलाया अभियान

5 किशोर श्रमिकों को चिन्हित कर 3 नियोजकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स टीम ने गुरुवार को बर्डपुर में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर 5 किशोर श्रमिकों को चिन्हित कर 3 नियोजकों अकबर मिस्त्री ऑटो पार्ट्स, विनायक बर्तन भण्डार, सुनील कास्मेटिक, को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर 15 जुलाई तक जनपद में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को बर्डपुर में 5 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 3 नियोजकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया बाल श्रम के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर नियोजकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ला, उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र यादव शामिल रहे।

## ओबरा महाविद्यालय में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात



ओबरा, सोनभद्र। आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा में एक प्रभावशाली पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चांदनी जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पुनीत कार्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद जी, पर्यावरण प्रभारी और प्रवक्ता उपेंद्र जी, प्रवक्ता सैनी जी, अन्य सभी प्रवक्तागण, लिपिक स्टाफ और सभासद विकास सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने स्वयं पौधे रोपित कर इस पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।कार्यक्रम का सबसे प्रेरक पहलू छात्र-छात्राओं की अभूतपूर्व भागीदारी थी। बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण में हिस्सा लिया। उनकी यह सक्रियता न केवल पर्यावरण के प्रति उनकी बढ़ती जागरूकता को दिखाती है, बल्कि भविष्य के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना को भी उजागर करती है। छात्र-छात्राओं के इस योगदान ने कार्यक्रम को वास्तव में सफल और प्रेरणादायक बना दिया। यह पौधारोपण अभियान सिर्फ कुछ पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं था, बल्कि यह सभी उपस्थित लोगों के लिए पर्यावरण संरक्षण के एक सशक्त संदेश के रूप में सामने आया। महाविद्यालय परिसर में लगाए गए ये नए पौधे न केवल हरियाली को बढ़ाएंगे, बल्कि आने वाले समय में एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस तरह की पहल निश्चित रूप से समाज के अन्य वर्गों और संस्थाओं को भी पर्यावरण-हितैषी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।यह आयोजन दर्शाता है कि कैसे शिक्षण संस्थान और स्थानीय प्रशासन मिलकर पर्यावरण की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

## अवैध पैथोलॉजी संचालक समेत दो पर केस दर्ज





शाहगंज, जौनपुर। कस्बे के घासमंडी रोड स्थित राहत डायग्नोस्टिक सेंटर और उससे जुड़ी दवा की दुकान पर बिना पंजीकरण के अवैध रुप से संचालन करने के मामले में पुलिस ने सेंटर संचालक मो.रेहान और वहां एलटी का काम करने वाले मो. साकिर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु की। स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह सेंटर बिना किसी वैध कागजात के चलता पाया गया था, जिसके चलते 13 मई को इसे सील कर दिया गया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज करते हुए पुलिस में शिकायत दी थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. रफीक फारूकी की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, आवश्यक विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

## सोनभद्र में दिव्यांगता समिति की अहम बैठक, डीएम ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र, 03 जुलाई, 2025 आज सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में डी.एम.सी.ए.ई./ए.सी.सी.ए.ई. जिला दिव्यांगता समिति/लोकल लेवल कमेटी/डी.एम.टी. की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिव्यांगजनों से जुड़ी सभी समस्याओं और आवेदन पत्रों का जल्द से जल्द निपटारा करने के सख्त निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने खास तौर पर दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के काम को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि 18 साल पूरे कर चुके सभी दिव्यांगों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज किया जाए। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने यू.डी.आई.डी. (विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र) कार्ड योजना के तहत ऑनलाइन मिले सभी आवेदनों को सौ फीसदी निपटाने पर जोर दिया। इस काम के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार सोनभद्र को यू.डी.आई.डी. कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया गया कि वे सभी



मतदान बूथों पर शौचालय, रैंप और हैंड रेलिंग का निर्माण सुनिश्चित करें, ताकि दिव्यांगजन बिना किसी परेशानी के मतदान कर सकें।

जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग की कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व शिशु कल्याण योजना और श्रम विभाग की योजनाओं का बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंच सकेगा। इसी तरह, उद्योग एवं उद्यम विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिला स्तरीय समाधान दिवस में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित पंजीकरण के लिए कैंप लगाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो सके। उन्होंने एक बार फिर साफ किया कि पेंशन योजनाओं से जुड़े सभी आवेदनों का निपटारा अधिकारीगण समय पर करें, और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी घोरावल, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। यह बैठक दिव्यांगजनों के कल्याण और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के प्रति प्रशासन की गंभीरता को दिखाती है। क्या आप सोनभद्र जिले से जुड़ी किसी और खबर के बारे में जानना चाहेंगे।

## धरती आबा बिरसा मुंडा के रास्ते पर चल कर आदिवासी, मुसहर समाज का सम्मान- राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। आज दिनांक 3 जुलाई बृहस्पतिवार को आदिवासी स्वाभिमान पार्टी (बिरसा मुंडा) के तत्वाधान में विधानसभा क्षेत्र केराकत के विकास खंड मुफ्तीगंज अंतर्गत ग्राम अमृत सरोवर स्थल परौवाँ में मुसहर सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा शंकर मुसहर तथा मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम उपस्थित मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा शंकर मुसहर एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार आदिवासी सहित आयोजक गणों ने आदिवासियों के भगवान धरती आबा बिरसा मुंडा, संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर एवं संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।तत्पश्चात समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश मौर्य ने



कहा कि वर्तमान सरकार में पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक सबके अधिकार छीने जा रहे हैं, और सबसे ज्यादा उत्पीड़न इसी समाज का किया जा रहा है ऐसे में हमें भगवान बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलकर ही आदिवासी, मुसहर समाज का मान सम्मान एवं अधिकार पाया जा सकता है।

मुझे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के प्रतिनिधि के रूप में यहां भेजा गया मैं आदिवासी अनुसार समाज को विश्वास दिलाता हूं, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए आंदोलन में आदिवासी समाज की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया है।

मुख्य अतिथि राकेश मौर्य ने कहा कि अपना हक, अधिकार और सम्मान बचाने के लिए, आदिवासी मुसहर, समाज को एकजुट और संगठित हो समाजवादी पार्टी के पीडीए आंदोलन को मजबूत करना पड़ेगा। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित आदिवासियों एवं मुसहर समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सपा नेता संजय सरोज, आदिवासी स्वाभिमान पार्टी के सलाहकार हरिकेश यादव, डॉ पू के यादव, प्रदेश प्रभारी, विजय कुमार आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष, अशोक आदिवासी, अशोक आदिवासी, राजकुमार आदिवासी, तहसीलदार आदिवासी, कौशल्या आदिवासी, मंजू आदिवासी, शांति आदिवासी, श्रीकांत निराला, रामदरश आदिवासी सुरेन्द्र आदिवासी सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे। इस आशय की जानकारी आरिफ हबीब जिला महासचिव समाजवादी पार्टी ने दी है।

## पूर्व चेयरमैन को हमलावरों ने मारी गोली,घायल



घटनास्थल पवर लगी लोगों की भीड़

अलीगढ़। थाना अकराबाद क्षेत्र में नगर पंचायत पिलखना के पूर्व चेयरमैन समाजवादी पार्टी समर्थक को हमलावरों ने गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीरावस्था में चेयरमैन को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कस्बा पिलखना चौक में नगर पंचायत चेयरमैन पति एवं पूर्व चेयरमैन मोहम्मद आरिफ को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी है। गंभीर हालत में मोहम्मद आरिफ को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि घायल पूर्व चेयरमैन समाजवादी पार्टी समर्थक हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया रंजिश के कारण हमले की बात मान रही है।

## रोजगार मेले का आयोजन, 150 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से हुआ चयन



स्वतंत्र प्रभात

शाहगंज, जौनपुर। नगर स्थित बसंती देवी आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी ने रोजगार मेले की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मेले में जौनपुर समेत बिहार, झारखंड, राजस्थान, मेरठ, बलिया, संत रविदास नगर, गाजीपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, चंदौली, अयोध्या, आजमगढ़ आदि जगहों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेले में लगभग 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 125 छात्रों का लिखित और इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया गया। गुजरात स्थित सुजुकी मोटर कंपनी के एचआर प्रतिनिधि प्रशांत गोस्वामी, प्रियंक चौहान एवं मोनांक मालवीय ने कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 18 से 26 वर्ष के प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिन्हें कंपनी 24,550 रुपए महीने का वेतन देगी। संस्थान के निदेशक दिवाकर मिश्र ने दूरदराज से आए छात्रों की हौसला आफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। स्वागत जेसीआई शाहगंज सिटी की अध्यक्ष दीपा सेठ ने किया। सचिव आदित्य अग्रहरि ने आभार ज्ञापित किया। संचालक की भूमिका विकास जायसवाल ने निभाई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दीपक जायसवाल, सौरभ सेठ, आयुष अग्रहरि, दीपक सिंह, ईश नारायण मिश्र, राजेश यादव, सुरेंद्र प्रजापति, अजय, रतन भंडारी आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुराली जनों पर हत्या का आरोप

● लंभुआ के सखौली कला गांव का मामला

दस वर्ष पहले हुई थी शादी

स्वतंत्र प्रभात

लंभुआ (सुलतानपुर)। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सखौली खुर्द गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। भाई ने ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लंभुआ के वैनी अथलवा निवासी रोहित कुमार के मुताबिक उसकी बहन अंकिता की शादी दस वर्ष पहले सखौली खुर्द गांव निवासी राम उजागिर के बेटे अजीत कुमार के साथ हुई थी। रोहित ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग अक्सर उसकी बहन को प्रताड़ित करते रहते थे। बुधवार की रात में अंकिता के देवर संदीप कुमार ने उनके घर पहुँच कर उनकी हालत खराब बताकर लौट आया।



ज्यादा रात होने की वजह से वे लोग नहीं आये। बृहस्पतिवार की भोर में करीब चार बजे रोहित ने बहन के घर फोन किया तो उसे बताया गया कि उसने फांसी लगा ली है। रोहित ने अपने रिश्तेदारों व परिजनों के साथ लंभुआ थाने पर पहुंचकर इसकी सूचना दी। रोहित के मुताबिक जब वे लोग बहन के घर पहुंचे तो देखा कि अंकिता का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ है। अंकिता के गले व शरीर पर कई जगह चोट के निशान मौजूद थे। ऐसा प्रतीत होता है कि अंकिता के साथ मारपीट की गई। रोहित ने बताया कि उसकी बहन गर्भवती थी। जिससे बहन व गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रोहित की तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## ग्राम पंचायत पहाड़ापुर प्रकरण में जिलाधिकारी ने लिया सख्त संज्ञान- ग्राम विकास अधिकारी निलंबित, शिकायतकर्ता को झूठे मुकदमे से राहत

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में खड़ंजा विवाद को लेकर उत्पन्न स्थिति में त्वरित एवं कठोर प्रशासनिक निर्णय लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी श्री विवेकानंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई ग्रामवासी शारदा प्रसाद शुक्ल द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्र की जांचोपरांत की गई, जिसमें ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव पर मिलीभगत कर शिकायतकर्ता को झूठे आरोपों में फंसाने का आरोप लगाया गया था।

### चौपाल में हुई शिकायत पर मिला त्वरित न्याय

दिनांक 14 जून 2025 को ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के दौरान शिकायत प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक खड़ंजा उखाड़ा गया है। जिलाधिकारी द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच एवं विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। प्राथमिक जांच के आधार पर थाना कटरा बाजार में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। किंतु तत्पश्चात, शिकायतकर्ता श्री शारदा प्रसाद शुक्ल को ही झूठे आरोपों में फंसाने का षड्यंत्र रचा गया, जिसकी पुष्टि प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत आख्या में की गई।

### भ्रामक जानकारी देने पर भी कार्रवाई

जिला विकास अधिकारी सुशील श्रीवास्तव द्वारा की गई विभागीय जांच में यह तथ्य भी उजागर हुआ कि ग्राम विकास अधिकारी ने उच्चाधिकारियों को भ्रामक और असत्य जानकारी देकर प्रकरण को भ्रमित करने का प्रयास किया।उपरोक्त कृत्य को "गंभीर प्रशासनिक लापरवाही एवं अनुशासनहीनता" मानते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इसे "सर्वथा खेदजनक एवं अस्वीकार्य" बताते हुए दोषी अधिकारी के



विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। नतीजतन, ग्राम विकास अधिकारी विवेकानंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उन्हें निलंबन अवधि में विकासखंड झंझरी से संबद्ध किया गया है।

### प्रशासन की प्राथमिकता- पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जनहित में निष्पक्ष कार्रवाई

इस प्रकरण में त्वरित हस्तक्षेप कर जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जन शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा, और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराना अनिवार्य

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने समस्त किसानों को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा कृषकों के दस्तावेजों को डिजिटल बनाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत कृषक गोल्डन कार्ड तैयार कराया जा रहा है। जिसमें आपके स्वामित्व वाले समस्त गाटा संख्या, प्रत्येक गाटे पर बोई गई फसल, उस गाटा संख्या मेंअपना हिस्सा, स्वयं द्वारा लाभ लिए जा रहे योजनाओं का विवरण एवं बोई जा रही फसलों के संबंध में डिजिटल परामर्श का विवरण अंकित होगा। अभी तक जनपद प्रतापगढ़ के 258000 कृषकों ने फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत अपना पंजीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अग्रेत्तर मिलने वाली किस्त हेतु फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त कृषकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, कृषि उत्पादों के विपणन, अनुदान पर मिलने वाला कृषि निवेश जैसे-बीज, उर्वरक, रसायन इत्यादि भी प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अब फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल को सीधे ऑनलाइन खतौनी से जोड़ दिया गया है।सभी कृषक जिन्होंने अभी तक फॉर्मर रजिस्ट्री में अपना पंजीकरण नहीं कराया है अविलंब अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र, विकास खंड के कृषि विभाग कर्मचारी/अपने ग्राम के पंचायत सहायक या लेखपाल से संपर्क करते हुए या स्वयं upfr.agristack.gov.in पर जाकर स्वयं से पंजीकरण पूर्ण करें और अपने कृषि एवं राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कराते हुए समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

### "नशा मुक्त अमेठी अभियान "के अन्तर्गत थाना कमरौली पुलिस द्वारा 50 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**कमरौली अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान"के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मुस्तकीम पुत्र रफीक निवासी गुमानीगंज मजरे रसूलपुर थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई । अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी में गुण्डा अधिनियम, गोवध निवारण अधिनियम व आदि गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

### चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बच्चों को 1098 टोल फ्री नंबर एवं साइबर अटैक बचाव की दी गई जानकारी



**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव द्वारा एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइबर अटैक या मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए 1098, 24 * 7 सेवा के बारे में एवं साइबर अटैक से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी पासवर्ड व ईमेल संबंधित जानकारी साझा ना करें ना ही ऑनलाइन बात करें, विद्यार्थी सोशल साइट पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचें, बदले की भावना के प्रति खतरे में पड़ सकते हैं इससे बचना चाहिए रोशन लाल ने 1098 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया कि यह साल के 365 दिन 24 घंटे रात दिन की सेवा है जिस पर आप निःशुल्क फोन कर सकते हैं रुचि सिंह ने 112, 1076, 1090, 181, 108 की जानकारी दी गई एवं कन्या सुमंगला व स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार मौर्य एवं कमला कांत तिवारी व साक्षी सिंह ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अवनीश दीक्षित की रिहाई के बाद शहर में बनी नई चर्चा

● अवनीश की रिहाई के समय पुलिस क्यों पहुंची जेल व अवनीश के घर

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित कल जेल से रिहा हो गए। अवनीश लगभग 11 माह से जेल में थे। सिविल लाइंस की एक हजार करोड़ कीमत की नजूल की जमीन को कब्जाने के आरोप में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित लगभग 11 माह से जेल में थे जिन्हें कल रिहाई मिल गई और उसी के साथ एक नई चर्चा शहर को मिल गई। अवनीश दीक्षित को जेल से लाने के लिए कई गाड़ियों का काफिला जेल पहुंचा था और अवनीश को लेकर निकल गया। कोतवाली पुलिस भी वहां पहुंची थी लेकिन तब तक काफिला वहां से निकल चुका था। इसके बाद पुलिस किदवई नगर स्थित अवनीश के घर पहुंची। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि अवनीश के काफिले में कई शातिर शामिल थें जिनकी पुलिस को तलाश थी, उसी की जांच पड़ताल करने पुलिस पहुंची थी।अवनीश दीक्षित पर 21 मुकदमे दर्ज हैं जिनमें ज्यादातर में पहले ही अवनीश दीक्षित को जमानत मिल चुकी थी लेकिन केस्को संविदा कर्मी अजय सिंह द्वारा आरएमएस कंपनी के कर्मचारी मुकुल चौबे पर पीएफ का पैसा निकालने का आरोप लगाया गया था इस मामले में जब विवेचना आगे बढ़ी तो पुलिस को उसमें अवनीश दीक्षित व उनकी पत्नी प्रतिमा के खिलाफ साक्ष्य मिले थे। इस मामले में कल हाईकोर्ट से अवनीश को जमानत मिली और रात्रि में जेल से उनकी रिहाई हुई। अवनीश दीक्षित की रिहाई के बाद शहर में चर्चा का एक नया विषय जुड़ गया है।

### बीडीओ मंगरौरा ने गौशाला चन्द्रभानपुर एवं पूरबपट्टी का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत मलाक में स्थित अस्थायी गौशाला चन्द्रभानपुर एवं ग्राम पंचायत पूरबपट्टी में अस्थायी गौशाला पूरबपट्टी का निरीक्षण किया गया। अस्थायी गौशाला चन्द्रभानपुर एवं पूरबपट्टी में गोवंश स्वस्थ्य पाये गये, गौशाला पर भूसा पर्याप्त मात्रा एवं चूनी चोकर व साइलेज आदि उपलब्ध पाये गये। गौशाला सचिव को गौशाला बरसात को देखते हुए सुरक्षा जाल के पास मिट्टी भरवाने हेतु निर्देश दिया गया जिससे किचड़ न जमा हो एवं साफ-सफाई एवं पानी आदि की सुविधा को बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### द लॉयर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की पुलिस आयुक्त से भेंट, चुनाव सहयोग व समन्वय पर हुई चर्चा

● "हमारे वकील हमारे मित्र" अभियान जारी रहेगा - पुलिस आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** आज 03 जुलाई 2025 को द लॉयर्स एसोसिएशन कानपुर नगर की एल्डर कमेटी के चेयरमैन रवि मोहन कटियार के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पुलिस आयुक्त कानपुर नगर अखिल कुमार से शिष्टाचार भेंट की । इस भेंट-वार्ता के दौरान निकट भविष्य में आयोजित होने वाले लॉयर्स एसोसिएशन के चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव प्रक्रिया में पुलिस के सहयोग, मतदान के लिए उपयुक्त दिनांक चयन एवं अन्य लॉजिस्टिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि चुनाव प्रक्रिया के शांतिपूर्ण एवं सुचारु संचालन के लिए कानपुर पुलिस द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि "हमारे वकील, हमारे दोस्त" अभियान निरंतर जारी रहेगा, जिससे पुलिस और अधिवक्ता समुदाय के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग और अधिक सुदृढ़ हो। बैठक के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) आशुतोष कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त महेश कुमार एवं स्टाफ ऑफिसर राजेश कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

### पराविधिक स्वयंसेवकों के चयन हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 09, 10 व 11 जुलाई को

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने बताया है कि जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पराविधिक स्वयंसेवक के तौर पर कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसमें अभ्यर्थियों के कुल 129 आवेदन प्राप्त हुये है। प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यर्थियों का गठित चयन समिति के द्वारा 09 जुलाई, 10 जुलाई एवं 11 जुलाई साक्षात्कार को अपरान्ह 4.30 बजे जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के सभागार में किया जायेगा। उन्होने पराविधिक स्वयंसेवक के तौर पर कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता व अन्य समस्त प्रपत्रों के मूल प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि 09 जुलाई, 10 जुलाई एवं 11 जुलाई को ससमय कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ में सम्पर्क करें।

## पार्षद से रंगदारी वसूलने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● 25 हजार वसूलने के बाद अभियुक्त और कर रहे थे डिमांड

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कर्नलगंज पुलिस ने एक वर्तमान पार्षद से रंगदारी वसूलने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। एक बार रंगदारी वसूलने के बाद अभियुक्तों द्वारा दुबारा डिमांड की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि पार्षद की शिकायत पर धारा 308 (5) / 351 (3)/191 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने अभियुक्त अकील खान उर्फ अकील खिचड़ी को गिरफ्तार करके एक नाजायज तमंचा 315 बोर व 2 कारतूस 315 बोर एक अदद 32 बोर व एक अदद 12 बोर बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि वर्तमान पार्षद नौशाद खाँ से अभियुक्त अकील खान उर्फ अकील खिचड़ी उपरोक्त द्वारा अपने साथियों संग 10 लाख की फिरौती मांगी गयी थी तथा कुछ दिनों से रैकी की जा रही थी दिनांक 30/06/2025 को जीआईसी ग्राउंड से ही धमकाकर 25 हजार की रंगदारी वसूल किया गया दिनांक 2.07.2025 को 9 लाख 75 हजार रू0 की और मांग की गयी जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कर्नलगंज पुलिस द्वारा अकील खान उर्फ अकील खिचड़ी को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशान देही पर एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर व एक अदद कारतूस .32 बोर व एक अदद कारतूस 12 बोर का बरामद किया गया। शेष साथियों की तलाश की जा रही है।

## स्वरुप नगर गोली कांड के दो आरोपी शाहिद पिच्चा गैंग के सदस्य पुलिस मुठभेड़ में हुए गिरफ्तार

● शाहिद पिच्चा व यूसुफ चटनी को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** दिनांक 30/06/2025 को रात्रि 10 बजे के लगभग शाहिद पिच्चा गैंग द्वारा थाना स्वरूप नगर क्षेत्र में रीजेंटा होटल के पास एजाजुद्दीन उर्फ शबलू जो कि हिस्ट्रीशीटर है की गोली मार कर हत्या का प्रयास किया गया था। इस संबंध में स्वरुप नगर पुलिस ने दो अन्य अभियुक्तों जीशान कुरैशी और फैजल कुरैशी को एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। दोनों सगे भाई हैं, दौनो अपराधियों के पैर में गोली लगी है। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इसके संबंध में थाना स्वरूप नगर पर मुकदमा पंजीकृत कर नेतृत्व में टीम बनाकर अपराधियों की तलाश शुरू की गई थी। दिनांक 2/07/2025 को उक्त गोली प्रकरण से संबंधित अपराधियों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर थाना स्वरूप नगर प्रभारी सूर्यबली पाण्डेय मय टीम व थाना फजलगंज प्रभारी सुनील कुमार सिंह मय टीम और सर्विलांस प्रभारी पवन प्रताप टीम के संयुक्त ऑपरेशन में रेलवे यार्ड गोविंद नगर पुल के पास थाना क्षेत्र फजलगंज पहुंचकर घेराबंदी की गई पुलिस को देखकर जीशान कुरैशी व फैसल कुरैशी पुत्र इदरीस द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई जिसमें पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि इनके बीच प्रोपर्टी की रकम को लेकर विवाद था। फैशल ने सबलू को 25 से तीस लाख रुपए दिया था जो कि वह वापस नहीं कर रहा था इसलिए इन्होंने



जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। एक और अभियुक्त यूसुफ चटनी जिसने गोली चलाई थी वह जेल में है। इस तरह शाहिद पिच्चा गैंग के चार अपराधी अब जेल में हैं। इन दोनों अपराधियों पर पूर्व में कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

## परिवहन विभाग की निरीक्षण एवं प्रमाणन परियोजना के पूरी न होने पर डीएम ने मांगी जवाबदेही

● 8.39 करोड़ की परियोजना में 6 करोड़ खर्च होने के बाद भी अधर में

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** कानपुर महानगर में वर्षों से लंबित परिवहन विभाग की निरीक्षण एवं प्रमाणन केन्द्र परियोजना का आज जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायज़ा लिया। यह परियोजना वर्ष 2018 में स्वीकृत हुई थी। 8.39 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना में 6 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय होने के बावजूद अब तक यह परियोजना पूर्ण नहीं हो सकी है। यह जनपद की पुरानी लंबित परियोजनाओं में शामिल इस कार्य की समीक्षा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर भी होती रही है।

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि परियोजना के बीच में एक अनावश्यक ट्रेनिंग सेंटर जोड़ने का प्रस्ताव लाया गया, जिसे बाद में हटाना पड़ा। प्रारंभिक डीपीआर उत्तर प्रदेश एनएसएस (अब यूपीएआरएनएसएस) द्वारा तैयार की गई थी, किंतु विभागीय समन्वय की कमी के चलते इसमें कई तकनीकी खामियाँ रह गईं। स्थिति यह है कि डीपीआर बनाने वाली संस्था ही अब अन्य विभागों से तकनीकी जानकारी मांग रही है, जबकि यह कार्य स्वयं उसकी ज़िम्मेदारी में आता है।

जिलाधिकारी ने परियोजना में हुई अनावश्यक देरी व कार्यदायी संस्था की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनकी जवाबदेही तय की जाए और उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु शासन को रिपोर्ट भेजी जाए। साथ ही उन्होंने कार्यदाई संस्था को कड़े निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्य की स्पष्ट समयसीमा तय कर उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। वर्तमान समय में परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के निरीक्षण एवं प्रमाणन का कार्य अस्थायी व्यवस्था के तौर पर पनकी में किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमुख सचिव परिवहन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर प्रशासनिक एवं तकनीकी अड़चनों का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए जिससे परियोजना को शीघ्र चालू किया जा सके। यह परियोजना महानगर में वाहनों के निरीक्षण और प्रमाणन की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

## पब्लिक स्कूलों की फीस व किताबों की कीमत बढ़ने पर सपा ने जताई चिंता

●बूथ भ्रमण में पीडीए मिशन पब्लिक स्कूलों की फीस बढ़ोत्तरी तथा किताबों की कीमतों के बढ़ते बोझ से अभिभावकों पर भार बढ़ने से बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो रहे हैं- हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** गुरुवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर बूथ भ्रमण में पीडीए मिशन की मलिन बस्ती क्षेत्रो के पीडीए की बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय परि आरंभ हुई। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बजट में शिक्षा में कटौती करके शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय अनदेखी करने से मध्यम तथा पीडीए मिशन की 470 मलिन बस्तियों के सर्वेक्षण में भावी युवा पीढ़ी पब्लिक स्कूलों की शिक्षा से वंचित हो रही है लेकिन भाजपा शिक्षा पर ध्यान नहीं दे रही है। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि पब्लिक स्कूलों में बढ़ती हुई फीस तथा किताबों के मूल्यों में वृद्धि के कारण अभिभावकों का पारिवारिक बजट साथ नहीं दे रहा है जिसके कारण एक अभिभावक कर्ज लेकर शिक्षा अपने बच्चों को दिला रहा हैं और दूसरी ओर काफी संख्या में बच्चे शिक्षा से वंचित होने की लाइन में खड़े हैं।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधन में आगे कहा कि प्रति व्यक्ति के ऊपर औसत 90000 रुपए कर्ज की.इस वर्ष बढ़ोतरी हुई है इससे कर्ज की सीमा जनमानस पर प्रति व्यक्ति चार लाख से ऊपर पार कर चुकी है। बैठक को संबोधन में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि अगर सरकार ने शिक्षा पर ध्यान ना दिया और पीडीए की उपेक्षा जारी रही तो पीडीए सबिनय अवज्ञा आंदोलन की तैयारी करेगा। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, परमवीर गंभीर, महेन्द्र सिह, रजत मिश्रा, विनय गुप्ता, ज्ञानेन्द्र यादव,चरन सिंह, रोहित निषाद, निर्मल यादव, मुमताज मंसूरी, अंशु बक्सरिया, चंदन बादशाह, साहेबे आलम आदि लोग मौजूद रहे।

## नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का पदग्रहण व संकल्प समारोह आज

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष सांसद प्रमोद तिवारी शुक्रवार को लीला पैलेस,मीरभवन प्रतापगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के पदग्रहण एवं संकल्प समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, जिला कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्र व निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी सम्मलित होंगे।उक्त बातें गुरूवार को कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। जिला कार्यकारिणी के गठित होते ही संगठन सृजन अभियान का पहला चरण पूर्ण हो चुका है।मासिक बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा, फतेह बहादुर सिंह, हरिप्रसाद उपाध्याय,सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मोनू मिश्रा, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, रवि यादव, राम सुंदर यादव, कामेश मिश्रा, रामधन यादव आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान लौट रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, डीएम ने कराई वैकल्पिक बस की व्यवस्था, यात्री हुए सकुशल रवाना

●डीएम बूंदी ने त्वरित सहयोग के लिए जिला प्रशासन कानपुर का जताया आभार

यात्रियों ने भी त्वरित सहायता के लिए डीएम कानपुर का जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** गुरुवार सुबह कानपुर नगर में उस समय हलचल मच गई जब एक यात्री बस अचानक हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। राजस्थान के बूंदी से चली यह बस नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर और प्रयागराज होकर वापस लौट रही थी। हादसे के वक्त बस में 42 यात्री सवार थे। जैसे ही घटना की जानकारी जिलाधिकारी कानपुर जितेन्द्र प्रताप सिंह को मिली, उन्होंने बिना समय गंवाए पूरी प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय कर दिया। न केवल घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, बल्कि सभी यात्रियों को हर संभव सहायता पहुंचाकर सुरक्षित गंतव्य की ओर रवाना भी किया गया। प्रशासन की इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही की हर ओर सराहना हो रही है। एआरटीओ प्रवर्तन कहकशां ने बताया कि बस संख्या M P70 ZB9876 के ड्राइवर को अचानक नींद आ जाने के कारण बस हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसका टायर फट गया। सौभाग्यवश किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन चालक और परिचालक को हल्की चोटें आई जिन्हें पीआरवी 4707 द्वारा तत्काल एंबुलेंस से काशीराम अस्पताल रामादेवी भिजवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बूंदी ज़िले के जिलाधिकारी अक्षय गोदारा ने कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से संपर्क किया। डीएम कानपुर ने तत्काल स्थिति को गंभीरता से लिया और एडीएम सिटी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को मौके पर भेजा। घटनास्थल पर जिला प्रशासन ने न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि मानवीय आधार पर हर आवश्यक सुविधा भी उपलब्ध कराई। यात्रियों को नाश्ता-पानी उपलब्ध कराया गया और वैकल्पिक बस की व्यवस्था कर उन्हें गंतव्य की ओर रवाना किया गया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह स्वयं पूरे घटनाक्रम पर निगरानी बनाए रहे और पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे। प्रभावित यात्रियों ने प्रशासन की तत्परता और सहृदयता के लिए जिलाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि अनजाने शहर में ऐसी मदद मिलना बेहद सुखद और आश्वस्त करने वाला अनुभव रहा। बूंदी के जिलाधिकारी ने भी फोन कर कानपुर प्रशासन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। प्रकरण के संबन्ध में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों जनपदों के जिला प्रशासन ने आपसी समन्वय स्थापित कर यात्रियों की मदद की। यात्रियों के लिए वैकल्पिक बस की व्यवस्था कर उन्हें सकुशल गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। यात्रियों की मदद करना केवल प्रशासनिक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी भी है।

## उत्कर्ष पाल के शानदार खेल स्टेडियम ट्रेनीज ने स्टेडियम ग्रीन को दी शिकस्त

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** खेल स्टेडियम में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन का पहला मुकाबला स्टेडियम ट्रेनीज और स्टेडियम ग्रीन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर स्टेडियम ग्रीन के कप्तान विनीत पटेल ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टेडियम ट्रेनीज ने निर्धारित 20 ओवरों में उत्कर्ष पाल के 45 और दीप के 13 रनों की बदौलत 9 विकेट खोकर 131 रन ही बना सकी।स्टेडियम ग्रीन के लिए अशफाक ने 3 विकेट और विनीत ने 2 विकेट झटके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम ग्रीन के लिए आवान ने 40 और विनीत ने 21 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 124 रनों पर ही ढेर हो गई। स्टेडियम ट्रेनीज के लिए कान्हा ने 2 और उत्कर्ष ने 1 विकेट लिए।उत्कर्ष पाल को उनके शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच में मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण से सेवानिवृत्त हॉकी के मशहूर प्रशिक्षक

शंकर बी तोलमती रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने आशीर्वचन में बताया कि खेल एक साधना है जिसमें एक अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए बहुत त्याग और मेहनत की जरूरत है।इस मौके पर उप जिला खेल अधिकारी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला ,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश , खुर्शीद अली उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया ,अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर शाखा IIFL फाइनेंस गोल्ड लोन लिमिटेड के प्रयासों से श्री श्री जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव में हजारों भक्तों के बीच जल वितरण



**श्रीभूमि-** भारत में लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए तेजी से लोन स्वीकृति, लचीले भुगतान के विकल्प और सबसे बड़ी बात सोने की उच्च सुरक्षा 500 शहरों के साथ 24 राज्यों में 2,700 से अधिक और



40 लाख से अधिक ग्राहकों की संख्या। इस IIFL FINANCE LTD, GOLD LOAN की व्यवस्था के चलते लोगों तक यह सुविधा पहुँचाने के लिए गत 2 जुलाई (गुरुवार) को श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर शाखा के IIFL फाइनेंस गोल्ड लोन लिमिटेड के द्वारा अधिकारी अमित दास और संदीप नाथ ने पूर्व हरिनगर में श्री श्री भुवनेश्वर साधू ठाकुर कलाक्षेत्र में हजारों भक्तों के बीच रथयात्रा महोत्सव में पेय जल का वितरण किया। इस प्रकार पेयजल वितरण में एक कल्याणकारी कदम लोगों के दिलों में बहुत जल्दी जगह बना लेगा, ऐसा जागरूक समुदाय का कहना है।

### महाभारत प्रसंग के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के शांतीनगर मोहल्ला में सात दिनों से चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का बृहस्पतिवार को महाभारत के प्रसंग के साथ भावपूर्ण समापन हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास पंडित अनिल कुमार पांडेय ने महाभारत काल में कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि का उल्लेख करते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेशों का मार्मिक वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि जब अर्जुन रणभूमि में अपने सगे संबंधियों को देखकर मोहग्रस्त हो गए। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें गीता का उपदेश दिया। श्रीकृष्ण ने समझाया कि आत्मा न तो जन्म लेती है, न मरती है। जो हुआ है वह धर्म की रक्षा के लिए हुआ है और युद्ध भी धर्म की स्थापना के लिए आवश्यक है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म का महत्व समझाया और कहा कि कर्म करते रहना चाहिए फल की चिंता नहीं करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि यह उपदेश वर्तमान में भी मानव जीवन की दिशा तय करने वाला है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को सर्वाधार और सच्चिदानंद स्वरूप बताया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार अवस्थी, मनोज अवस्थी, राजेश निर्मल,चंद्रप्रकाश पांडे, सचिन रस्तोगी, कैलाश बाजपेई, संजय तिवारी, भास्कर, इन्द्रेश सिंह, रवींद्र, संतोष तिवारी, सुखेंद्र बहादुर सिंह, रवि बाजपेई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### यूपी में स्कूल बंद करने का विरोध सीतापुर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, सड़कों पर आंदोलन की चेतावनी



**सीतापुर** उत्तर प्रदेश में 5000 जूनियर और प्राथमिक विद्यालयों को बंद या मर्जर किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने सीतापुर में विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय में अपर जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार बच्चों की शिक्षा के अधिकार से खिलवाड़ कर रही है उन्होंने कहा कि निजीकरण की आड़ में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है इससे गरीब बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने चेतावनी दी कि अगर बंद पड़े विद्यालयों को जल्द नहीं खोला गया तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी प्रदर्शन में अनुपम राठौर, अजीत बाजपेई, शिवाजी वर्मा, फारूक आलम, अनुपम द्विवेदी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि शिक्षा के क्षेत्र में जनहित को प्राथमिकता दी जाए और बच्चों के भविष्य से कोई समझौता न किया जाए!!

# अठारह बांग्लादेशी नागरिकों को दक्षिण जिला एएटीएस ने पकड़कर बांग्लादेश वापस भेजा

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली:** अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए, बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध प्रवासियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। एएटीएस, दक्षिण जिले की टीम ने जानकारी हासिल की। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर एएटीएस दक्षिण जिले की टीम ने 18 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ने में सफलता हासिल की, जिनमें 05 पुरुष, 07 महिलाएं और 06 बच्चे शामिल हैं। उन्हें पंचशील फ्लाईओवर, हौज खास के पास से उस समय पकड़ा गया, जब वे दिल्ली से दूसरे राज्य भागने की कोशिश कर रहे थे। लगातार पूछताछ और उनके मोबाइल फोन और मोबाइल फोन में मौजूद ऐप्स की जांच के बाद उनकी बांग्लादेशी आईडी भी बरामद



कर ली गई।

इसके अलावा उचित सत्यापन के बाद सभी 18 बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों को एफआरआरओ के जरिए वापस बांग्लादेश भेज दिया गया है। एएटीएस दक्षिण जिले की एक टीम जिसमें एसआई नवदीप नंबर डी-6139, एएसआई देशराज नंबर 2700/एसडी, एएसआई मकसूद नंबर 2276/एसडी, एचसी जोगिंदर नंबर 1272/एसडी, एचसी नरेंद्र नंबर ईश्वर नं. 2893/एसडी और कांस्टेबल कनाराम नं. 2893/एसडी को एएटीएस/एसडी से इंस्पेक्टर उमेश यादव आईसी/एएटीएस दक्षिण जिला के नेतृत्व में और श्री अरविंद कुमार एसीपी/ओपीएस की देखरेख में और श्री सुमित झा, एडिशनल डीसीपी-1/दक्षिण जिला के करीबी मार्गदर्शन में गठित किया गया।

## श्रीभूमि जिले के हरिनगर में श्री श्री भुवनेश्वर साधुठाकुर कलाक्षेत्र में श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु के भक्तों के बीच विभिन्न गांवों के 11 रथों के आगमन से आनंदित उत्सवमय वातावरण

● रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार ने स्वयं भगवान श्री श्री जगन्नाथ के चरणों में शीश नवाया और मंदिर समिति को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

शांति व्यवस्था बनाए रखने में राताबाड़ी और रामकृष्णनगर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ सीआरपीएफ बल की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही।

रथों के संग भक्ति की सागर- श्रीभूमि जिले के हरिनगर में श्री श्री जगन्नाथ महोत्सव का भव्य आयोजन।









स्वतंत्र प्रभात

**श्रीभूमि** जिले के हरिनगर में श्री श्री भुवनेश्वर साधुठाकुर कलाक्षेत्र, हरिनगर में इस वर्ष भी भगवान श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा में श्रद्धा, भक्ति और आनंद का सागर उमड़ पड़ा। रामकृष्णनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 11 गांवों से भक्तगण अपने-अपने सजावटी रथों के साथ उत्सव में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सवमय वातावरण छा गया। रथों के स्वागत में फूलों की वर्षा और भगवान के जयकारों से गूंजते हरिनगर में श्रद्धालु प्रभु के दर्शन मात्र से अपने जीवन को धन्य मानते दिखे। श्री श्री जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान भक्तों में रथ की रस्सी खींचने को लेकर भारी उत्साह देखा गया। रथों से फेंके गए केले, आम, अनानास जैसे फलों को पाने की होड़ भक्तों की आस्था को और भी रंगीन बना गई। इस पवित्र अवसर पर रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार ने स्वयं भगवान श्री श्री जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाया और मंदिर समिति को इस धार्मिक आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने मंदिर में पहुँचने के रास्ते की मरम्मत का भी आश्वासन दिया और समिति द्वारा गमछा से स्वागत सम्मानित किया गया। विधायक के साथ ही दुल्लभछड़ा जिला परिषद के प्रणव मुर्खाजी और भैरव नगर जिला परिषद के राजेश दास और बीजेपी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। विष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने उत्सव को भव्यता प्रदान की। गांव-गांव से रथ लाने वाले भक्तों ने इन्हें दीपों, फूलों और रोशनी से सजाया। पूर्व हरिनगर, पश्चिम हरिनगर, रामकृष्णनगर, आउलआला, विद्यानगर, उत्तर नयाग्राम, दक्षिण नयाग्राम, आम्रखाल, मदनपुर, तीनगड़ी, पांचडाली जैसे गांवों के रथ एकत्र होकर भुवनेश्वर साधुठाकुर कलाक्षेत्र पहुंचे, जहां आरती, संकीर्तन और महाप्रसाद वितरण के साथ समारोह की गरिमा और बढ़ी।

इस आयोजन की व्यवस्था चौबीस सदस्यीय कार्यकारी समिति द्वारा की गई, जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव नीतु सिंह और आउलआला रथयात्रा समिति की अध्यक्ष रुनु सिन्हा सहित आउलआला मन्दिर के पूजा अर्चना पुरोहित बासदन शर्मा के सहयोग से रिषिता शर्मा, सुरक्षा सिन्हा, रिया सिन्हा, हेना सिन्हा, जीनू सिन्हा, काबू सिन्हा द्वारा की गई। आरती की गई सेना से सेवानिवृत्त जनार्दन सिन्हा ने, समिति के संयुक्त रूप से अध्यक्ष सेना से सेवानिवृत्त रुनु सिन्हा, सचिव रंजू सिन्हा और एडॉप्ट कमिटी के अध्यक्ष अनुप सिन्हा और सचिव सुबरत सिन्हा, सह बिजन सिन्हा, दीपु सिन्हा, विजय राजकुमार, शिवू सिन्हा, और लड़कियों की रथ यात्रा समिति की अध्यक्ष अनामिका सिन्हा और सचिव रिमी सिन्हा, सदस्य और सदस्याएं रामकृष्णनगर विभिन्न क्षेत्र के गांववासी सहित कई विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित रहे। सचिव नीतु सिंह ने बताया कि यह आयोजन लगातार 15 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, शांति और प्रभु प्रेम को बढ़ावा देना है।इस शुभ रथयात्रा में श्रीभूमि के सांसद कृपनाथ माला के प्रयास से पूर्व हरिनगर में श्री श्री भुवनेश्वर साधु ठाकुर कला क्षेत्र में हजारों आने वाले भक्तों के बीच महान प्रसाद वितरित किया गया। वह प्रसाद भक्तों ने भक्तिभाव से ग्रहण किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने में राताबाड़ी और रामकृष्णनगर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ सीआरपीएफ बल की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। यह रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि विभिन्न गांवों और समुदायों के बीच भाईचारे और सहयोग की मिसाल भी प्रस्तुत करती है।

## मथुरा में फैक्ट्री के अंदर घातक रसायनों से तैयार किया जा रहा था पनीर

● फैक्ट्री में सोयाबीन पाउडर, चूने का घोल, एसिटिक एसिड और हाइड्रोजन पेराक्साइड जैसे रसायन का भंडार मिला

1100 किलो तैयार पनीर के अलावा दूसरी खाद्य वस्तु भी मौके से की बरामद



पनीर बनाने की फैक्ट्री पर कार्यवाही करते हुए टीम के अधिकारी।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मथुरा में बेहद खतरनाक तरीके से स्वास्थ्य के लिए घातक रसायनों से हजारों किलो पनीर प्रतिदिन फैक्ट्री में तैयार किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इनपुट मिलने के बाद जाल बिछाया और फैक्ट्री पर पुलिस की मौजूदगी में दलबल के साथ छापामार। छापामार कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री के अंदर का नजारा देख कर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में शामिल मिल अधिकारी भी अचंभित रह गये। संचालक के पास इस तरह का कारोबार करने के लिए किसी तरह का कोई लाइसेंस नहीं था। बरसाना में संचालित इस अवैध फैक्ट्री से 1100 किलो पनीर जब्त किया गया जबकि खाद्य सुरक्षा टीम ने कारखाने में की छापेमारी के दौरान 6 सैंपल लिए जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जनपद के अलग अलग स्थान पर छापामार कार्रवाई की है।

बरसाना स्थित एक पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान टीम को परिसर में पनीर का निर्माण होते हुए मिला। फैक्ट्री में खाद्य व्यवसाय के लिए आवश्यक लाइसेंस नहीं था। टीम ने मौके से 3800 लीटर रिकॉम्बाइंड मिल्क, 60 किलो मिश्रित दूध और लगभग 1100 किलो तैयार पनीर जब्त किया। इसके अलावा फैक्ट्री से रिफाइंड के 13 टिन सोयाबीन पाउडर, 13 टीन प्रत्येक टीन में 15 लीटर रिफाइन पामोलीन था। प्लास्टिक के डिब्बे में सात किलो चूने का घोल, पनीर बनाने के लिए एक ड्रम में 40 किलो मिश्रति घोल, एक कैन में 30 लीटर एसिडिक ऐसिड, 25 लीटार हाइड्रोजन पर आक्साइड आदि सामान बरामद किया। कार्यवाही करने वाली टीम में सहायक आयुक्त खाद्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार आदि थे। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने कुल 6 नमूने लिए। इनमें पनीर के 2 नमूने, रिफाइंड तेल का 1 नमूना, चूने के घोल के 2 नमूने और पनीर बनाने में प्रयुक्त घोल का 1 नमूना शामिल है। सभी नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

## दबंगों ने युवक को कुल्हाड़ी मारकर किया गम्भीर घायल

**जिला अस्पताल में युवक की हालत नाजुक बनी हुई है**

**दबंग पिता को भी दे रहे हैं जान मारने की धमकीं**

**मथुरा-** जनपद में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है एक युवक को दबंगों ने कुल्हाड़ी मारकर किया गम्भीर रूप से घायल, पुलिस ने अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है मिली जानकारी के अनुसार थाना हाईवे के अंतर्गत पन्ना पोखर चौकी क्षेत्र में श्रीपाल सिंह निवासी शिवपुरी कॉलोनी के बेटा नीरज को कॉलोनी के ही रहने वाले राजेंद्र पुत्र विजय ने अपने साथ अन्य तीन लोगों को साथ लेकर घर में घुसकर लाठी डंडों से मारते हुए कुल्हाड़ी मारकर गंभीर घायल कर दिया और नीरज को पकडकर सड़क पर डाल दिया बड़ी मुश्किल से एक पड़ोसी और राहगीरों ने बचाया।

राजेंद्र अपनी साथियों के साथ इसके पिता को भी देख लेंगे धमकी देते हुए भाग गया, नीरज के सिर में चोट लगने के कारण बेहोश हो गया होस में आने पर उसने बताया कि मेरे घर के सामने यह लोग एक आदमी को मार रहे थे मैंने उसका बीच बचाव किया तो इसलिए मेरा यह हाल कर दिया है। पीड़ित के पिता श्रीपाल को सूचना मिली तुरंत घर पहुंचा 112 बुलाकर अपने बेटे को थाने ले गया और जिला अस्पताल में भर्ती करादिया।



नीरज घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती

पिता ने बताया में अपनी तहरीर लेकर थाने गया तो पुलिस ने जांच कर मुकदमा लिखने को कहा।

### साढ़े सत्ताईस किलो गांजे के साथ 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**अलीगढ़।** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना इगलास पुलिस व क्रिमिनल इंटैलिजेन्स विंग ग्रामीण क्षेत्र की संयुक्त टीम द्वारा गांजा की तस्करी करने वाले शातिर जनपद मथुरा से 25 हजार रुपये का शातिर ईनामिया सहित दो आरापियों को मय 27 किलो 510 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये गांजा तस्करों पर दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकद्दमें पंजीकृत हैं। इगलास पुलिस व क्रिमिनल इंटैलिजेन्स विंग ग्रामीण क्षेत्र की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान हरीशचन्द्र पुत्र बृजकिशोर निवासी ग्राम कांका थाना इगलास, कोमल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कांका थाना इगलास को डबल नहर पीली कोठी के सामने से मय 27 किलो 510 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद नाजायज गांजा के सम्बन्ध में थाना इगलास पर एनडीपीएस एक्ट बनाम हरीशचन्द्र पुत्र बृजकिशोर निवासी ग्राम कांका थाना इगलास, कोमल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कांका थाना इगलास में मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है।

## युवक को 10 लाख रुपए कमीशन न देने पर बेरहमी से पिटाई आरोपी गिरफतार

स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल** के बुढ़ार में युवक लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा को 10 लाख की कमीशन राशि न देने पर दो लोगों ने बेरहमी से पीटा। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, दूसरे की तलाश जारी है। मामला दर्ज कर जांच जारी है। शहडोल जिले के बुढ़ार में भूमि की खरीदी बिक्री के मामले में एक युवक को 10 लाख रुपए का कमीशन न देने की वजह से जघन्य तरीके से पीटने का मामला सामने आया है। युवक की गंभीर हालत के मद्देनजर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी चिकित्सा चल रही है।

पुलिस के अनुसार, घटना तीन दिन पहले की है जब लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा नामक युवक के पास प्रकाश पाठक और लच्छू लोधी, दोनों निवासी बुढ़ार, अपनी कार से पहुंचे। उन्होंने लक्ष्मीकांत पर 10 लाख रुपए का कमीशन मांगते हुए गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों ने लक्ष्मीकांत को अपनी कार में बिठाकर ले जाने के बाद पहले तहसील के पास और फिर रुगंठा तिराहा के पास बेरहमी से पीटा और भाग गए। घटना के समय कुछ राहगीरों ने लक्ष्मीकांत की स्थिति को देखकर उसकी मदद की और उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बुढ़ार पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में प्रकाश पाठक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि लच्छू लोधी की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस ने कहा, हम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हम सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## सत्ता की आड़ में चल रहा जुगाड़रू जनपद सदस्य रहते हुए भी मैडम कर रही अतिथि शिक्षक की चाकरी


● जनजातीय कार्य विभाग और चुनाव आयोग को रखा धोखे में..!

स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल-** वर्तमान परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी के नेता अपने हिसाब-किताब से तलाक को तोड़-मरोड़ कर लागू करने का प्रयास करते हुए एक दिन देखने मिल रहे हैं। खैर, सत्ता और सरकार है तो गुरु भी लाजिमी है। ऐसा ही एक ताजा मामला सामने आया है, जहां एक स्टूडेंट को गेस्ट टीचर पद का लाभ भी मिल चुका है। विचारणीय है कि, इस विषय की जानकारी होती हुई भी विद्यालय कार्यशाला सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी मूकदर्शक बने रहे और कोई ठोस कार्रवाई को परिणित न कर सके? त्रिपुरा, यह पूरा मामला जिले के जिला पंचायत कार्यालय बुधाधार का है। इस गंभीर मामले की शिकायत डॉक्टर से की गई है। आम आदमी सुनील मिश्रा मामले में पुलिस की मौजूदगी में वकील जाने की मांग करते हुए दोषी पाए जाने पर पुलिस ने इंजीनियर की भी मांग रखी है। अब देखिएगा कि, इस पूरे मामले में कब और कैसे जांच होगी? वहीं दोषी ठहराए जाने पर संबंधित जन किस प्रकार के दंड से वसूली होगी?

आरोपियों ने लगाया आरोप, जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 6 से सामिल सदस्य सामिरा मिश्रा ने लगाया ये धोखा। वह जिले के सदस्य बने हुए हैं, चिड़ियाघर हाई स्कूल खैरहनी में अतिथि शिक्षक के पद पर भी कर्मचारी हैं? जन जातीय कार्य विभाग जिसमें चुनाव आयोग को शामिल किया गया है, में श्रीमती मिश्रा डबल लाभ प्राप्त कर रही हैं, जो निश्चित रूप से अपराध की श्रेणी में आता है। बताया गया है कि, उक्त जिले के सदस्य के पति भी भाजपा के नेता हैं, उनके यहां इस मामले की अनदेखी की जा रही है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि, अतिथि शिक्षक के निवास के दौरान कई बार सोनिया मिश्रा जिले की बैठकों में शामिल हुई। साथ ही उन्होंने अतिथि शिक्षक की उपस्थिति में भी विद्यालय में प्रवेश किया है। उन्होंने इस बात का विरोध किया कि दोनों ने अपने बैंक में एक ही नोट प्राप्त कर रखा है। जिस प्रकार से दोहरा लाभ लिया जा रहा है, कहीं न कहीं किसी एक वास्तविक शीर्षक के हक का हनन भी हुआ है। मेन्स एवं उलाइन मामले की शिकायत स्कूल शिक्षा विभाग के सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी की गई है। प्रस्ताव, शिकायत होने की सत्यता जांच के बाद ही सामने आई पहचान और सच साबित करने वाली कार्रवाई भी देखने योग्य होगी! वहीं इस मामले में उद्यमिता की धारा के तहत रसायन विज्ञान प्रकरण के तहत अपराधिक प्रकरण का पंचीकरण किया जा सकता है। इस प्रकार की धोखाधड़ी के लिए भारतीय दंड विधान 420, जो अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318, उपलब्ध है, उपलब्ध है। बताया गया है कि, एक व्यक्ति दो तीर्थस्थलों में शामिल हो सकता है, राजीज मासिक पुस्तकालय के रूप में शासन नहीं ले सकता है।

## सिद्धार्थनगर में स्वर्ण व्यावसायी के घर से 20 लाख के जेवरात व डेढ़ लाख नकदी चोरी





स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिजौरा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित बेलवा दरिया बख्श गांव में एक घर से चोरों ने लगभग 20 लाख रुपए के सोने के बने आभूषण व चांदी तथा एक डेढ़ लाख नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित रामानंद सोनी पुत्र भानु सोनी बलरामपुर जिले के कठेर गांव में सोने चांदी के आभूषण की दुकान चलता हैं,घर पर भी दुकान चलती है। वह बुधवार की देर रात डुमरियागंज से कुछ आभूषण लेकर देर रात अपने घर आए।उसके बाद भोजन पानी करने बाद सो गए।भोर में तीन बजे उनके भाई आनंद उठे तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है,उन्होंने अपने भाई रामानन्द को आवाज दी वह उठे,लेकिन उनके भी कमरे का दरवाजा बंद था।किसी तरह आंनद ने दरवाजा अपना दरवाजा जोर देकर खोला, और बाहर आकर देखा तो होश उड़ गया।

आलमारी,संदूक व तिजोरी का ताला टूटा हुआ था।इस दौरान लगभग 150 ग्राम सोना से निर्मित पत्नी के आभूषण ,100 ग्राम दुकान का आभूषण व 4 किलो सहित डेढ़ नकदी लेकर फरार हो गये। सुबह पुलिस इसकी सूचना दी।मौके पर पहुची पुलिस छानबीन में जुटी रही,मौके पर सीओ डुमरियागंज व फोरेंसिक टीम भी पहुच गयी।उन्होंने जरूरी साक्ष्य लिए व गहनता से पूछताछ में लगे रहे।थानाध्यक्ष विपिन सिंह राठौर ने बताया कि तहरीर मिली है,उसी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाई की जा रही है और शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश हो जाएगा।

### मजार पर नित्य क्रिया करने से पनपा आक्रोश



अलीगढ़। थाना अकराबाद क्षेत्र के नानऊ पैंठ मैदान में किसान नेता ने शराब पीकर मजार पर नित्य क्रिया कर धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुये भड़काने का कार्य किया है। किसान नेता के इस कृत्य से विशेष समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बादस्थानीय पुलिस हरकत में आ गई है और मामले की जांच करते हुये दोषी किसान नेता की तलाश कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष का शराब पीकर मजार पर नित्य क्रिया करते हुए का वीडियो वायरल हो रहा हैं। किसान नेता द्वारा मजार पर नित्य क्रिया करने पर समुदाय विशेष के लोगों में रोष व्याप्त है। किसान नेता द्वारा मजार पर नित्य क्रिया कर इलाके का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है।

## माया टीला हादसे के मुख्य आरोपी सुनील चैन पर लगाई रासुका

● माया टीला खुदाई प्रकरण में की गई बडी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** गोविन्दनगर क्षेत्र में 15 जून को माया टीला की अवैध खुदाई मे मकान ढह जाने के कारण मलवे मे दबकर एक व्यक्ति और दो बच्चो की मृत्यु हो गई थी। घटना से सम्बन्धित जिला कारागार में निरुद्ध अभियुक्त और घटना के मुख्य आरोपी के विरूद्ध थाना गोविन्द नगर पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। कई लोग बेघर हो गये थे तथा माया टीला के निवासियों में भय व्याप्त हो गया था एवं लोग आक्रोशित हो गये थे, लोक व्यवस्था पूर्णतः छिन्न भिन्न हो गयी थी जिसे सुचारू रुप से चलाने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा काफी मशक्कत की गयी थी। इस सम्बन्ध मे थाना गोविन्दनगर पर धारा 105 बीएनएस बनाम सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन पुत्र बीडी गुप्ता निवासी गली कानूनगो मण्डी रामदास थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा व उसके अन्य साथियो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त व मुख्य आरोपी सुनील गुप्ता के विरुद्ध 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। फरार चल रहे अभियुक्त्स सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन को थाना गोविन्दनगर पुलिस ने 17 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियुक्त सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन वर्तमान में जिला कारागार मथुरा में निरुद्ध है जो जमानत पर छूटने के लिये भरसक प्रयास कर रहा था। इसके जमानत पर रिहा होने से लोक व्यवस्था पुनः छिन्न भिन्न होने की पूर्ण सम्भावना व गवाहों को डराने धमकाने व साक्ष्यों को प्रभावित करने की प्रबल संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जैसा कि यह पूर्व में भी करता रहा है। इसके विरूद्ध पूर्व मे भी कई अभियोग पंजीकृत है। लोक व्यवस्था के प्रतिकूल कार्यवाहियो को रोकने के उद्देश्य से जनहित मे प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्दनगर द्वारा दो जुलाई को सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) की कार्यवाही की गयी है।



**सुनील चैन का आरापाधिक रिकार्ड**

वर्ष 2025 में धारा 105 बीएनएस के तहत थाना गोविन्दनगर पर अभियोग पंजीकृत हुआ। 2024 में धारा 120बी, 307, 323, 420, 467, 468, 471, 504, 506 आईपीसी में थाना गोवर्धन पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वर्ष 2018 में धारा 302, 201, 120 बी आईपीसी में थाना सुरीर पर अभियोग दर्ज हुआ था। वर्ष 2019 में धारा 363, 366 आईपीसी व पोक्सो एक्ट में थाना गोविन्दनगर मुकदमा दर्ज हुआ था। चैन के खिलाफ वर्ष 2020 में धारा 323, 324, 504, 506, 336, 34 आईपीसी में थाना गोविन्दनगर पर रिपोर्ट लिखी गई थी।

**वर्जन-** माया टीला धंसने से तीन निर्दोषों की जान गई थी। उस घटना के कारण समूचे मथुरा जनपद में आम नागरिकों में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया था जिसके चलते 55 वर्षीय अभियुक्त सुनील चैन पुत्र बीडी गुप्ता निवासी गली कानूनगो मंडी रामदास पर रासुका लगाने की कार्रवाई की गई है।- सीपी सिंह, जिलाधिकारी मथुरा

**वर्जन-** रासुका लगाने की कार्रवाई की सूचना न्यायालय और जेल प्रशासन को दे दी गई है। इस घटना में फरार आरोपी कन्नू अग्रवाल के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। जिला जेल में रासुका के आदेश की एक प्रति सुनील चैन को पढ़कर सुनाई गयी और उपलब्ध भी कराई गयी है। - श्लोक कुमार, एसएसपी मथुरा